आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 110 ● नई दिल्ली, मंगलवार, 25 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737

3 मणिपुर की घटना को लेकर जदयू महिला प्रकोष्ठ नें किया ...

ख़ास ख़बर

एक उंगली मणिपुर पर उठेगी तो कई उंगलियां कांग्रेस शासित प्रदेशों पर भी उठेंगी: भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने मणिपुर हिंसा पर संसद में चर्चा से भागने का विपक्ष पर सोमवार को आरोप लगाते हुए दावा किया कि उसे डर है कि यदि उंगली पूर्वोत्तर के हिंसाग्रस्त राज्य पर उठेगी तो कई उंगलियां कांग्रेस शासित प्रदेशों पर भी उठेंगी।भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने यह बात कही। भाजपा नेता ने एक सवाल के जवाब में कहा, मणिपुर पर निश्चित रूप से चर्चा होनी चाहिए। वह (विपक्ष) भाग इसलिए रहा है क्योंकि मणिपुर पर जब चर्चा होगी तो एक उंगली मणिपुर पर उठेगी और तीन उंगलियां राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मप्र की तरफ भी उठेगी।

असम में लोस, विस परिसीमन क्वायद पर रोक लगाने की नहीं मिली मंजूरी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग द्वारा असम में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की मौजूदा परिसीमन क्वायद पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया और केंद्र तथा निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-आठ(ए) की संवैधानिक वैधता पर गौर करने के लिए सहमत हुई, जो निर्वाचन आयोग को निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का अधिकार देती है। शीर्ष अदालत ने याचिकाओं पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से तीन सप्ताह में जवाब भी मांगा तथा कहा कि याचिकाकर्ता इसके बाद अगले दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं।

संजय सिंह निलंबित संसद परिसर में पूरी रात 'इंडिया' के नेताओं का धरना

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के नेता मणिपुर के विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के निलंबन के खिलाफ सोमवार को संसद परिसर में धरने पर बैठ गए। इंडिया के घटक दलों का कहना है कि उनके नेताओं का यह धरना पूरी रात चला। विपक्षी नेताओं का यह धरना सोमवार को दिन के समय शुरू हुआ। वरिष्ठ विपक्षी नेताओं ने बताया कि यह धरना मंगलवार को भी होगा। संजय सिंह को सोमवार को उच्च सदन में हंगामा और आसन के निर्देशों का उल्लंघन करने को लेकर वर्तमान मानसून सत्र की शेष अवधि तक के लिए निलंबित कर दिया गया।सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रश्नकाल में सिंह को निलंबित करने की घोषणा की।

'ओल्ड रेलवे ब्रिज' रेल यातायात के लिए बंद

यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर

एजेंसी/ नई दिल्ली

यमुना नदी का जलस्तर सोमवार सुबह खतरे से निशान 205.33 मीटर से एक मीटर से अधिक ऊपर रहा, जिसके कारण प्राधिकारियों ने 'ओल्ड रेलवे ब्रिज' (ओआरबी) पर रेलगाड़ियों का आवागमन रोक दिया। ओआरबी पर नदी का जलस्तर 13 जुलाई को 208.66 मीटर के अब तक के सर्वाधिक ऊंचे स्तर पर पहुंचने के बाद कुछ दिन से खतरे के निशान के आस-पास है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के बाद हथिनीकुंड बैराज से नदी में पानी छोड़े जाने के बाद यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया था। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि ओआरबी पर रेलगाड़ियों का परिचालन यमुना के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा, ''दिल्ली और शाहदरा के बीच मार्ग बंद रहेगा और रेलगाड़ियों को नयी दिल्ली के रास्ते भेजा जाएगा।'' अधिकारियों के मुताबिक, नदी के जलस्तर में वृद्धि से राष्ट्रीय राजधानी के बाढ़ प्रभावित निचले इलाकों में राहत एवं पुनर्वास के काम पर असर पड़ सकता है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के आंकड़ों के अनुसार, यमुना का जलस्तर शनिवार रात 10 बजे 205.02 मीटर से बढ़कर रविवार देर रात तीन बजे 206.57 मीटर पर पहुंच गया।, जिसके बाद इसमें गिरावट आने लगी। आंकड़ों के मुताबिक, जलस्तर सोमवार सुबह आठ बजे 206.54 मीटर दर्ज किया गया, जिसके अपराह्न दो बजे तक गिरकर 206.42 मीटर पहुंचने की संभावना है।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 25 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक, यमुनानगर स्थित हथिनीकुंड बैराज में जल प्रवाह की दर शनिवार सुबह नौ बजे एक लाख के आंकड़े के पार चली गई और सुबह 10 बजे से शाम चार बजे के बीच दो लाख से 2.5 लाख क्यूसेक के बीच रही। दिल्ली सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के ऊपरी हिस्सों में भारी बारिश से निचले इलाकों में प्रभावित परिवारों के पुनर्वास पर असर पड़ेगा और उन्हें लंबे समय तक राहत शिविरों में रहना पड़ सकता है। इससे शहर में जल आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है, जो वजीराबाद पंप हाउस में बाढ़ के कारण चार-पांच दिन तक प्रभावित रही थी।

लोकसभा

सरकार मणिपुर पर चर्चा को तैयार: अमित शाह

एजेंसी/मणिपुर

मणिपुर हिंसा को लेकर राजनीति जबरदस्त तरीके से जारी है। संसद में विपक्षी दल इस पर हंगामा मचा रहे हैं। विपक्षी दलों के शोर-शराबे की वजह से संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। लोकसभा में भी आज जबरदस्त हंगामा हुआ। हालांकि, गृह मंत्री अमित शाह ने साफ तौर पर कहा है कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। लेकिन विपक्ष का हंगामा बरकरार रहने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11ः00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। संसद के मानसून सत्र का आज तीसरा दिन है। हालांकि तीनों दिन मणिपुर हिंसा को लेकर हंगामा जारी रहा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं इस पर सदन में चर्चा के लिए तैयार हूं। मैं विपक्ष से अनुरोध करता हूं कि इस मुद्दे पर चर्चा होने दें। यह जरूरी है कि देश को इस संवेदनशील मामले की सच्चाई पता चले। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि विपक्ष संसद में चर्चा क्यों नहीं होने दे रहा। लोकसभा में सदन के उपनेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा कि मणिपुर जैसी घटना के प्रति जो चर्चा होनी चाहिए, उसके लिए प्रतिपक्ष गंभीर नहीं है। वहीं, संसदीय कार्य

मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री इस विषय पर पहले ही अपनी पीड़ा व्यक्त कर चुके हैं, सदन के उपनेता राजनाथ सिंह जी कह चुके हैं कि सरकार चर्चा को तैयार है। उन्होंने कहा कि जब सरकार तैयार है तो वे (विपक्ष) चर्चा से क्यों भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के अनेक सदस्यों ने चर्चा कराने का आग्रह किया है लेकिन विपक्ष चर्चा करना नहीं चाहता।

लोकसभा स्थगित

मणिपुर के मुद्दे पर सोमवार को लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न करीब दो बजकर 35 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में हंगामे के बीच 'राष्ट्रीय परिचर्या और प्रसूति विद्या आयोग विधेयक, 2023' पेश किया जिसमें परिचर्या और प्रसूति विद्या पेशेवरों (नर्सिंग एवं मिडवाइफरी) संबंधी शिक्षा एवं सेवा मानकों के विनियमन, संस्थाओं के मूल्यांकन तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय रजिस्टर के रख-रखाव का उपबंध किया गया है। लोकसभा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने 'राष्ट्रीय परिचर्या और प्रसूति विद्या आयोग विधेयक, 2023' पेश किया।

धनखड़ ने सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ बैठक की

मणिपुर में हिंसा मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण लगातार तीसरे दिन राज्यसभा की कार्यवाही बाधित रहने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को सदन में सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई और सुचारू कार्यवाही के लिए उनसे सहयोग की अपील की।इस बैठक में कांग्रेस के जयराम रमेश, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के के. केशव राव, बीजू जनता दल (बीजद) के सस्मित पात्रा, आम आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा, सदन के नेता पीयूष गोयल और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी सहित कई नेता शामिल हुए।उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक ट्वीट में कहा कि धनखड़ ने सदन में सुचारू कामकाज के लिए उनसे सहयोग मांगा। उच्च सदन में सोमवार को मणिपुर मुद्दे और आप सांसद संजय सिंह के निलंबन को लेकर हंगामा हुआ। आसन के निर्देशों का बार-बार उल्लंघन करने को लेकर आप सदस्य संजय सिंह को निलंबित कर दिया गया।



बेंगलुरु में नीतीश कुमार का मजाक उड़ाने वाले लगे पोस्टर

एजेंसी/बेंगलुरु

विपक्षी दलों की बैठक के लिए 18 जुलाई को बेंगलुरु की यात्रा के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मजाक उड़ाने वाले पोस्टर लगाने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। श्रीराम, मोहन और नंदकुमार के रूप में पहचाने गए आरोपियों को बेंगलुरु की सड़कों पर नीतीश कुमार पर अपमानजनक सामग्री वाले पोस्टर चिपकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मोहन और श्रीराम भाजपा कार्यकर्ता हैं। आरोपियों द्वारा नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए उन्हें अस्थिर प्रधानमंत्री पद का दावेदार बताते हुए पोस्टर शहर में लगाए गए थे। जबकि श्रीराम ने पोस्टर प्रकाशित करने के लिए पैसे का भुगतान किया, नंदकुमार की प्रिंटिंग प्रेस का उपयोग सामग्री को मुद्रित करने और पोस्ट करने के लिए किया गया था। फिर पोस्टरों को मोहन के स्वामित्व वाले एक मिनी-टेम्पो में ले जाया गया, जिसने उन्हें शहर भर में प्रदर्शित करने में सहायता की। तीनों बंदी शेषाद्रिपुरम के रहने वाले हैं। 18 जुलाई को विपक्षी दलों की बैठक से पहले बेंगलुरु के एक प्रमुख ट्रैफिक जंक्शन पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके राज्य में सुल्तानगंज पुल ढहने के लिए दोषी ठहराने वाले पोस्टर सामने आए। पोस्टरों में से एक में लिखा है- बिहार सरकार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का स्वागत है। सुल्तानगंज पुल, बिहार को नीतीश कुमार का उपहार है जो टूट रहा है। जबकि बिहार में पुल उनके शासनकाल का सामना नहीं कर सकते हैं, विपक्षी पार्टी अभियान का नेतृत्व करने के लिए उन पर भरोसा करें। एक अन्य पोस्टर में कहा गया है- अस्थिर प्रधानमंत्री पद के दावेदार। बेंगलुरु ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए रेड कार्पेट बिछाया है। सुल्तानगंज पुल ढहने की पहली तारीख - अप्रैल 2022। सुल्तानगंज पुल ढहने की दूसरी तारीख - जून 2023।

ट्विटर की नीली चिड़िया उड़ी, 'एक्स' बना नया लोगो

एजेंसी/ नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर को नया 'लोगो' मिल गया है। अब नीली चिड़िया की जगह काले-सफेद रंग के 'एक्स' ने ले ली है। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने इसकी घोषणा की। उन्होंने पिछले साल 44 अरब डॉलर में ट्विटर को खरीदा था। इसके बाद उन्होंने साइट में कई बदलाव किए हैं। मस्क ने सोमवार को अपने ट्विटर अकाउंट का 'लोगो' बदल दिया। ट्विटर के डेस्कटॉप वर्जन पर बदला हुआ लोगो दिखने लगा है,



लेकिन फोन ऐप पर अब भी चिड़िया ही दिखाई दे रही है। मस्क ने अपने प्रशंसकों से लोगो के बारे में सुझाव देने और एक लोगो चुनने के लिए कहा था। उन्होंने रविवार देर रात ट्वीट करके बताया था कि वह 'लोगो' में बदलाव सोमवार को ही करना चाहते हैं।

कमेड़ा में 100 मीटर सड़क बही

बदरीनाथ राजमार्ग दो-तीन दिन के लिए बंद

एजेंसी/ देहरादून/गोपश्वर

उत्तराखंड के चमोली जिले में गौचर के पास कमेड़ा में सोमवार को भारी बारिश के बाद हुए जबरदस्त भूस्खलन से ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग का लगभग 100 मीटर हिस्सा बह गया और उस पर यातायात दो-तीन दिन के लिए अवरुद्ध हो गया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि यह मार्ग बदरीनाथ धाम को जाने वाले तीर्थयात्रियों और वाहनों के लिए दो से तीन दिन तक बाधित रहेगा। इस संबंध में तीर्थयात्रियों सहित सभी आमजन

को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हुए सूत्रों ने बताया कि मार्ग को जल्द से जल्द बहाल करने के वास्ते संबंधित विभाग एवं एजेंसियां युद्धस्तर पर काम कर रही हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह भारी बारिश के कारण गौचर भट्टनगर में भी एक पुश्ता टूट गया, जिससे सड़क किनारे खड़े पांच वाहन मलबे में दब गए। उधर, तीन दिन पहले भूस्खलन के कारण सड़क धंसने से गैरसैंण के पास कालीमाठी में अवरुद्ध हुआ कर्णप्रयाग-नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग भी अभी तक नहीं खुल पाया है। इसके अलावा, नंदप्रयाग और छिनका में भी बोल्डर गिरने के कारण यातायात अवरुद्ध है। बारिश के कारण भूधंसाव ग्रस्त जोशीमठ के सिंहधार वार्ड में दैनिक विहार त्रिदंडी आश्रम की दीवार ढह गई।

राजेंद्र गुढ़ा ने कांग्रेस विधायकों पर मारपीट का लगाया आरोप

कहा- मैं अपनी लड़ाई खुद लड़ूंगा

एजेंसी/राजस्थान

अशोक गहलोत कैबिनेट में मंत्री पद से हटाए जाने के बाद आज कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह गुढ़ा को राजस्थान विधानसभा में प्रवेश नहीं करने दिया गया। राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने अपने आरोप में दावा किया कि लगभग 50 लोगों ने मुझ पर हमला किया, मुझे मुक्का मारा, लात मारी और कांग्रेस नेताओं ने मुझे विधानसभा से बाहर खींच लिया। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष ने मुझे बोलने तक नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर आरोप लगे कि मैं बीजेपी के साथ हूं। मैं जानना चाहता हूं कि मेरी गलती क्या है? पत्रकारों से बात करते हुए राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने साथ तौर पर कहा कि मैं माफी क्यों मांगूंगा, मेरी गलती क्या थी। मैंने कुछ गलत नहीं कहा, प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। मैं सदन में जवाब दूंगा। हमें बोलने नहीं दिया गया लेकिन अब मैं आजाद हूं। उन्होंने कहा कि जो भी खतरा है चाहे सदस्यता का हो या फिर मुकदमे का, मुझे जेल में डालने का भी खतरा है। मैं संघर्ष करूंगा। मैं प्रदेश की मां-बेटियों की रक्षा के लिए अवाज उठाऊंगा। राजेंद्र गुढ़ा लाल डायरी

लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि लाल डायरी में गहलोत सरकार के कारनामे लिखे हैं। उन्होंने सरकार पर कई बड़ा आरोप भी लगाए। आपको बता दें कि राजस्थान में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अपनी ही सरकार से सवाल करने पर राजेंद्र सिंह गुढ़ा को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया था। राजेंद्र सिंह गुढ़ा का एक वीडियो शुक्रवार को जबरदस्त तरीके से वायरल हुआ था जिसमें वह विधानसभा में यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि हम प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मणिपुर की बजाय हमें अपने अंदर झांकने की कोशिश करनी चाहिए। बयान के वायरल होने के कुछ ही देर बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने मंत्रिमंडल से उसे बर्खास्त करने की सिफारिश कर दी थी।

निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को आदेश दिया कि वह अपना आदेश एएसआई को बताएं

सुप्रीम कोर्ट ने 26 जुलाई तक ज्ञानवापी परिसर में एएसआई के सर्वे पर रोक लगाई

एजेंसी/ वाराणसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में 26 जुलाई तक कोई भी सर्वेक्षण नहीं करने का आदेश दिया और मुस्लिम याचिकाकर्ताओं को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया। मस्जिद प्रबंधन समिति के मुस्लिम याचिकाकर्ताओं द्वारा एक याचिका दायर करने के बाद यह

घटनाक्रम सामने आया, जिसमें मस्जिद के एएसआई सर्वेक्षण के लिए वाराणसी जिला अदालत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी कि क्या यह पहले से मौजूद मंदिर पर बनाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को आदेश दिया कि वह अपना आदेश एएसआई को बताएं, जिसने आज मस्जिद परिसर में सर्वेक्षण करने के लिए 30 सदस्यीय टीम भेजी थी। जिला जज का आदेश मानते हुए एएसआई की टीम ज्ञानवापी का सर्वे करने पहुंची थी। एएसआई ने सर्वे के लिए चार टीमें बनाई थीं। चारों टीमें अलग अलग जगह पर सर्वे करने पहुंची थीं। ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुज़ेफ़ा अहमदी ने कहा कि संरचना के परिसर पर एएसआई सर्वेक्षण के संबंध में जिला अदालत के आदेश पर रोक लगायी जानी चाहिए। ज्ञानवापी समिति ने भारत पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को दिए गए मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने संबंधी वाराणसी की अदालत के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। ज्ञानवापी समिति ने उच्चतम न्यायालय से वाराणसी की एक अदालत के उस आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया, जिसमें एएसआई को यह पता लगाने के लिए वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया है कि मस्जिद का निर्माण मंदिर पर किया गया था या नहीं। एएसआई ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि मस्जिद स्थल पर उसके द्वारा तोड़-फोड़ का कोई कार्य या खुदाई नहीं की जा रही है। सॉलिसिटर जनरल ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि एएसआई मस्जिद स्थल पर फोटोग्राफी और रडार इमेजिंग का कार्य कर रहा है, वर्तमान में कोई 'तोड़फोड़' या खुदाई नहीं की जा रही।

ख़ास ख़बर

स्नातक प्रथम खंड परीक्षा का केंद्राधीक्षक एवं संयुक्त केंद्राधीक्षक ने लिया जायजा

उदाकिशुनगंज ।उदाकिशुनगंज अनुमंडल मुख्यालय के यू भी के इंटर कॉलेज में आयोजित स्नातक प्रथम खंड 2023 की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हुई। प्रथम पाली में जहां ग्रुप ए में इतिहास, दर्शनशास्त्र,संगीत प्राचीन इतिहास की परीक्षा हुई वही दूसरी पाली में हिंदी,अंग्रेजी,संस्कृत,उर्दू, अर्थशास्त्र की परीक्षा आयोजित हुई। केंद्राधीक्षक शंकर मिश्र एवं संयुक्त केंद्राधीक्षक सुनीता झा ने गहनता से सभी छात्र छात्रा की जांच की वही सभी वीक्षक को निर्देश भी दिए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. चंद्र शेखर मिश्रा तथा सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. सिप्पू कुमार ने बताया की प्रथम दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई तथा परीक्षा समाप्ति उपरांत खैरियत तथा उपस्थिति मेमो परीक्षा नियंत्रक महोदय को भेज दिया गया है। वीक्षक के रूप में प्रियंका पूजा, भारती,संध्या सुमन, परितोष कुमार झा, अनिल कुमार,रूपेश यादव, अभिषेक,मुकेश, आशुतोष अंजन, मिथिलेश कुमार, मीना देवी,प्रवेश कुमार, मिट्ठू कुमार मौके पे मौजूद रहे।

जिले में तीन चरणों में आयोजित होगा मिशन इंद्रधनुष, 7 से 12 अगस्त के बीच पहला चरण

अररिया। जिले में मिशन इंद्रधनुष का पहला चरण आगामी 07 से 12 अगस्त के बीच संचालित किया जायेगा। पांच साल तक के बच्चे व गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित अभियान की सफलता को लेकर जिले में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

इसे लेकर संबंधित कर्मियों के प्रशिक्षण का दौर लगभग संपन्न हो चुका है। फिलहाल टीकाकरण से वंचित बच्चे व गर्भवती महिलाओं का सर्वे किया ज रहा है। इसके उपरांत ड्यू ड्यू लिस्ट तैयार कर निर्धारित माइक्रोप्लान के आधार पर वंचितों को टीकाकृत किया जाना है।

संबंधित कर्मियों को दिया गया है जरूरी प्रशिक्षण-जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि अभियान की सफलता को लेकर संबंधित कर्मियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। अब तक निर्धारित लक्ष्य 775 की तुलना में 693 एएनएम, 2572 की तुलना में 1853 आशा कार्यकर्ता, 119 की तुलना में 118 आशा फैसिलिटेटर, 2729 की तुलना में 1673 आंगनबाड़ी सेविका को जरूरी प्रशिक्षण दिया गया है। संबंधित विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बीएलटीएफ की बैठक सभी प्रखंडों में संपन्न हो चुकी है। अभियान का पहला चक्र आगामी 07 से 12 अगस्त के बीच संचालित होगा। इसके बाद 11 से 16 सितंबर के बीच अभियान का दूसरा चक्र व तीसरा व अंतिम चक्र 09 से 14 अक्टूबर के बीच संचालित होने की जानकारी उन्होंने दी।

जीविका दीदी व सेविकाओं की भूमिका अहम-सेविका व सहायिका टीकाकरण बच्चों के हेड काउंट सर्वे, ड्यूलिस्ट तैयार करने व टीकाकरण को लेकर समय पर माइक्रोप्लान तैयार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। डीआईओ डॉ मोईज ने बताया कि जीविका दीदी अपने संबंधित क्षेत्र में गर्भवती महिला व दो से पांच साल तक के बच्चों के हेड कांउट सर्वे में आंगनबाड़ी सेविकाओं को समुचित सहयोग प्रदान करेगी। वहीं कम आच्छादन वाले क्षेत्र व टीकाकरण को लेकर किसी तरह के पूर्वाग्रह से ग्रसित इलाकों में टीकाकरण के लिये लाभुकों को प्रेरित करने के साथ-साथ उनका टीकाकरण सुनिश्चित कराने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।

कम आच्छादन व दुर्गम इलाकों पर होगा विशेष ध्यान-सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम की सफलता महत्वपूर्ण है। टीकाकरण गर्भवती महिलाएं व दो वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिहाज से जरूरी है। अभियान के क्रम में नियमित टीकाकरण मामले में कम आच्छादन वाले क्षेत्र, दुर्गम इलाके व ईट भट्ठा व निर्माण कार्य में संलग्न मजदूर, प्रवासी व खानाबदोश परिवार के बसावट वाले इलाकों में शत प्रतिशत टीकाकरण को लेकर विशेष पहल किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।

मुहर्रम पर्व को लेकर विधि व्यवस्था संधारण हेतु अररिया डीएम ने की ब्रीफिंग बैठक

अररिया। जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान एवं पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर ब्रीफिंग बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मुहर्रम पर्व संपन्न करने के लिए अधिकारियों को विशेष रूप से अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील स्थलों पर संयुक्त आदेश द्वारा दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति गई है। बैठक में बताया गया कि मुहर्रम पर्व इस वर्ष दिनांक 29 जुलाई 2023 को मनाये जाने की सूचना है। जिले में मोहर्रम पर्व के अवसर पर ताजिया जुलूस निकालने की परंपरा रही है जिसमें असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों द्वारा उपद्रव करने की संभावना बनी रहती है। इसलिए सभी चिन्हित संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी एवं सतर्कता आवश्यक है। जिलाधिकारी द्वारा थानावार चिन्हित संवेदनशील स्थलों के लिए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध ससमय निरोधात्मक कार्रवाई एवं बंध पत्र करवाते हुए निरोधात्मक कार्रवाई संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जुलूस निकालने के लिए अनुज्ञप्ति लेना आवश्यक है, जिसका अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

साथ ही जुलूस मार्ग का संबंधित थानाध्यक्ष एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया। बैठक को पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

बैठक में बताया गया कि जिला संयुक्त आदेश द्वारा गश्ती दल सहित अररिया अनुमंडल में कुल 114 तथा फारबिसगंज अनुमंडल में कुल 125 स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त विशेष दंडाधिकारी सह वरीय प्रभारी प्रखंड/थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतिनियुक्त किए गए हैं। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति दिनांक 28.07.2023 के अपहरण से 30.07.2023 तक के लिए की गई है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी/ सशस्त्र बल को अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर दिनांक 28.07.2023 के अपहरण में निश्चित रूप से योगदान देने का निर्देश है। वहीं जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06453-222309 कार्यरत रहेगा। इसके अतिरिक्त अनुमंडल नियंत्रण कक्ष 06453-222070 एवं फारबिसगंज अनुमंडल नियंत्रण कक्ष 06455-295202 पर कार्यरत रहेगा। उक्त हेतु जिला नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारी एवं कर्मियों की तीन पाली में रोस्टरवार प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके वरीय प्रभार में श्री देवेंद्र प्रताप शाही, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया तथा प्रभारी पदाधिकारी के रूप में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अररिया रहेंगे। विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार में अपर समाहर्ता, अररिया, श्री राजमोहन झा रहेंगे। बैठक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

वीमेंस कॉलेज मधेपुरा में सोमवार को एन एस एस की प्रथम एवं द्वितीय ईकाई की ओर से सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री डा. रमेश ऋषिदेव, वीसी डा.अशोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया

मधेपुरा।मधेपुरा के कौशल्या ग्राम स्थित वीमेंस कॉलेज सभागार में आज सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत कॉलेज की प्रथम एवं द्वितीय ईकाई की ओर से सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया गया।शिविर 24 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा।शिविर की शुरूआत शहर से सटे साहूगढ़ पंचायत -2 अंतर्गत भाटु टोला से की जाएगी।शिविर का शुभारंभ बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रमेश ऋषिदेव, श्री कृष्ण विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज के कुलपति डा. अशोक कुमार, बीएन मंडल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्यक डा. अभय कुमार,मधेपुरा कॉलेज की प्राचार्या डा. पूनम यादव, राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष जयकांत यादव, जदयू के महासचिव प्रो. दानी मंडल ,साहूगढ़ पंचायत -2 के युवा मुखिया मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज रा.से.यो. ईकाई प्रथम एवं द्वितीय के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.रूपा कुमारी एवं प्रो.प्रवीण ने की।शिविर शुभारंभ समारोह में सभी वक्ताओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जन जागरण अभियान चलाकर राष्ट्रीय भावना की ज्योति जगाने का आह्वान किया। जबकि जल संरक्षण, साफ सफाई, और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाने की अपील की।

शिविर शुभारंभ कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं ने अतिथियों से सवाल करते कहा कि मधेपुरा में विश्वविद्यालय, मेडिकल कालेज, ईन्जीनियरिंग कालेज सहित अन्य बड़े बड़े शैक्षणिक संस्थान तो खुल गये ।लेकिन लागू सरकारी नियमों के कारण स्थानीय छात्र छात्राओं को इसका अधिक लाभ नहीं मिल पा रहा है।सरकारी नियम कानून लागू रहने के कारण किसी भी तरह के शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन के लिए आन लाइन आवेदन प्रपत्र जमा करना पड़ता है।आन लाइन आवेदन प्रपत्र भरने के बाद नामंकन के लिए छात्र छात्राओं को सथानीय शैक्षणिक संस्थानों की जगह दूसरे जिला अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन लेने को विवश किया जाता है।

ऐसे में गरीब, असहाय बच्चों को अपना भविष्य संवारने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।छात्राओं के सवाल पर पूर्व मंत्री रमेश ऋषिदेव ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तक उक्त समस्या को पहुंचाने का आश्वासन दिया।मधेपुरा कालेज के संस्थापक सह श्री कृष्ण विश्वविद्यालय के कुलपति डा.अशोक कुमार ने जब वीमेंस कालेज मधेपुरा की जमीनी हकीकत की चर्चा की तो पूर्व मंत्री रमेश ऋषिदेव ने उक्त मामले को लेकर भी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से वार्ता करने का आश्वासन दिया।पूर्व मंत्री सहित उपस्थित सभी अतिथियों ने न केवल मधेपुरा बल्कि राज्य के छात्र छात्राओं के हितार्थ स्थापित किये गये शैक्षणिक संस्थानों के लिए डा.अशोक कुमार द्वारा किये गये प्रयासों की जमकर सराहना की।प्रारंभ में सभी अतिथियों को पाग, चादर, माला और बुके भेंट कर सम्मानित किया गया।

शिक्षक प्रो. मंटु कुमार,प्रो.रवीन्द्र मेहता शिविर शुभारंभ कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सक्रिय बने रहे।संचालन प्रो.मनोज कुमार झा ने किया।कार्यक्रम में बीएन मंडल विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रो अरविन्द कुमार यादव, डा.कामेश्वर यादव, प्रो.विनय कुमार झा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं मौजूद थी।

बी एन एम वी कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर सोमवार से शुरू हुई डिग्री पार्ट वन की परीक्षा

एग्जाम के प्रथम दिन दोनों पालियों से कुल 1387 परीक्षार्थी हुए उपस्थित-केंद्राधीक्षक

मधेपुरा।भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा की अंगीभूत ईकाई बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में स्नातक पार्ट वन की परीक्षा प्रथम पाली ग्रुप ए में जहां 627 परीक्षार्थी शामिल हुए वहीं द्वितीय पाली ग्रुप बाई में 760 स्टूडेंट्स परीक्षा कक्ष में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय द्वारा इस परीक्षा सेंटर पर तीन कॉलेज मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा, विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम मधेपुरा एवम संत अवध कॉलेज का यहां केन्द्र बनाया है। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाचार्य डा.अरविंद कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त परीक्षा ली गई।

ग्रुप ए एवम ग्रुप बी की परीक्षा आज थी। इधर विश्वविद्यालय से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक डा.अशोक कुमार ने चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। इस मौके पर परीक्षा हॉल में उनके साथ प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार, डा. मृत्युंजय कुमार अध्यक्ष शिक्षक संघ, परीक्षा नियंत्रक डा. प्रभाकर कुमार, डा. सत्येंद्र कुमार, डा.सरोज कुमार, डा.धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

केंद्र की बीजेपी सरकार हर भारतीय के साथ खड़ी है, सहारा इंडिया पोर्टल एक उदाहरण- समरनाथ सिंह

अररिया।भारत की भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर भारतीय के सुख दुःख में खड़ी है। चाहे सरकारी योजनाओं के लाभ लोगों तक पहुंचाने की बात हो या फिर निजी क्षेत्र में उनके साथ कोई धोखाधड़ी या फिर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश हो। उक्त बातें भाजपा के लोकसभा संयोजक समरनाथ सिंह ने मीडिया से रू ब रू होते हुए कही। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार हर मोर्चे पर हर उन भारतीयों के साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। पिछले कई दशकों से सहारा इंडिया में लोगों ने अपनी गाड़ी कमाई जमा कराई थी लेकिन उन्हें रिटर्न नहीं किया जा रहा था। इस पर भारत सरकार ने गंभीरता से कंपनी के मालिकाना लोगों से चर्चा की और उन तमाम निवेशक जिन्होंने सहारा इंडिया में निवेश किया था उनके पैसे को लौटने का तरीका ढूंढा सहारा इंडिया में सबसे ज्यादा बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से निवेशक हैं। कुछ लोगों ने अपनी सारी गाड़ी कमाई सहारा इंडिया में जमा कर दी थी। अब वो दर-दर भटक रहे थे। निवेश की अवधि पूरी जाने के बाद भी पैसे वापस नहीं मिलने से कई राज्यों में लगातार सहारा इंडिया के खिलाफ निवेशकों का गुस्सा फूट रहा था।सहारा की सहकारी समितियों में जिन निवेशकों ने पैसा निवेश किया था उनके पैसे कई सालों से दूबे हुए थे। लेकिन, देश के गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के सहारा रिफंड पोर्टल के लॉन्चिंग करने के साथ ही पैसे लौटाने को प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुरुआत में सहारा के निवेशकों को 10,000 रुपये तक का रिफंड मिलेगा। श्री अमित शाह ने सहारा रिफंड पोर्टल की शुरुआत करते हुए इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब जमाकर्ताओं को ऐसे मामले में उनका पैसा वापस मिल रहा है। श्री अमित शाह जी ने डिपॉजिटर्स को भरोसा दिया कि अब उनका पैसे को कोई नहीं रोक सकता है और पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के 45 दिनों में उन्हें उनका पैसा रिफंड मिल जाएगा सहारा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के बाद शुरुआत में डिपॉजिटर्स को 10000 रुपये तक रिफंड जारी किया जाएगा और जिन लोगों ने इससे ज्यादा निवेश किया है । उनके रिफंड रकम में बढ़ोतरी की जाएगी। चार सहकारी समितियों- सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में लगभग 2.5 करोड़ लोगों के 30,000 रुपये तक जमा हैं। जिसपर केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने गंभीरता के साथ एक्शन लिया और आज लोगों के डूबे पैसे मिलने का रास्ता प्रशस्त हो गया है। भारत सरकार पहले चरण में 5,000 करोड़ रुपये डिपॉजिटर्स की वापस करने के बाद सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दायर कर ज्यादा धनराशि जारी करने का अनुरोध करेगी। जिससे ऐसे निवेशकों जिन्होंने ज्यादा रकम डिपॉजिट किया हुआ है उन्हें उनका पूरा पैसा रिफंड किया जा सके।

कॉमर्स कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में 2 दिवसीय अंतर महाविद्यालय चेस प्रतियोगिता का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ

मधेपुरा।बीएनएमवी कॉलेज, साहुगढ़, मधेपुरा, में अंतर महाविद्यालय चेस (महिला/ पुरुष) प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पहले से बेहतर करने की कोशिश होनी चाहिए। उद्घाटनकर्ता विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डॉ. अबुल फजल ने कहा कि शतरंज दिमागी खेल है। इस खेल को खेलने वाले छात्र-छात्राओं का दिमाग तेज होता है और तेज दिमाग का उपयोग करके अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं । डॉक्टर मनोरंजन प्रसाद ने प्रतिभागियों के मनोबल को ऊंचा उठाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर बहुत अच्छा करने का प्रयास होना चाहिए। महाविद्यालय के क्रीड़ा अध्यक्ष श्री हरीश खंडेलवाल ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि जो छात्र-छात्रा खेलने में तेज होते हैं पढ़ने में भी तेज होते हैं। मंच संचालक शारीरिक शिक्षक प्रेम कुमार ने कहा कि स्वस्थ रहने वाले मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं। धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर श्री हरीश खंडेलवाल ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय क्रीड़ा सचिव डॉक्टर शंकर मिश्रा, डॉ मृत्युंजय कुमार डॉक्टर, डॉक्टर प्रभाकर कुमार ,डॉक्टर निजामुद्दीन अहमद ,डॉ नारायण कुमार, डॉक्टर सत्येंद्र कुमार, डॉक्टर किशोर कुमार, डॉ कमलेश कुमार, मुन्ना कुमार, अनुज कुमार, विमल कुमार, रोमन कुमार, मनीष कुमार पीटीआई ,डॉ धर्मेंद्र कुमार ,मीरा कुमारी ,डॉ सरोज कुमार सिंह, मुकेश कुमार, उत्तम लाल यादव ,सत्यम कुमार, विकास कुमार, आनंद, आशीष,प्रवीण, कुमार,मंजू कुमारी, जगदीश यादव आदि उपस्थित थे।

सूत्री मांग जबरन अवैध कब्जा कराने का सिलसिला रहने के कारण भूमि विवाद में वृद्धि रहा है-प्रमाण-पत्र

नव पदस्थापित अंचलाधिकारी जयनगर अभिनव राज को जन शिकायत के अलोक में सात सूत्री मांग पत्र समर्पित किया भाकपा-माले

जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/ जयनगर में नव पदस्थापित अंचलाधिकारी अभिनव राज को पदस्थापना के लिए शुभकामनायें देते हुए भूषण सिंह प्रखंड सचिव भाकपा माले ने अंचलाधिकारी जयनगर को सात सूत्री मांग पत्र समर्पित आवेदन में उन्होंने जन शिकायत के आलोक में कहा है की जयनगर अंचल के अंतर्गत आम लोगों का अंचल से जुड़े जाति, आय आवासीय,ओबीसी और परिवारिक सूची प्रमाण-पत्र के साथ-साथ दाखिल खारिज, एलपीसी, परिमार्जन, भूमि की मापी और चिर्कुट के तहत अन्य रिपोर्ट उपलब्ध कराने और प्रचाधारियो को भूमि पर दखल कब्जा जैसी अन्य समस्याएं चरम सीमा पर रहा है।

तथा अंचल के सहयोग से भू- माफिया के द्वारा कमजोर व्यक्तियों के भूमि पर। जबरन अवैध कब्जा कराने का सिलसिला रहने के कारण भूमि विवाद में वृद्धि रहा है और अंचल कार्यालय के प्रति लोगो में आक्रोस है। और जनविरोधी तथा कर्तव्यहीन व्यवहार के कारण अंचल कलंकित रहा है।

इसे देखते हुए निम्नलिखित मांग किया गया जनता-जनप्रतिधियों और समाजिक एवं राजनितिक कार्यकर्ताओं के सुझाव और फरियाद पर गम्भीरता से विचार करने और सम्मानजनक व्यवहार करने, जाति-आय-आवासीय-ओबीसी-परिवारिक सूचि प्रमाण-पत्र तथा दाखिल ख़ारिज, एलपीसी, परिमार्जन, भूमि की नापी और नापी की रिपोर्ट विना किसी परेशानी व दोहन के समय-सीमा के अंदर कार्य का निष्पादन करने और सरकारी मोबाईल पर संपर्क करने पर रिसीव करने, आम जनता के द्वारा किसी प्रकार के शिकायत पत्र पर 15 दिन के अंदर निष्पादन कर शिकायत कर्ता को लिखित रूप से अवगत कराने, भूमि विवाद पर नियंत्रण हेतु भूमि चोर तथा भू- माफियों और अंचल गठजोड़ पर रोक लगाने, वर्षो पूर्व भूमिहीन परिवारों को दिए गये भूमि की पर्चा के अधार पर दखल कब्जा दिलाने, ग र ी ब भूमिहीन परिवारों को उजाड़ने से पहले रैन बसेरा योजना के तहत बसाने,भाड़े के मकान में, सड़क किनारे, नहर- बांध और पोखर भिंडा सहित अन्य जगहों पर गुजर बसर कर रहे भूमिहीन परिवारों को पांच-पांच डिसमिल भूमि मुहैया कराने की आवेदन के माध्यम से मांग किया गया।

अंचलाधिकारी जयनगर को मांग पत्र समर्पित करते समय माले प्रखंड कमिटी सदस्य मुस्तफा और तस्लीम मौजूद थे।

माँ अन्नपूर्णा महिला मंच के द्वारा शुरू किया गया निःशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण शिविर

जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/ जयनगर की एकमात्र चर्चित और लोकप्रिय, महिलाओ के उत्थान एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही स्वयंसेवी संस्था माँ अन्नपूर्णा महिला मंच की ओर से संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद अब निःशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है।जयनगर नगर के वार्ड संख्या-2 स्थित माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के कार्यालय परिसर, जो की पटना गद्दी रोड मुहल्ले है, उसमें निःशुल्क शिविर के माध्यम से बीते तीन बैच के सैकड़ो लड़कियों एवं महिलाओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण देने के उपरांत आज से निःशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत की उप मुख्य पार्षद माला देवी तिवारी एवं संस्था की अध्यक्ष कामिनी साह एवं प्रशिक्षण देने आई मुस्कान जोशी ने सामूहिक रूप से विधिवत तरीके से दीप प्रजवल्लित कर किया। इस मौके पर संस्था के तरफ से नगर पंचायत की उप मुख्य पार्षद माला देवी तिवारी को मिथिला परंपरा अनुसार पाग, माला एवं दोपट्टा से किया। साथ ही उनको माँ अन्नपूर्णा का प्रतिक भेंट स्वरुप दिया गया।इस कार्यक्रम में मौके पर माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के मुख्य संयोजक अमित कुमार राउत ने प्रशिक्षुओं को अभिनन्दन किया और भविष्य की शुभकामनायें दिया।इस मौके पर नगर पंचायत की उप मुख्य पार्षद माला देवी तिवारी ने बताया कि माँ अन्नपूर्णा महिला मंच, जयनगर का महिला सशक्तीकरण में सिलाई प्रशिक्षण क्रांतिकारी भूमिका निभा रहा है। कम पढ़ी लिखी महिलाओं के लिए तो ये सब वरदान सरीखा है। सिलाई का हुनर सीखते ही घर बैठे इसके जरिए स्वरोजगार मिल जाता है, इसी तरह अब निःशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है,

ख़ास ख़बर

इलेवन 11 क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों को महापौर बेन प्रिया ने किया सम्मानित

सहरसा/बिहार इलेवन 11 क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों को पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक के जयंती समारोह में आजाद युवा मंच के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम सहरसा के महापौर बेन प्रिया द्वारा खिलाड़ियो को सम्मानित किया।इस अवसर पर सीनियर नेशनल इलेवन 11 के बिहार के सचिव प्रमोद कुमार झा एवं बिहार इलेवन 11 क्रिकेट के नेशनल अंपायर, शशि भूषण, बिहार के उप विजेता रहे खिलाड़ी उज्ज्वल कुमार सिंह, दिलकश नाज, प्रिंस कुमार, आर्यन कुमार सिंह, प्रियांशु कुमार, जीवन कुमार आदि को सम्मानित किया गया।

मत्स्यगंधा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा व देवी भागवत कथा का आयोजन, श्रद्धालूओ की उमड़ी भीड़

सहरसा/रक्त काली चौसठ योगिनी मंदिर, मत्स्यगंधा में 17 जुलाई से 23 जुलाई तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा और 24 से 01अगस्त तक श्री देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।मंदिर व्यवस्थापक कुमार हीरा प्रभाकर ने बताया कि कथा वाचक पंडित जग्रनाथ झा के द्वारा प्रतिदिन पूर्वाहन 03 बजे से 07 बजे संध्या तक मंदिर प्रांगण में मुख्य पुजारी पंडित रंजीत झा के सानिध्य में कथा का आयोजन होता है।यह आयोजन श्रद्धालुओं के सहयोग द्वारा किया जा रहा है। जहां हज़ारों की संख्या में श्रद्धांलु मंदिर आकर कथा का श्रवण करते हैं।पूर्व समिति सदस्य प्रकाश अग्रवाल द्वारा दिनांक 23 जुलाई को श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इस आयोजन में मंदिर व्यवस्थापक कुमार हीरा प्रभाकर, पूर्व समिति सदस्य प्रकाश अग्रवाल,नंदन केसरी,कृष्णा कुमार, उपेंद्र प्रसाद सुतिहार,वीरेंद्र कुमार मिश्र आदि सहयोग कर रहें हैं।

बीईओ ने दस विद्यालयों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश,खेल खेल में सिखाए अक्षर ज्ञान

दैनिक शुभ भास्कर, बनमा ईटहरी (सहरसा)। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद तिवारी ने प्रखंड के 10 विद्यालययों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के छात्र शिक्षक के उपस्थिति एवं मध्याह्न भोजन की जांच की। उपस्थित छात्रों के बीच शिक्षकों के द्वारा पढ़ाए जा रहे विषय वस्तु को भी देखा गया। उन्होंने बताया कि मध्य विद्यालय आम्हाडीह, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीनियां, नव प्राथमिक विद्यालय सहुरिया, मध्य विद्यालय परसाहा, मध्य विद्यालय हराहरी, प्राथमिक मकतब फकीरा चक सहित दस विद्यालयों में शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति के साथ-साथ पढ़ाई लिखाई के स्तर को देखते हुए बच्चों से सवाल जबाव किए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नव प्राथमिक विद्यालय सहुरिया प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर सहित अन्य शिक्षकों को कहा की सभी शिक्षक एवं शिक्षिका निर्धारित समय से स्कूल आकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ किताब से हटकर भी खेल खेल में अक्षर ज्ञान प्रदान करें। ताकि बच्चे आसान तरीका से समझ सकें।

मणिपुर की घटना को लेकर जदयू महिला प्रकोष्ठ नें किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन

मणिपुर में हुए शर्मनाक घटना को लेकर केंद्र के मोदी सरकार के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला गया।

दैनिक शुभ भास्कर/ सुभाष चंद्र झा/ सहरसा/ जनता दल यूनाइटेड के महिला प्रकोष्ठ के द्वारा सोमवार को मणिपुर में हुए शर्मनाक घटना को लेकर केंद्र के मोदी सरकार के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला गया। यह मार्च शहर के बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर चौक से प्रारंभ हो वीर कुंवर सिंह चौक, थाना चौक, डीबी रोड होते शंकर चौक पर समापन किया गया।वही शंकर चौक पर जहां प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इस मार्च में शामिल पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया ने कहा कि आज देश की संघीय ढांचा ध्वस्त हो चुकी है।सभी संघीय तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है।देश की सार्वजनिक संपति बेची जा रही है। मंहगाई बेरोजगारी मंगल ग्रह पर जा पहुंचा है। देश की बेटियां अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है।वही प्रधानमंत्री अपने बुलंदियों का डंका बजाते फिर रहे हैं।

इस अवसर पर जदयू महिला जिलाअध्यक्ष सीमा गुप्ता ने कहा कि मोदी जी का नारा है बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ ।लेकिन आज उनके आंखों के सामने बेटी की अस्मिता लूटी जा रही है।

वरीष्ठ नेता आनंदी मेहता ने कहा आज सच सड़क पर है और मिथ्या राज कर रहा है। पूर्व नगर परिषद सभापति और वरिष्ठ जदयू नेत्री रेणु सिन्हा ने कहा कि देश जुमलों से नहीं चलती।नरेंद्र मोदी जी देश को कर्ज में धकेल दिया है और जुमला गढ़ते फिरता है।नारी सशक्तिकरण के बजाय पूंजीपति को शसक्त किया जा रहा है।ऐसे नारी विरोधी सरकार को गद्दी पर बैठे रहने का औचित्य नहीं है।

प्रो शिखा सिंह ने कही की जब तक हस्तिनापुर में दुर्योधन का साम्राज्य रहा तब तक महिला अपमानित होती रही है।आज वही स्थिति देश की है।मैं केंद्रीय सत्ता से अनुरोध करती हूं कि मणिपुर को हस्तिनापुर न बनाएं।वही ओवेश करनी उर्फ चुन्ना ने कहा आज सम्पूर्ण देश में महिलाओ के उपर जुल्म व अत्याचार काफी बढ गया है। वही मणिपुर की घटना मानवता को शर्मसार कर रहा है। इस अवसर पर बिजली प्रकाश, निशा पांडे, अनुजा मिश्रा, रंजना गुप्ता, रेणु झा, देवकी देवी, हीरा देवी, मधु झा रिंकू देवी , सोहगिया देवी, अनु देवी, प्रो हरिनारायण यादव, अमर यादव, इस्तियाक खान, दिनेश पासवान, सुशील कुमार यादव, डॉ लुतफुल्लाह, गणेश गौरव मानवेंद्र ठाकुर, ललन यादव, विनय यादव रंजित कुमार बबलू, नूर आलम राईन, मोहिउद्दीन राईन संजीत कुमार मुकेश शर्मा, शेर अफगान मिर्जा, पप्पू सिन्हा, मो हारून, मो0 साबिर, डॉ शोएब मीर, अमरदीप शर्मा, संजीत कुमार, गौरव बंटी संतोष कुमार यादव, मनोज सह करुणा देवी, मीरा देवी, अफसाना बेगम, सलूदा दिलीप साह एवं कुश मोदी सहित अन्य मौजूद थे।

सौर बाजार कचरा गांव में हथियार से लैस अपराधियों ने मचाया घंटों तांडव, प्राथमिकी दर्ज

दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/ सहरसा/ जिले के सौर बाजार थाना अंतर्गत कचरा गांव के वार्ड नंबर 11 निवासी बबलू साह ने अपराधियों द्वारा हथियार से लैस होकर घंटों तांडव मचाने को लेकर आरक्षी अधीक्षक को आवेदन देकर अपनी जान माल की गुहार लगाई है।दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा रविवार की रात्रि 1 बजे मैं अपने घर में सोया हुआ था। अचानक से न्यायालय में लंबित अधिकार वाद संख्या 228/ 23 का अवहेलना करते हुए प्रतिवादी मिथिलेश कुमार,राजा कुमार, प्रमोद साह, शीतल प्रसाद गुप्ता सहित 15-20 अज्ञात अपराधियों के साथ मिलकर देसी कट्टा, पिस्टल,लाठी, खंती, कुदाल, ट्रैक्टर पर घर बनाने का टाट बांस वगैरह लोड कर आया और फसल क्षति करते हुए विवादित जमीन पर घर बनाने लगा। वही मेरे पिताजी से दुकान खुलवा कर तीन नकाबपोश व्यक्ति गुटखा और सिगरेट लेकर गाली गलौज करते हुए गला में रखा हुआ पंद्रह सौ रुपया निकाल दिया। वही सौर बाजार थाना प्रभारी को फोन से सूचित करने के बाद गश्ती दल के साथ सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन पुलिस के आने से पहले ही सभी अपराधी वहां से भाग निकले। इसके बाद पुनः 2:45 बजे रात्रि में आकर घर बनाने लगा।जब हम लोग हल्ला किए तो दहशत फैलाने के लिए हवाई फायर किया।वही पुलिस गश्ती दल को इसकी सूचना देने पर पुलिस के पहुंचते ही सभी अपराधी भाग निकले। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से दो वाहन को भी जब्त किया। श्री बबलू साह ने बताया कि उक्त घटना का वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। जिसमें देसी कट्टा पिस्टल से तांडव मचा कर दहशत फैलाया जा रहा है। आवेदक ने आरक्षी अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

एसएनएस कालेज में स्नातकोत्तर विषय की परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में हुआ प्रारंभ



सहरसा/ सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय में स्नातकोत्तर विभाग के हिंदी, मनोविज्ञान, राजनीतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, भूगर्भ शास्त्र, संगीत, एलएसडब्ल्यू, मानव शास्त्र विभाग में इंटरनल परीक्षा प्रधानाचार्य प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह के देखरेख में सोमवार से आरंभ हुआ।प्रधानाचार्य श्री सिंह ने सभी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि छात्र एवं छात्राओं को किसी भी तरह का असुविधा ना हो इसका देखरेख विभाग को करना है। आंतरिक परीक्षा में मुख्य रूप से डॉ मेजर परीक्षित कुमार सिंह,डॉ नरेंद्र प्रसाद यादव, डॉ कुमारी सीमा, डॉ आर्य सिंधु, प्रो धर्मव्रत चौधरी, प्रो राम नारायण पासवान, प्रो अशोक कुमार,प्रो मदन कुमार सिंह,प्रो अनिल कुमार सिंह, प्रो पूनम कुमारी, डॉ विनोद कुमार सिंह, प्रो कमलेश कुमार,प्रो विभूति कुमार, प्रो सुनील कुमार, प्रो मिथिलेश झा,डॉ राकेश कुमार,डॉ अवधेश कुमार मिश्र,प्रो गौतम कुमार,प्रो संता सिंह,प्रधान सहायक ओम प्रकाश सिंह, शैलेंद्र कुमार,उदय कुमार, परशुराम कुमार सिंह, सत्य नारायण यादव, शिबू कुमार ने सहयोग किया।वही छात्र नेता सुजीत सान्याल एवं अंशु कुमार सिंह ने प्रधानाचार्य से आग्रह किया की छात्र एवं छात्राओं को किसी तरह का असुविधा ना हो अगर किसी छात्र का इंटरनल परीक्षा छूट गया हो तो कल महाविद्यालय में परीक्षा लेने की व्यवस्था की जाए। आज की परीक्षा के लिए छात्र नेता ने प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को बधाई दी।

सोनवर्षा राज के विवाह भवन में क्रियेटिव आर्ट थियेटर द्वारा 28 दिवसीय परख कार्यशाला का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर सोनवर्षाराज (सहरसा)। नगर पंचायत सोनवर्षा राज के देहद रोड स्थित विवाह भवन में गत 22 जुलाई से क्रियेटिव आर्ट थियेटर द्वारा 28 दिवसीय परख अभिनय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें शामिल बच्चों को अभिनय की बारीकियों को संक्षेप में सिखाया जा रहा है।कार्यशाला के समापन दिवस पर आर्ट थियेटर द्वारा प्रशिक्षित बच्चों द्वारा दो नाटकों का मंचन किया जाएगा।उक्त बाबत क्रियेटिव आर्ट थियेटर के संचालक सह निर्देशक अखिल मलहोत्रा ने बताया कि उनके द्वारा प्रत्येक वर्ष कार्यशाला का आयोजन कर बच्चों को अभिनय की बारीकियों से अवगत कराते हुए उनके द्वारा दो से तीन नाटकों का मंचन करवाया जाता रहा है।जिससे बच्चों के बीच अभिनय क्षमता का विकास के साथ उनके रहन सहन, बोलचाल पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।श्री मलहोत्रा ने कहा कि प्रशिक्षण हेतु स्थानीय विभिन्न विद्यालयों के 8 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों का चयन किया गया है।जिनके द्वारा अगस्त माह के पहले हफ्ते में स्थानीय उच्च विद्यालय के मैदान में नाटकों का मंचन किया जाएगा।कार्यशाला का आयोजन मुख्य पार्षद मनीष कुमार, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल के निर्देशक दीपक कुमार, बलराज पंडित,अभिनव सौरभ,आनंद कुमार, प्रदीप चौरसिया,मोनु कुमार, क्रियेटिव आर्ट थियेटर के सदस्य-मुनमुन अभिषेक, सोनू डिसूजा, रोशन कुमार, सुनील कुमार, अमित सिंह,जीत जैनी,अमन गुप्ता के सहयोग से किया जा रहा है।

डीएम की अध्यक्षता में भूमि अधियाचना एवं एनओसी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित

सहरसा/ जिला पदाधिकारी वैभव चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न योजनाओं हेतु भूमि अधियाचना एवं एनओसी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई।जिला के सभी प्रखंडों में स्टेडियम निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने हेतु बनमा ईटहरी अंचलाधिकारी को मानक लंबाई चैड़ाई के अनुरूप चिन्हित भूमि का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया। सलखुआ अंचलाधिकारी को रैयती भूमि का निःशुल्क निबंधन का प्रस्ताव भूमि सुधार उप समाहर्ता के माध्यम से भेजने का निर्देश दिया गया। अनुसूचित जाति राजकीय कल्याण छात्रावास के लिए अंचलाधिकारी सोनवर्षा एवं सिमरी बख्तियारपुर को त्रुटि निराकरण का अभिलेख बढ़ाने का निर्देश दिया गया। वृद्ध आश्रय गृह के मामले में भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। नगर पंचायत सिमरी बख्तियारपुर को रैन बसेरा, अतिथि भवन, सम्राट अशोक भवन एवं पार्क निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जब्ती लावारिश वाहन को रखने के लिए मुख्यालय के आस-पास दो से पांच एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के बिन्दु पर अंचलाधिकारी कहरा, सत्तरकटैया, सौर बाजार को भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग के माध्यम से प्राप्त नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के लिए भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचलाधिकारी को दिया गया। श्रम संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन कर्मचारी राज्य बीमा योजनान्तर्गत चिकित्सालय के भवन निर्माण के संबंध में अंचलाधिकारी कहरा को नगर निगम अंतर्गत शामिल पंचायत में भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे मध्यस्थता भवन निर्माण के संबंध में वांछित भूमि के संबंध में पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, प्रभारी राजस्व शाखा पदाधिकारी, सभी अंचल के अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे।

हड़ताल धरना कार्यक्रम आशा संघ के जिला मंत्री कुमारी ज्योति रानी के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

आशा कार्यकर्ताओ ने मांगो के समर्थन में जिलाधिकारी के समक्ष रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा

दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ के तत्वावधान में 12 जुलाई से लगातार हड़ताल पर बैठे आशा कुरियर कार्यकर्ता के समर्थन में बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ द्वारा पुरजोर समर्थन किया गया।

वही आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को अपने मांगो के समर्थन में जिलाधिकारी के समक्ष रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शरद कुमार ने संबोधित करते हुए कहा आशा कार्यकर्ताओं की मांग वाजिब है। इन्हें सरकार को हर हाल मे प्रोत्साहन राशि नहीं बल्कि नियत मानदेय कम से कम 18000 देना होगा अन्यथा सरकार को बड़ी खामयाजा भुगतान पड़ेगा। धरना कार्यक्रम को जिला मंत्री के अलावा चिकित्सा संघ के अभिषेक कुमार ने भी संबोधित किया। धरना कार्यक्रम आशा संघ के जिला मंत्री कुमारी ज्योति रानी के नेतृत्व में आयोजित हुआ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमलोगो की मांग नही मानी गई तो हमलोग सभी काम ठपकर आगामी तीन अगस्त को पटना में राज्य स्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।इसमें बड़ी संख्या में जिले के कार्यकर्ता भाग लेगें।इस मौके पर अर्पणा कुमारी, साधना कुमारी, नीलम कुमारी, नौशाबा प्रवीण, मधु लता कुमारी, रेखा कुमारी, संगीता कुमारी,आवंती कुमारी,चंदा कुमारी, पूनम कुमारी,जयंती कुमारी, मंजू देवी,रीता कुमारी, आरती देवी एवं पिंकी कुमारी सहित बड़ी संख्या में आशा एवं आशा फैसिलिटेटर मौजूद थे।

खगड़िया के समीप अज्ञात वाहन ने डाकबम को ठोकर मार हुआ फरार, अस्पताल में भर्ती

अजय कुमार, दैनिक शुभ भास्कर, सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)। प्रखंड के कांठो-बलवाहाट स्थित सुप्रसिद्ध बाबा मटेश्वर धाम जलाभिषेक करने आ रहे एक डाकबम को तेज रफ्तार हाइवा ने अनियंत्रित हो कर जोड़दार ठोकर मार दी।

जिससे डाक कावरिया गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जख्मी डाक बम को उसके साथ साथ चल रहे अन्य डाकबम एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।जहां जख्मी डाक बम का प्राथमिक उपचार किया गया।जख्मी बनगांव थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी नीतीश कुमार ने बताया कि वह मलमास में पड़ने वाले सावन की पहली सोमवारी को बाबा मटेश्वर में जलाभिषेक करने के लिए रविवार को मुंगेर घाट के छर्रा पट्टी स्थित उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरकर बाबा मटेश्वर धाम जलाभिषेक करने आ रहा था।इसी दौरान जब वह खगड़िया-मानसी एनएच 31 के खगड़िया से थोड़ा आगे बढ़ा की पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर उसे जोड़दार ठोकर मार दिया।जिससे वह घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया।जिसके बाद उनके साथ चल रहे सहयोगी डाक बम व स्थानीय लोगों की मदद से खगड़िया के नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जिसके बाद वह अपने सहयोगी के साथ ट्रेन के माध्यम से सिमरी बख्तियारपुर पहुंचा। जहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने घटना की जानकारी दी।

ख़ास ख़बर

झझरिया पुल के डाईवर्सन से अवरुद्ध पानी को पूल निगम ने बहाल किया। किसानों में खुशी की लहर

नासरीगंज(रोहतास)- जागरण प्रभाव-स्थानीय नगर स्थित निर्माणाधीन झँझरिया पुल से अवरुद्ध नहर के पानी को सोमवार को पुल निगम ने जेसीबी लगाकर उक्त डाईवर्सन के नीचे से होम पाईप लगाकर खेत तक पानी पहुंचाया। उक्त डाईवर्सन से दर्जन भर किसानों के खेत मे पानी अवरुद्ध था जो अब सुचारू रूप से चालू हो गया। इस सम्बंध में प्रभावित किसान, गोपाल प्रसाद,टिंकु प्रसाद,मेसर सिंह,अजय सिंह,कृष्णा सिंह ने बताया कि अधिक दिनों से उक्त डाईवर्सन से पानी अवरुद्ध हो गया था और किसानों को खेत तक पानी नहीं पहुंच रहा था जिससे किसानों को खेती के मौसम में समस्या उतपन्न हो रही थी। किसानों ने समस्या के समाधान के लिए पुल निगम एवं सीओ से गुहार लगाई थी। इस सम्बंध में पुल निगम के ठीकेदार रवि शंकर ने बताया कि किसानों की समस्या का समाधान कर लिया गया है। उक्त डाईवर्सन पर जेसीबी के सहायता से पानी पहुंचाने का कार्य पाइप लगाकर कर दिया गया है। उक्त समस्या के निदान पर किसानों में हर्ष वयाप्त है।

प्रथम सावधिक परीक्षा के पहले दिन सामाजिक विज्ञान व अंग्रेजी विषय की हुई परीक्षा आयोजित

नासरीगंज(रोहतास)- प्रखण्ड के सभी उच्च विद्यालयों में कक्षा नौ व दशवीं का सोमवार से प्रथम सावधिक परीक्षा की शुरुआत हुई। जिसमें दो पालियों में परीक्षा ली जा रही है। जिसमें पहली पाली 9 बजकर 30 मिनट से 12 बजकर 45 मिनट व दूसरी पाली एक बजकर 15 मिनट से चार बजकर 30 मिनट तक चल रहा है। पहली पाली में दशवीं व दूसरी पाली में नौवीं कक्षा की परीक्षा ली जा रही है। सावधिक परीक्षा के पहले दिन सामाजिक विज्ञान व अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गयी। यह परीक्षा आगामी 01 सितंबर तक चलने वाला है। इस मौके पर शिक्षक नरेश सिंह, उषा कुमारी, अयूब अंसारी, कमलेश कुमार मणिराज, अनिल कुमार, अरविंद कुमार, वीर बहादुर सुमन, सवरू प्रजापति, कुमार राकेश, पूरनचंद, नीतू कुमारी व ओम प्रकाश सुमित कई शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

बिजली के ट्रांसफॉर्मर पर जंगली पौधों और झाड़ियों का लगा जमावड़ा

नासरीगंज(रोहतास)- नगर के दर्जनों बिजली के ट्रांसफॉर्मर जंगली पौधों और झाड़ियों की चपेट में आ गये हैं। जिसके चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित होने या किसी संभावित हादसे के मद्देनजर इन ट्रांसफॉर्मरों के आस पास झाड़ियों व पौधों को हटाया जा रहा है। गांधी मैदान से लेकर वार्ड चौदह तक अनेक ट्रांसफॉर्मर ऐसे हैं जो बरसात के मौसम में स्वत- उगने वाले पौधों और झाड़ियों की ओट में छुप गये हैं। विभागीय जेई पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि झाड़ियों के चलते मानव से लेकर पशुओं तक के लिए खतरा बना हुआ है। साथ ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी गड़बड़ हो सकती है। जिसे लेकर ट्रांसफॉर्मरों के आसपास युद्ध स्तर पर कर्मियों के नेतृत्व में श्रमिकों द्वारा सफाई कार्य चल रहा है।

नगर पंचायत कार्यालय पर बोर्ड की बजटीय बैठक संपन्न

काराकाट (रोहतास)/गोड़ारी (काराकाट) नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन के निर्देशानुसार आज सोमवार को कार्यालय नगर पंचायत काराकाट के सभागार में बोर्ड की बैठक की गई ।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यपार्षद राधिका कुमारी के द्वारा किया गया। तपश्चात माननीय विधायक काराकाट को मुख्यपार्षद राधिका देवी के द्वारा अंगवस्त्र एंव बूके से सम्मानित किया गया। जिसमें 2023-24 की बजट पर चर्चा की गई, सूत्रों का माने तो इस वार्षिक बजट में तकरीबन लगभग 12 करोड़ पर चर्चा किया गया और उसको कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन को सौंपी गई जैसे- हालांकि कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन ने बताया कि काराकाट नगर पंचायत जिनके जल्दी नगर कार्य सुचारू रूप से चलने को तय है और सभी योजना की शुरुआत जल्द होगी अभी यह प्रक्रिया में है।शौचालय की प्रगती की पुनः समीक्षा की गई नगर में यात्री शेड का निर्माण पर भी चर्चा हुआ। ऐसे में मौके पर काराकाट विधानसभा के विधायक अरुण सिंह सहित काराकाट नगर पंचायत मुख्यपार्षद राधिका देवी उप मुख्यपार्षद रवीश कुमार कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन एवं सभी 12 वार्ड पार्षद उपस्थित थें।

जिला में आयोजित भाजपा के मिलन समारोह में स्थानीय जदयू नेता ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया

नासरीगंज(रोहतास) स्थानीय भाजपा नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष लाल बाबू साह के नेतृत्व में सासाराम सत्यम पैलेस में जिलाध्यक्ष सुशील कुमार व मंत्री नित्यानन्द राय की उपस्तिथि में आयोजित भव्य मिलन समारोह में शामिल हुए और के गतिविधियों से अवगत हुए। उक्त मिलन समारोह में नगर के जदयू कार्यकर्ता अंशु उर्फ शिपु कुमार ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। पूर्व में वह जदयू के व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष पद पर थे। उन्होंने बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के विचारधारा एवं जनहित कार्यों से प्रेरित होकर सदस्यता ग्रहण किया है। भाजपा के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और जिला अध्यक्ष ने उन्हें भाजपा का पट्टी एवं अंग वस्त्र देकर पार्टी में सम्मिलित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम। मौके पर कनकधीर उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुशवाहा,मंडल प्रभारी अमित कुशवाहा, रौशन कुमार सिंह,अंजनी कुमार सिंह,युवा मोर्चा अंशु यादव,नवतेज कुमार, मो. शहीद अंसारी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे सभी ने अंशु कुमार को जदयू से भाजपा में आगमन पर उन्हें बधाई दिया।

मुशायरा सह कवि सम्मेलन आयोजित हुआ

नासरीगंज (रोहतास)/ स्थानीय नगर के वार्ड 02 पोस्टल रोड स्थित वयोवृद्ध कवि नासेह नासरीगंजवी के सम् बज्म-ए-नासेह मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा पुरस्कृत एवं अखिल भारतीय उर्दू मास कम्युनिकेशन सोसाइटी फॉर पीस हैदराबाद के अध्यक्ष डा. मोख्तार अहमद फरदीन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

नासेह नासरीगंजवी की गजल जब भी लब खोलिए साहब, प्यार के बोल बोलिए साहब, जिंदगानी तो एक अमृत है, जहर इसमें ना घोलिए साहब की लोगों ने खूब सराहना किया। इनके अलावा मुस्तफीज नैयर आरा, आफताब अख्तर पीरो, डा. एजाज अहमद दाऊदनगर के अलावा स्थानीय शायर व कवि नजारुल हक नजर, मुनिलाल, रेयाज धनावी और इम्तेयाज अहमद ने भी अपनी-अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डा. मोख्तार अहमद फरदीन ने अपनी मास कम्युनिकेशन सोसाइटी की ओर से साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए समाजसेवियों को प्रमाणपत्र दे सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक व शायर इश्तेयाक आलम ने अतिथियों को अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। मुशायरे की अध्यक्षता मो. एकरामुल हक ने किया।

स्वागत मंडली में समाजसेवी शयामुलल हक, ताहिर अली फिरोज और मो. वसीम शामिल थे।

मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार समेत विभिन्न सम्मान से विभूषित उर्दू साहित्यकार व लेखक डा. एके अलवी, नगर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामुल , पूर्व वार्ड पार्षद हाजी गुलाम मुस्तफा, हाजी असरार, अखलाक अहमद, हाफिज शाहिद अख्तर, मौलाना महमूद,मो. परवेज,मास्टर अय्यूब, मो. मोबीन समेत बड़ी संख्या में श्रोता और नगवासी उपस्थित थे। कवि सम्मेलन रविवार देर रात तक चला।

बारिश का भाव में कृषि कार्य पर संकट

संझौली (रोहतास) पिछले 10 दिनों से बारिश नहीं होने के अभाव में कृषि कार्य बाधित होने लगा है. कहीं धान के बिचड़े सुख रहे हैं तो कहीं खेतों में रोपाई की गई धान के पौधे, तो कहीं सब्जी की फसल सूखने के कगार पर आ गई है. किसान कभी बादल की ओर तो कभी नहर के पानी की तरह देख रहे हैं.

जिन खेतों में धान रोकने के लिए पानी नहीं पहुंची है किसान अपने खेतों की तरफ चक्कर लगाकर माथा पीट रहे हैं. जगह-जगह किसान पेड़ की छांव में कुदाल लेकर बैठे आपस में धान रोपनी को लेकर विचार विमर्श करते देखे जा रहे हैं. किसानों को भय सताने लगी है की और एक सप्ताह बारिश नहीं हुई तो, धान की रोपनी काफी प्रभावित हो जाएगी. धान के बिचड़े बर्बाद हो जाएंगे, सब्जियों मक्का की फसल सूख जाएगी.

पेड़ की छाया में बैठ कर आपस बातचीत करते किसानों ने बताया कि जहां तक खेतों में राजवाहा की पानी पहुंच रही है,

वहां तक जिन जिन किसानों का खेत है काफी परिश्रम कर धान की रोपनी कर रहे हैं. जिनके पास बिजली संचालित मोटर है, वह किसान पोखर, नहर से पानी लेकर धान के रोपनी करने में जुटे हुए हैं. जिन किसानों के पास अपना संसाधन नहीं है अथवा खेतों में बोर नहीं है वह किसान काफी परेशान है.

नहर से मिल रही पानी को लेकर, कहीं-कहीं किसान अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए विवाद करने लगे हैं. किसान अविनाश कुमार, अरविंद कुमार मुना, राज किशोर सिंह, शेरू कुमार सहित कई किसानों ने बताया कि अगर समय से बारिश नहीं हुई तो खेत चारागाह बन जाएगा. किसानों की माने तो धान रोपनी का बेहतर समय 31 जुलाई अंतिम है, जबकि देर प्रभेद (लेट वैरायटी) यानी हलकन प्रभेद धान रोपनी के लिए 15 अगस्त तक अंतिम समय माना गया है।

दो लीटर देशी महुआ शराब बरामद, धंधेबाज फरार

कोचस (रोहतास) इटी नंबर सत्यापन के क्रम में रविवार के देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर दो लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया जबकि धंधेबाज पुलिस की आने कि भनक लगते ही फरार हो गया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बलथरी गांव में शराब बिक्री की सूचना प्राप्त हुई। जहां पुलिस तुरंत बलथरी पहुंच कर छापेमारी की। जहां कन्हैया मुसहर के घर से दो लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। जबकि पुलिस के आने की भनक लगते ही धंधेबाज कन्हैया मुसहर फरार हो गया। फरार धंधेबाज के उपर करवाई करते हुए गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है।

शराब पीकर हंगामा कर रहे पियकड़ को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

कोचस (रोहतास) स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर दो पियक्कड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि नशे कि हालत मे दो पियक्कड़ शराब के नशे में हंगामा कर रहे है। जहां तुरंत पुलिस पहुंचकर दोनो पियक्कड़ को गिरफ्तार कर लिया। दोनो शराबियों की पहचान 38 वर्षीय सुनिल कुमार मिश्रा पिता स्व दीनदयाल मिश्रा साकिम ममरेजपुर ,कोचस व सोमारू चौहान पिता बरई चौहान साकिम कोचस वार्ड नंबर तीन के बताये जाते है। दोनो गिरफ्तार पियक्कड़ को मद्य निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने छापेमारी के दौरान महुआ पासा को किया विनष्ट

कोचस (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कुछिला थाना ने कुछिला मुसहर टोली में सोमवार को छापेमारी कर देशी महुआ शराब के पास को विनष्ट कर दिया। वही कुछिला थानाध्यक्ष ने बताया कि मुसहर टोली में शराब बनाने की प्रक्रिया की जा रही थी जहां सूचना के आधार पर पुलिस ने टीम के साथ शराब के पास को विनष्ट कर दिया। विदित हो कि इन दिनों शराब को लेकर स्थानीय प्रशासन चुस्त-दुरुस्त है। अब शराब धंधेबाजों व शराबियों की खैर नही है।

पुलिस ने एक शराबी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बिक्रमगंज (रोहतास) दावथ पुलिस ने नकटौली गांव से एक शराबी को गिरफ्तार कर भेजा जेल,थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाने के पी एस आई नवीन कुमार ने पुलिस बल के जवानों के साथ उक्त गांव से शराब के नशे में धूत दिनेश दुबे को गिरफ्तार कर स्वास्थ्य परीक्षण कराकर न्यायालय भेजा

चकबंदी पदाधिकारी ने पदभार ग्रहण किया

बिक्रमगंज (रोहतास)दावथ चकबंदी पदाधिकारी के रूप में मनोज कुमार गुप्ता ने किया पदभार ग्रहण, पदभार ग्रहण करने के साथ ही चकबंदी पदाधिकारी ने कार्यालय में पदस्थापित सभी कर्मियों के साथ किया विशेष बैठक,सभी कर्मियों को सलाह दिया कि सरकार एवं वरीय अधिकारियों के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी संचिकाओ का समय से निष्पादन, जिला मुख्यालय में समय से सभी रिपोर्ट भेंजे।मीडियाकर्मियों से बताया कि मुझे जो जिम्मेवारी मिली है उसे मैं इमानदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा,प्रखंड क्षेत्र के लोगों से संबंधित सेवाओं को यथा शीघ्र निष्पादन करने के लिए प्रयासरत रहूंगा।

बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, इलाज के दौरान मौत

करगहर रोहतास/सोमवार को जलालपुर-बैश्यपुरा पथ मोड़ पर गोरी गांव के समीप एक अज्ञात वाहन ने लूना बाइक सवार युवक को रौंद दिया।जहा ग्रामीणों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी।जहा सासाराम ले जाने के दौरान रास्ते में युवक की मौत हो गाया घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोरी निवासी किलोधर बैठा उर्फ मुन्ना बैठा का 26 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार अपनी टीवीएस लूना बाइक से फेरी का कार्य कर प्लास्टिक सामग्रियों की बिक्री करता था। इस दौरान वह सामग्रियों को बेचने के लिए किसी गांव में जा रहा था कि जलालपुर वैश्यपूरा पथ में तेज गति से आ रही एक अनियंत्रित वाहन ने उसके टीवीएस लूना बाइक में टक्कर मार दी।जहा बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरा। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। खून से लथपथ और बेहोशी की हालत में ग्रामीणों ने उसे एक निजी अस्पताल में पहुंचाया । जहां चिकित्सक ने गंभीर स्थिति देखते हुए उसे सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी। जहा सासाराम ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गाया चालक वाहन लेकर फरार हो गया ।

निर्देश ग्रामीणों को सीओ अमित कुमार ने सोमवार को जागरूक किया।

सीओ ने आपदा को ले जागरूकता शिविर लगा ग्रामीणों को जागरुक किया

नासरीगंज(रोहतास)- स्थानीय प्रखण्ड के धनाव व परसियां पंचायत सरकार भवन परिसर के सभा भवन में जिलाधिकारी के निर्देश पर आपदा को ले शिविर लगाकर आपदा से बचने के उपाय को ले ग्रामीणों को सीओ अमित कुमार ने सोमवार को जागरूक किया। जिसमें वज्रपात से बचने के उपाय एवं सर्पदंश से ग्रसित होने पर त्वरित किये जाने वाले महत्वपूर्ण उपाय को सीओ द्वारा विस्तृत रुप से ग्रामीणों को बताया गया। जिससे ग्रामीण लाभान्वित एवं संतुष्ट दिखे।

इस अवसर पर सीओ ने वज्रपात से बचने के उपाय को बताते हुए बताया कि जब तेज वर्षा एवं तेज गर्जन हो तो खुले आकाश में न रहे। सुरक्षित स्थान पर या अपने घरों में रहें। यदि खुले स्थान में फंस गये हों तो सूखे स्थान पर बैठ कर दोनों हाथों से कानों को पकड़े रहे जब तक गर्जन और वर्षा सम्पन्न न हो जाये। ऐसा करने से वज्रपात के चपेट में आने से बचा जा सकता है। सर्पदंश से निदान के विषय में महत्वपूर्ण उपाय सीओ ने बताते हुए कहा कि सर्पदंश के छह घण्टे के अंदर पीएचसी उक्त व्यक्ति को ले जाएं वहां इससे सम्बंधित टिका इंजेक्शन जो पीएचसी में उपलब्ध है। उसे लगवाएं निश्चित रुप से प्रभावित व्यक्ति खतरे से बाहर हो जायेगा लेकिन सर्पदंश के छह घण्टे के अंदर ही सर्पदंश से प्रभावित व्यक्ति को होस्पिटल पहुँचना होगा। विलम्ब होने पर असर नहीं करेगा। सीओ ने कहा कि सर्पदंश से प्रभावित व्यक्ति को झाड़ फूंक और अंधविश्वास के झांसे में आकर इलाज कराने से बचें। उन्होंने सर्पपदंश के पहचान के विषय में बताते हुए कहा कि सर्प के काटने के स्थान पर साबुन से धोने पर शरीर के प्रभावित भाग पर सर्प के दांत के निशान उभर जायेंगें। जिससे ज्ञात हो जाएगा कि व्यक्ति सर्पदंश से प्रभावित है। इस अवसर पर सीओ ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि रैयतदार अपना-अपना आधार सीडिंग करा लें। सभी को आधार के साथ साथ अपना-अपना मोबाइल नम्बर भी लिंक कराना है। मौके पर धनाव मुखिया अफसाना खातुन, परसिया मुखिया अनिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि शाहिद हुसैन, कौशल कुमार समेत सभी पंचायत कर्मी, अंचलकर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया

नासरीगंज(रोहतास)- नगर के पोस्टल रोड में वयोवृद्ध कवि नासेह नासरीगंजवी के सम्मान में बज्म-ए-नासेह के तहत मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुशायरे में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा पुरस्कृत एवं अखिल भारतीय उर्दू मास कम्युनिकेशन सोसाइटी फॉर पीस हैदराबाद के अध्यक्ष डॉ. मोख्तार अहमद फरदीन मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

नासेह नासरीगंजवी की गजल जब भी लब खोलिए साहब, प्यार के बोल बोलिए साहब, जिंदगानी तो एक अमृत है, जहर इसमें ना घोलिए साहब की लोगों ने खूब सराहना की। मुस्तफीज नैयर आरा, आफताब अख्तर पीरो, डॉ. एजाज अहमद दाऊदनगर के अलावा स्थानीय शायर व कवि नजारुल हक नजर, मुनिलाल, रेयाज धनावी और इम्तेयाज अहमद ने भी अपनी-अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं।

इस दौरान डॉ. मोख्तार अहमद फरदीन अपनी मास कम्युनिकेशन सोसाइटी की तरफ से साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए व समाजसेवियों को प्रमाणपत्र दिये। वहीं कार्यक्रम के संयोजक व शायर इश्तेयाक आलम ने अतिथियों को अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। मुशायरे की सदारत मो. एकरामुल हक ने की। स्वागत मंडली में समाजसेवी शहामुल हक, ताहिर अली उर्फ फिरोज और मो. वसीम शामिल थे।

मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार समेत विभिन्न सम्मान से विभूषित उर्दू साहित्यकार व लेखक डॉ. एके अलवी, नगर के पूर्व पार्षद गुलाम मुस्तफा उर्फ बेचू, हाजी असरार, अखलाक अहमद, हाफिज शाहिद अख्तर, मौलाना महमूद, मो. परवेज, मास्टर अय्यूब और मो. मोबीन इत्यादि उपस्थित थे।

ख़ास ख़बर

नाबालिग से गैंग रैप मामले में दो आरोपियों को हुई 20-20 वर्ष की सजा

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/ नाबालिक से गैंग रेप मामले में दो आरोपियों की हुई 20-20 वर्ष की सजा साथ ही 20 हजार का लगा अर्थदण्ड ,अर्थदण्ड नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास, व्यवहार न्यायालय भभुआ के विशेष न्यायाधीश पास्को एडीजे-6 आशुतोष कुमार उपाध्याय की अदालत ने सजा सुनाई आपको बताते चलें घटना 2020 में चांद थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़हरिया गांव में हुई थी जब नाबालिक खेत में अपने माता-पिता के लिए घर से खाना लेकर जा रही थी तभी चांद थाना क्षेत्र के बड़हरिया गांव निवासी 25 वर्षीय मुकेश तथा 23 वर्षीय विजय राम दोनों ने नाबालिक को झाड़ियों में खींचकर बारी बारी से नाबालिग के साथ दुष्कर्म किये थे वहीं आरोपी पक्ष के वकील प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला भूमि विवाद से संबंधित हैं कोई दुष्कर्म का मामला नहीं हुआ था। हम लोग न्याय के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे ।

आशा कार्यकर्ताओं के अनिश्चितकालीन धरने से प्रभावित हो रहा है टीकाकरण

दैनिक शुभ भास्कर प्रखंड संवाददाता रामपुर/रामपुर- प्रखंड अंतर्गत आशा कार्यकर्ताओं के अनिश्चितकालीन धरने से प्रभावित हो रहा है टीकाकरण। बता दें कि प्रखंड समेत बिहार के सभी आशा कर्मी अपनी मांगों को लेकर 12 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी हुई हैं। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक सरकार द्वारा हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक हमारे तरफ से धरना जारी रहेगा। जिससे कि प्रखंड के टीकाकरण प्रभावित हो रहा है। आए दिन ऐसा देखने को मिलता था कि आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा घर घर जाकर टीकाकरण के लिए जागरूक किया जाता था एवं टीकाकरण किया जाता था। पर 12 जुलाई से ही आशा कार्यकर्ताओं ने अनिश्चित कालीन धरने का ऐलान किया है। और धरने पर हैं तभी से प्रखंड अंतर्गत टीकाकरण का कार्य प्रभावित है।

पापड़ लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा बाल-बाल बचा चालक

शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर। स्टेशन रोड के समीप सोमवार को एक पापड़ लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया इस हादसे में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की भोर यूपी के तरफ से आ रहा है पापड़ लदा एक ट्रक जिसे हाजीपुर जाना था अभी वह मोहनिया के स्टेशन रोड के समीप ही पहुंचा था कि अनियंत्रित होकर रोड पर पलट गया जिससे आवागमन बाधित रहा वहीं मौके पर पहुंचे एनएचआई कर्मियों के द्वारा क्रेन के माध्यम से ट्रक को सीधा किया जा रहा था इस हादसे में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया।

मालवीय जी का तैल्य चित्र व अंगवस्त्र के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

कैमुर/महामना मालवीय मिशन बिहार इकाई द्वारा आयोजित पुरातन छात्र समागम का आयोजन भभुआ के एक होटल में किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पुरातन छात्रों की उपस्थिति रही।

मालवीय मिशन बिहार इकाई के अध्यक्ष विपिन सिंह ने कैमूर के पांच वैसे लोगों को सम्मानित किया जो काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र रह चुके हैं जिसमें भभुआ के बजरंग पाण्डेय जो उप पुलिस अधीक्षक से सेवानिवृत्त हुए हैं, अमरेन्द्र पांडेय जो वर्तमान में बड़कागांव पंचायत के मुखिया के रूप में दायित्व संभाल रहे हैं , प्रो. सीमा पटेल जो सरदार वल्लभ भाई पटेल कालेज भभुआ में इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष हैं उनको भी

सम्मानित किया गया।

युवा कवि व लेखक रत्नेश चंचल को साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया वहीं कुंज बिहारी चौबे व कन्या उच्च विद्यालय भगवानपुर के अध्यापक अरविंद सिंह अभय कुमार सिंह व शिक्षक संतोष सिंह को भी महामना मालवीय का तैल्य चित्र व अंगवस्त्र के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मालवीय मिशन बिहार इकाई का उद्देश्य को रेखांकित करते हुए अध्यक्ष विपिन सिंह ने महामना के सपनों व संकल्पों को पूरा करने के लिए युवाओं से आवाह्न किया वहीं

महामना जी के शैक्षिक दृष्टिकोण व सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति उनके विचारों को रेखांकित किया गया

महामना जी के शैक्षिक दृष्टिकोण व सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति उनके विचारों को रेखांकित किया गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र उपाध्याय द्वारा महामना परिवार को अन्य जिलों होने वाली विस्तार पर चर्चा किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन सचिव आलोक सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक शिवम कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, गोल्डेन कुमार, आदित्य कुमार, अंकित कुमार व कई अन्य लोग मौजूद रहें।

शराब उत्पादकों के विरुद्ध लोहरा थाना प्रशासन ने की जबरदस्त कार्रवाई

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/ कैमूर- जिला के अधौरा प्रखंड अंतर्गत लोहरा थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के कधार खुर्द गांव में शराब उत्पादकों के विरुद्ध किया गया जबरदस्त कार्रवाई, 72 लीटर महुआ वाली शराब जप्त करते हुए, 5954 लीटर अर्ध निर्मित शराब व बनाने का उपकरण किया गया नष्ट। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम के द्वारा बताया गया, कि बिहार सरकार के शराबबंदी कानूनों के मद्देनजर ससंकल्पित भाव से पालन करते हुए, नशे व नशेड़ीयों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में रविवार दीवा गस्ती के दरमियान् समय लगभग 1:30 बजे गुप्त सूचना मिला, की थाना क्षेत्र के दुर्गम इलाके जो पहाड़ी के 2500 फीट नीचे दुर्गावती नदी के किनारे स्थित है, कधार खुर्द के जंगल में , शराब उत्पादकों द्वारा बड़े पैमाने पर





शराब का उत्पादन किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि हेतु थाना अध्यक्ष के द्वारा, दल बल के साथ दुर्गम इलाके घने जंगल में शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई। प्रशासन को देखते ही दो उत्पादक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले, जहां से 72 लीटर देसी महुआ वाली शराब बरामद किया गया, साथ ही शराब बनाने की तीन भट्ठी व शराब बनाने के उपकरण को ध्वस्त करते हुए, 5954 लीटर सादा गला हुआ गूर एवं महुआ जावा (अर्ध निर्मित शराब) को नष्ट कर दुर्गावती नदी में प्रवाहित कर दिया गया। साथ में उपस्थित चौकीदार के शिनाख्त पर दो शराब उत्पादकों के विरुद्ध मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है। आरोपी शराब उत्पादक रामदुलार सिंह व महेंद्र

(72 लीटर महुआ वाली शराब जप्त, 5954 लीटर अर्ध निर्मित शराब व बनाने का उपकरण किया गया नष्ट)

"स्थानीय लोगों की मानें तो नक्सलियों का नैहर कहीं जाने वाली कधार खुर्द में थाना पुलिस द्वारा पहली बार इतनी बड़ी कार्यवाही है"

सिंह, दोनों ग्राम- कधार खुर्द, थाना- लोहरा, जिला- कैमूर के निवासी बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों की माने तो, नक्सलियों का नैहर कहे जाने वाले कधार खुर्द में स्थानीय थाना द्वारा पहली बार इतनी बड़ी कार्यवाही किया गया है।

थाना प्रशासन ने दो शराब विक्रेताओं के साथ एक शराबी को किया गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कुदरा/कुदरा (कैमूर)- थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से दो शराब विक्रेताओं के साथ ही एक शराबी को किया गया गिरफ्तार भेजा गया न्यायिक हिरासत में। अपर थाना अध्यक्ष सह थाना अध्यक्ष प्रभारी विकास कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मध्य निषेध कानूनों के मद्देनजर शराब और शराबियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में रविवार शाम गुप्त सूचना के आधार पर लालापुर नहर के पास से 11 लीटर देसी महुआ वाली शराब जप्त करते हुए, शराब बिक्री के जुर्म में विक्रेता अमरेंद्र कुमार दुबे पिता चंद्र माधव दुबे ग्राम-बसपूरा, थाना- करहगर, जिला- रोहतास को गिरफ्तार किया गया। वही थाना क्षेत्र के कझार घाट गांव से गुप्त सूचना के आधार पर कझार घाट ग्रामवासी गोलू कुमार पिता गोवर्धन चौधरी को 5 लीटर देसी महुआ वाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। तो थाना क्षेत्र के लालापुर से थाना क्षेत्र अंतर्गत निवरास ग्राम वासी अनिल कुमार पिता संतन धोबी को शराब के नशे में धुत्त हो हंगामा करते हुए गिरफ्तार किया गया। सभी अपराधियों को स्वास्थ्य जांच के उपरांत सोमवार को जेल भेज दिया गया। अमरेंद्र कुमार दुबे उम्र 30 वर्ष पिता चंद्र माधव दुबे ग्राम बसपुरा थाना करहगर जिला रोहतास वर्तमान पता लालापुर थाना कुदरा को 11 लीटर देशी शराब के साथ लालापुर नहर के पास से, गोलू कुमार उम्र 15 वर्ष पिता गोवर्धन चौधरी ग्राम कझारघाट थाना कुदरा को 5 लीटर देशी शराब के साथ कझारघाट पुल के पास से तथा अनिल कुमार उम्र 33 वर्ष पिता संतन धोबी ग्राम नेवरास थाना कुदरा को शराब के नशे में लालापुर नहर के पास से पकड़ा गया है।

थाना प्रशासन ने वाहन जांच के दौरान तीन बाइक चोरों को किया गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर प्रखंड संवाददाता रामपुर/रामपुर(कैमूर)- प्रखंड अंतर्गत करमचट थाना प्रशासन ने वाहन जांच के दौरान तीन बाइक चोरों को किया गिरफ्तार। थाना अध्यक्ष सुनित कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, थाना प्रशासन द्वारा वाहन जांच अभियान के तहत सवार काली माता मंदिर के पास वाहन जांच किया जा रहा था। जिस क्रम में तीन युवक एक बाइक पर सवार होकर आ रहे थे, जब उनसे बाइक से संबंधित दस्तावेज मांगा गया तो उनके द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं दिया गया। साथ ही उनके द्वारा विश्वास जनक जवाब नहीं दिया गया। यह प्रतीत होता है कि यह बाइक चोरी का है। सभी कानूनी

प्रक्रिया कर तीनों युवक को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार तीनों भगवानपुर थाना क्षेत्र के टिकरा ग्रामवासी दिवाकर तिवारी, विवेक तिवारी, और रीतेस तिवारी बताए जा रहे हैं।

बाइक सवार डिवाइडर से टकराया, मौके पर ही मौत

शुभ भास्कर मोहनिया कैमूर।आरा मोहनिया पथ पर पटना मोड़ के समीप ओवर ब्रिज पर सोमवार की शाम डिवाइडर से टकराकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।लेकिन मौके पर ही उसकी मौत हो गई।राहगीर समेत ग्रामीणों को इसकी सूचना मिलते ही पुलिस को भी सूचना दी गई।शव की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के समहुता गांव निवासी अजगर का पुत्र तौहीद के रूप में की गई है।स्थानीय लोगों ने जानकारी दिया कि अपने गांव समहुता से किसी काम के लिए मोहनिया आ रहे थे अभी पटना मोड़ ओवरब्रिज के समीप पहुंचे थे कि डिवाइडर में जोरदार टक्कर हो जाने से मौके पर ही मौत हो गई।मोहनिया पुलिस ने वहां पहुंचकर युवक की बाइक और शव को कब्जे में लेकर आगे की आवश्यक कार्रवाई करने में जुट गई।

आवास योजना के उचित लाभार्थी आज भी आवास योजना से है वंचित

दैनिक शुभ भास्कर प्रखंड संवाददाता रामपुर/रामपुर- प्रखंड अंतर्गत खरेंदा पंचायत में आवास योजना के उचित लाभार्थी आज भी आवास योजना से है वंचित। आपको बता दें कि सरकार द्वारा अनेकों बर्षो से गरीबों के लिए आवास योजना का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें की कुछ लोगों के द्वारा तो इसका लाभ लिया गया, कुछ अमीर लोगों द्वारा भी अधिकारियों से मिलीभगत कर इसका लाभ लिया गया, कुछ लोगों के द्वारा दो-दो बार भी लाभ लिया गया तो कुछ लोगों के द्वारा आवाज के नाम पर पैसे निकासी करने के बावजूद भी नहीं अपने लिए आवास नहीं बनवाया गया। पर जो अपने लिए आवास बनवाने की सोच रखते हैं, वैसे खरेंदा ग्रामवासी जितेंद्र बिंद आज भी आवास योजना वंचित है। जितेंद्र बिंद का कहना है कि मेरा एक भी पक्के का मकान नहीं है, मैं मिट्टी नुमा ढहे हुए घर में रहने को मजबूर हूं, वह घर कब गिर जाएगा इसका कोई ठिकाना नहीं है। मेरे द्वारा कई बार आवेदन दिया गया पर आवास योजना का लाभ हमें अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों द्वारा पैसे की मांग किया जाता है जो कि हमारे पास नहीं है। जिसके वजह से हमारे लिए आज तक आवास नहीं बन पाया। ऐसे कितने लोगों को देखा जा रहा है, कि उनके पास पहले से ही पक्का का मकान है, फिर भी उनको आवास मिल रहा है। इससे तो यही साबित होता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पूंजी वाले को ही मिलेगा जो उचित लाभार्थी हैं उन्हें नहीं मिलेगा।

थाना प्रशासन ने दो शराब विक्रेताओं के साथ एक शराबी को किया गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कुदरा/कुदरा (कैमूर)- थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से दो शराब विक्रेताओं के साथ ही एक शराबी को किया गया गिरफ्तार भेजा गया न्यायिक हिरासत में। अपर थाना अध्यक्ष सह थाना अध्यक्ष प्रभारी विकास कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मध्य निषेध कानूनों के मद्देनजर शराब और शराबियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में रविवार शाम गुप्त सूचना के आधार पर लालापुर नहर के पास से 11 लीटर देसी महुआ वाली शराब जप्त करते हुए, शराब बिक्री के जुर्म में विक्रेता अमरेंद्र कुमार दुबे पिता चंद्र माधव दुबे ग्राम-बसपूरा, थाना- करहगर, जिला- रोहतास को गिरफ्तार किया गया। वही थाना क्षेत्र के कझार घाट गांव से गुप्त सूचना के आधार पर कझार घाट ग्रामवासी गोलू कुमार पिता गोवर्धन चौधरी को 5 लीटर देसी महुआ वाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। तो थाना क्षेत्र के लालापुर से थाना क्षेत्र अंतर्गत निवरास ग्राम वासी अनिल कुमार पिता संतन धोबी को शराब के नशे में धुत्त हो हंगामा करते हुए गिरफ्तार किया गया। सभी अपराधियों को स्वास्थ्य जांच के उपरांत सोमवार को जेल भेज दिया

हड़ताल आशा कर्मी एवं आशा फैसिलिटेटर लगातार आज 11 दिनों से हड़ताल पर हैं

आशा कर्मियों के द्वारा किया गया अनिश्चित समय का हड़ताल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रामगढ़ कैमूर/ रामगढ़- रामगढ़ प्रखंड के सभी आशा कर्मियों एवं आशा फेस लेटर के द्वारा अनिश्चित समय तक किया गया हड़ताल आशा कर्मी एवं आशा फैसिलिटेटर लगातार आज 11 दिनों से हड़ताल पर हैं

बतला दें कि इन लोगों का कहना है कि गूंगी और बहरी सरकार के द्वारा वेतन बढ़ाने एवं मानदेय देने का प्रस्ताव किया गया था लेकिन आज उस बात से सरकार पीछे मूडती हुई दिख रही है इस संदर्भ में आशा कर्मी एवं आशा फैसलेटर कुछ प्रतिनिधियों के द्वारा भी अपनी मदद मांगने की कोशिश की लेकिन आशा कर्मी हम आशा फेस लेटर के द्वारा कहा जा रहा है कि कोई भी प्रतिनिधि इनकी सहयोग करने के लिए तैयार नहीं हैं इन लोगों का

कहना है कि जब चुनाव आता है तो उस समय सभी प्रतिनिधि एक बार बुलाने पर सौ बार दिन भर में आते हैं

लेकिन आज जब हम लोग अपनी मदद के लिए बुला रहे हैं तो कोई भी सुनने को तैयार नहीं हो रहा है इसी बीच आशा कर्मी एवं आशा फैसलेटर जिला अधिकारी सावन कुमार से भी मिली और उन्होंने अपनी बात जिला अधिकारी सावन कुमार से कहें लेकिन इन आशा कर्मियों का कहना है कि जिला अधिकारी सावन कुमार हम लोगों को संतुष्ट जनक जवाब न देते हुए सिर्फ यह कहते हुए हम लोगों को वापस कर दिए कि आप लोगों की बातों को हम ऊपर तक रखेंगे लेकिन आज दिन सोमवार को रामगढ़ की सड़कों पर आकर अपना हड़ताल को रखतेहुए और पूरे बाजार में रैली निकाली गयी और नारे सरकार के विरुद्ध नारेबाजी भी किया गया आशा कर्मी एवं आशा फैसले टके हड़ताल से रामगढ़ रेफरल अस्पताल के कार्य में बाधित होता हुआ नजर आ रहा है यहां तक की रामगढ़ रेफरल अस्पताल का कार्य दिन प्रतिदिन नीचे की ओर गिरता हुआ दिख रहा है

रेलवे की भूमि पर अनाधिकृत रूप से हो रही खेती, रेलवे को राजस्व की क्षति

कैमुर/। पूर्व मध्य रेल द्वारा संझौली स्टेशन के आधारभूत संरचना निर्माण के लिए करीब 50 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई थी।संरचना निर्माण से शेष बचे भूमि पर अनाधिकृत रूप से रेलवे विभाग कि भूमि पर स्थानीय कर्मियों की शाह पर होती है अनाधिकृत रूप से खेती। जानकार बताते हैं कि 1995- 96 में तत्कालीन रेल मंत्री रामविलास पासवान ने बजट सत्र में आरा- सासाराम खण्ड निर्माण की स्वीकृति दी थी। इसके बाद तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में उक्त रेलखड का डीपीआर तैयार की गई।

इसके बाद पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के कार्यकाल में कार्य प्रारंभ हुआ एवं जनवरी 2009 में आरा-

सासाराम रेल का परिचालन प्रारंभ हुआ। 96 किलोमीटर आरा- सासाराम रेलखंड के आधारभूत संरचना के लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण की गई थी । पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत आरा- सासाराम रेलखंड 96 किलोमीटर निर्माण के लिए सासाराम से आरा तक काफी संख्या में भूमि अधिग्रहित की गई थी । रेलवे की रेल पटरी बिछाए जाने के बाद आधारभूत संरचना का भी निर्माण हुआ। इसके बाद शेष बचे भूमि पर या तो भूमि माफिया अथवा पूर्व के रैयत उक्त भूमि पर धान- गेहूं का खेती कर लाखों रुपए उपार्जन कर रहे हैं। विभाग को राजस्व की हो रही क्षति। ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि पूर्व में रेलवे विभाग के निचले स्तर के अधिकारियों की मिलीभगत से आर्थिक लाभ देकर दिन के उजाले में खेती होती थी। दो-तीन वर्ष के बाद यह परंपरा टूट गई। अब रात के अंधेरे में अथवा मौका देख कर रेलवे की भूमि पर खेती की जाती है। रेल को राजस्व के रूप में एक रुपए भुगतान नहीं की जाती है। इस संबंध में पूर्व मध्य रेल के सहायक मंडल अभियंता बिक्रमगंज एन0के0 सिन्हा ने कहा कि रेलवे की भूमि चिन्हित कर खंभा गाड़ दी गई है। अनधिकृत रूप से हो रही खेती। नहीं की गई है बंदोबस्ती।

ख़ास ख़बर

ग्रामीणों ने लगाया ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप,किया विरोध प्रदर्शन

दैनिक शुभ भास्कर/ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर। देवकली विकास खंड अंतर्गत मुतुर्जीपुर गांव के ग्राम प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों ने जमकर ग्राम प्रधान मुर्दाबाद के नारा लगाया।ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अवधेश चौहान पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम सभा की मुख्य मार्ग पर खड़ंजा न बिछने के कारण ग्रामीणों को बरसात के समय में काफी कठिनाईयां हो रहा है कुछ लोग रास्ते में पानी भरने के कारण गिर जाते हैं वहीं ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा अपने घर तक जाने का रास्ता पिच करवा दिया गया है।रविवार को ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची मीडिया की टीम ने पूरे गांव का भ्रमण किया तो तमाम ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अंदर रास्ता बहुत खराब है। रास्ता खराब होने के कारण बरसात के दिनों में पानी लग जाता है। खराब रास्ते पर ग्राम प्रधान का एक बार भी ध्यान नहीं जाता है।ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत करने पर ग्राम प्रधान द्वारा जेल भेजने की धमकी दी जाती है।ग्रामीणों ने बताया कि अगर खराब रास्ता सही नहीं होता वह मुख्य मार्ग पर खड़ंजा नहीं बिछता है तो हम सभी धरना के लिए बाध्य होंगे।ग्रामीणों ने मीडिया टीम को लिखित शिकायत भी दिया उन्होंने कहा कि अगर रास्ता नहीं बना तो हम सभी अगले दिन डीएम के यहां जायेंगे।ग्राम प्रधान के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला।

यादव महासभा के अध्यक्ष और समाज के प्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित किया

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ गाजीपुर- पूर्वांचल के गांधी रामकरन यादव (दादा जी) समस्त समाज के लिए प्रेरणादायक रहे है आज उनके प्रतिमा पर फूल माला अर्पित करने यादव महासभा गाजीपुर के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव व समाज के प्रमुख लोग राम नगीना यादव सिंघासन यादव रविन्द्र यादव पहुँचे राम करन डिग्री कॉलेज के प्रबंधक पूर्व एमएलसी विजय यादव ने सबका स्वागत अभिनंदन किया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने दादा जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गर्व की बात है दादा जी जैसे महान व्यक्ति गाजीपुर को मिले थे जिन्होंने राजनीति का मायने बदल कर हर वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य किया दादा जी सबके लिए आदर्श थे उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने दादा जी के साथ मित्रवत बेवहार किया और सबसे ज्यादा सम्मान कर के हमेशा कोर कमिटी में साथ रखें

सदर अंचल में बिचौलियों की अब खैर नहीं नए सीओ रीता कुमारी दिखी एक्शन में

दरभंगा सदर अंचल के नए अंचलाधिकारी जमुई जिला के गिरधर अंचल निवर्तमान में सीओ के पद पर थी रीता कुमारी और सदर अंचल में सोमवार को पदभार ग्रहण किया। नए सीओ रीता कुमारी ने निवर्तमान सीओ इंद्रासन साह से पदभार ली।पदभार ग्रहण करने के बाद सीओ ने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जमीनी विवाद का हल अब निकलेगा तेजी से। अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों से सख्त निर्देश दिया कि काम में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे।अंचल, आरटीपीएस सहित हल्का कार्यालय पर बिचौलियों की जमावड़ा देखने पर चिन्हित कर की जाएगी करवाही। कई जगह पर सरकारी अतिक्रमण किए हुए लोगों से मुक्त किया जाएगा। शनिवार को जमीन संबंधित जनता दरबार में विशेष पहल करके जमीनी विवाद को सुलझाया जाएगा। वही बताएं कि अंचल में जो भी कार्य कराने आए लोगों से अपील कि बिचौलियों के माध्यम कार्य ना कराए और बिचौलियों से बचे सूचना मिलने पर हमे सूचित करें कार्रवाई की जाएगी।

फेमस पूर्वांचल विकास संस्था का सांस्कृतिक कार्यक्रम पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह हुआ संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर फेमस पूर्वांचल विकास संस्था द्वारा आयोजित उत्कृष्ट नागरिक व छात्र सम्मान समारोह का कार्यक्रम शहर के एक निजी पैलेस में आयोजित किया गया था। जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सपना सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात लूदर्स कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किये। तथा आए हुए अतिथियों के स्वागत में जनपद के मशहूर एंकर राकेश सिंह ने स्वागत गीत के माध्यम से सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि को संस्था प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह अध्यक्ष सारिका सिंह एवं पूर्व कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष अंबिका दुबे ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तथा ग्रीनमैन अरविंद आजाद ने मुख्य अतिथि को उपहार स्वरूप एक अशोक का पौधा भेंट किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सपना सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा एवं टैलेंट को प्रत्येक लोगों के सामने अवगत करना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में डांस कंपटीशन द्वारा बच्चों की प्रतिभा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में छात्राओं की संख्या अधिक देखकर मुख्य अतिथि श्रीमती सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं दी और कहीं की नारी शक्ति अब हर जगह अपनी प्रतिभा और टैलेंट की वजह से आगे हैं। बतायी कि आज हमारे जनपद के जिलाधिकारी एक महिला है उप जिलाधिकारी भी एक महिला है तथा मैं स्वयं जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में हूँ। मुख्य अतिथि के हाथों द्वारा प्रमाण पत्र व मेडल पाकर छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक बेहद खुश नजर आए। छोटे बच्चों के डांस कंपटीशन ने मुख्य अतिथि समेत आए हुए सभी अतिथियों तथा अभिभावकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम पर्यवेक्षक एवं डायट प्रवक्ता हरिओम प्रताप यादव ने कहा कि छात्रों द्वारा पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन के समानांतर सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा भी निखरती है,हर छात्र को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी रुचि लेनी चाहिए।संस्था द्वारा नामित विभिन्न क्षेत्रों स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, संस्कृत, साहित्य, लेखन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पूर्वांचल के उत्कृष्ट 9 रत्नों को पूर्वांचल रत्न सम्मान से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में धर्मेंद्र मिश्रा, शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु सैदपुर डायट प्रवक्ता राजवंत सिंह,ब्लड बैंक गाजीपुर मेडिकल कॉलेज से साकेत सिंह, इंजीनियर सुरेंद्र प्रताप,डॉक्टर बीती सिंह, सूरज मौर्या मां शारदा ग्रुप ऑफ कॉलेज जलालाबाद दुल्लहपुर गाजीपुर सहित सभी पूर्वांचल रत्न से सम्मानित विभूतियों को पूर्वांचल रत्न सम्मान का स्मृति चिन्ह,अंग वस्त्रम व माल्यार्पण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।तथा सभी को अशोक का पौधा उपहार स्वरूप भेंट कर ग्रीनमैन अरविंद कुमार आजाद ने उन्हें हरित शुभकामनाएं दी। राज्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष अंबिका दुबे ने पूर्वांचल रत्न से सम्मानित विभूतियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि आप जैसे महानुभावों के पद चिन्हों पर चलकर एक नए भारत का निर्माण संभव है। तत्पश्चात संस्था द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कलमकार बंधुओं को स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर संस्था अध्यक्ष ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी संस्था प्रबंधक अभिषेक सिंह एवं संस्था अध्यक्ष सारिका सिंह के इस नेक पहल की सराहना की। इस मौके पर हर्ष सिंह भाजपा युवा मोर्चा करंडा मंडल अध्यक्ष, विकास सिंह,व राजकीय आईटीआई कर्मचारी संघ अध्यक्ष संदीप यादव, डीओसी स्काउट नितेश यादव सहित सैकड़ो सम्मानित अतिथि मौजूद रहे।

यादव समाज के संगठित होने का लाभ सभी समाज और जातियों को मिलेगा- भरत यादव

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को बबेड़ी स्थित कैम्प कार्यालय पर हुई। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवम संगठन के संरक्षक हरिद्वार यादव ने मीडिया के सवाल पर जबाब में बताया कि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. राम अवतार यादव की मृत्यु के पश्चात अप्रैल 2021 में वर्तमान महामंत्री भरत यादव को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष पूर्णकालिक एक बैठक में चुना गया। जिसके उपरांत एक साल के परीक्षण काल में उनके कार्यों को देखते हुए एवं कर्तव्य निष्ठा के फल स्वरुप उनको जिला अध्यक्ष के रूप में जिला कार्यकारिणी द्वारा नियुक्त किया गया। जिसकी सूचना प्रदेश कार्यकारिणी को दी गई। सूचना के आधार पर प्रदेश अध्यक्ष ने भरत यादव को गाजीपुर के यादव महासभा का जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यादव समाज की एकता और मजबूती से ही राजनीतिक हिस्सेदारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे महासभा की मजबूती के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। और यादव समाज के संगठित होने का लाभ सभी समाज और जातियों को मिलेगा।

सभा का संचालन करते हुए प्रवीण कुमार यादव ने जिला कार्यकारणी की मजबूती के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दिया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम विजय यादव ने कहा की संगठन के विस्तार पर विशेष रूप से जमीन से जुड़ कर कार्य करने की जरूरत है। वही जिला उपाध्यक्ष राम ज्ञान यादव ने कार्यकारिणी के विस्तार और नये पदाधिकारियों के मनोनयन पर कहा कि जल्द ही महासभा अगली बैठक में इस विषय पर कोई मजबूत निर्णय लेगी। हम लोग अब ज्यादा मजबूती से काम कर रहे है।

और अपने समाज के प्रति जवाबदेही का भी ध्यान रख रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भरत यादव ने की। कार्यक्रम का संचालन संग्राम यादव सदर ब्लाक अध्यक्ष ने किया। इस मौके पर हरिद्वार यादव, भरत यादव, संग्राम यादव, रामज्ञान यादव, राम विजय यादव, प्रवीण कुमार यादव, मदन यादव, मंजय यादव, रामचंद्र यादव, पंकज यादव, मनोज यादव, कमलेश यादव, मार्कण्डेय यादव, राम जी यादव, डा.विनोद यादव आदि सजातीय बंधुओं की उपस्थित रही।

छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित लॉटरी टिकट,चार मोबाइल और नगद राशि के साथ पांच धंधेबाजों को गिरफ्तार

फारबिसगंज। फारबिसगंज पुलिस ने गुप्त सूचना पर गुदरी मुहल्ला वार्ड संख्या 14 में छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित लॉटरी टिकट,चार मोबाइल और नगद राशि के साथ पांच धंधेबाजों को गिरफ्तार किया।फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद की अगुवाई में एसआई हरेन्द्र कुमार, एसआई सरोज कुमारी और बीएमपी के जवानों को साथ छापेमारी की।

पुलिस ने अलग अलग बंडल से प्रतिबंधित 23 हजार लॉटरी टिकट और नगद 7 हजार 980 रुपैया बरामद किया।

पकड़े गए धंधेबाजों में गुदरी मुहल्ला वार्ड संख्या 14 के मो.समीर पिता मो.सगीर, बथनाहा वार्ड संख्या एक के मो.जमशेद पिता -मो.बदर अंसारी, बीरवान चौक वार्ड संख्या 15 के मो.आबिद हुसैन पिता - मो.इस्लाम हुसैन,दरभंगिया टोला वार्ड संख्या 12 के मो.ताज अंसारी पिता -मो.तैयब अंसारी और गोगी पोठिया वार्ड संख्या 6 में मो.अरमान पिता - मो.अली हसन शामिल हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस लॉटरी के धंधेबाजों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेहको खंगालने में जुटी है। पुलिस मामले की तफ्तीश में लगी है।

अगले माह जिलाधिकारी ने गांव सभा हरधना मनिहारी में चौपाल लगाने का दिया आश्वासन

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ गाजीपुर । पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महा ग्रापए प्रदेश अध्यक्ष हरिनारायण यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी गाजीपुर को सौंपा गया पत्रक, जिलाधिकारी महोदय पत्रक लेते हुए कहा कि ग्राम पंचायत हरधना लालपुर हरी, मदारपुर की सड़क पर पानी बह रहा है उसे बंद करने का आदेश खंड विकास अधिकारी मनिहारी को दिया,और साथ साथ यह भी कहीं की प्रधान द्वारा पक्की नाली में मिट्टी से पाटा गया है उसे खोदवा कर नाली की सफाई करते हुए नाली को आगे तक बढ़ाने का काम किया जाएं,जब पत्रकारों ने जिलाधिकारी से निवेदन के साथ कहा कि गांव में बहुत बड़ी बड़ी समस्यायों का जाल है और आप कब गांव सभा में चौपाल लगा कर गरीबों की समस्यायों और पानी निकासी, सड़क जैसी समस्या का समाधान आप द्वारा कब किया जाएगा तो जिलाधिकारी ने कहा कि अगले माह मनिहारी व्लाक के गांव हरधना लालपुर हरी में चौपाल लगाएंगे उसी दौरान समस्या का समाधान होंगा तब तक के लिए सड़क सफ़ाई और नाली में पटी मिट्टी को हटा कर आगे के तरफ पानी निकासी करने का आदेश बीडीओ मनिहारी को दिया है।महा ग्रापए टीम में सामिल होने वाले पत्रकार महा ग्रापए प्रदेश कोषाध्यक्ष अजीत विक्रम,महा ग्रापए प्रदेश संगठन मंत्री उग्रशेन सिंह, रामअवध राजभर, हसन, शिवलोचन, आनंद प्रजापति,अजित मोदनवाल, शिवप्रकाश पांडे, गुड्डू सिंह,टीका,बीएन तिवारी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

दरभंगा के पंडासराय स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक के ब्रांच में मनाया गया बैंक का 116 वां स्थापना दिवस

दरभंगा लहेरियासराय बैंक ऑफ बड़ौदा को 116 साल हो गए इस उपलक्ष्य में बैंक ऑफ बड़ौदा के दरभंगा स्थित पंडासराय ब्रांच में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सह क्षेत्रीय प्रमुख राजीव कुमार चौधरी ने सभी कर्मचारियों के साथ केक काटकर दिन की शुरुआत की और ब्रांच में आने वाले सभी ग्राहक एवं अतिथि का मिठाई एवं केक खिलाकर स्वागत किया। वही वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुधांशु कुमार पुष्कर ने पंचोभ स्थित मध्य स्कूल में बच्चों के बीच बैग और पेंसिल बॉक्स वितरण करके समारोह को आगे बढ़ाया। सुधांशु कुमार पुष्कर ने बताया की इस वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बैंक महिला सम्मान बचत सर्टिफिकेट की शुरुआत कर रहा है जिसमें घरेलू महिलाएं जिनकी आय एवं बचत बहुत कम होती है, वह भी 1000 से इसकी शुरुआत कर सकती हैं,तथा अपने और अपने परिवार के लिए कुछ धन जमा कर सकती हैं। इस बचत प्लान की अवधि 2 साल है और इस पर मिलने वाले ब्याज 7.5% है। शाखा प्रबंधक का कहना है कि यह घरेलू महिलाओं के लिए बहुत अच्छा बचत प्लान है। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट ग्राहक सहित राजू झा, प्रणव प्रसून, आशीष साहू, पायल कुमारी, प्रदीप झा, मनोज कुमार, प्रदीप ठाकुर एवं अन्य सभी बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

राजस्थान आंदोलन के जिला सहसंयोजक हाड़ा ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

दैनिक शुभ भास्कर/मोहन सिंह /राजस्थान/ चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा के साड़ास मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नही सहेगा राजस्थान आंदोलन के तहत सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।आंदोलन में बेगूं विधानसभा के किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गहलोत सरकार के राहत कैंप जनता को सिर्फ भ्रमित करने का माध्यम है। कांग्रेस सरकार ने अपने पांच साल सिर्फ आपसी कलह में निकाल दिए है।इतने दिनों तक सरकार ने कुछ नही किया,इसलिए अब ये सरकार जनता को भ्रमित करने की असफल कोशिश कर रही है,परंतु राज्य का जवान,बुजुर्ग सरकार की मंशा से भलीभाती परिचित है। जनता आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मुंह तोड़ जवाब देगी।2013 से 2018 के बीच जब भाजपा की सरकार थी तब वसुंधरा राजे की सरकार ने दलितों,गरीबों, अल्पसंख्यकों, नौजवानों,बुजुर्गो के लिए एक एजेंडा बनाकर काम किया था। हाड़ा ने कहा गहलोत सरकार सिलेंडर पर सब्सिडी की बात कर रही है,परंतु जब तक गरीबों का एक सिलेंडर खत्म नही होगा उस से पहले गहलोत सरकार की विदाई हो जायेगी। कांग्रेस सरकार ने बेरोजगारों को 3500 रुपए भत्ता देने का झूठा वादा किया,कर्ज माफी का झूठा वादा किया।केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए हाड़ा ने कहा कि भाजपा ने अपने सफल नो साल में गरीबों,दलितों,वंचितों,युवा,बुजुर्ग के लिए कार्य किया है,मोदी सरकार ने जनधन में खाते खुलवा कर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई है।अब पेंशन हो या सरकारी योजनाओं का लाभ जनता के सीधे खाते में आता है।

बैठक एसडीओ ने कहा कि बिना लाइसेंस ताजिया जुलूस निकाले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

मोहर्रम को लेकर पलासी झौआ कर्बला मैदान में एसडीओ, एसडीपीओ ने किया शांति समिति की बैठक

पटेगना ।आगामी मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर रविवार को प्रखंड के पलासी झौआ कर्बला मैदान में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओ शैलेन्द्र चंद्र दिवाकर एवं एसडीपीओ रामपुकार सिंह, सीओ गोपीनाथ मंडल, थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य व ग्रामीण मौजूद थे।

इस दौरान एसडीओ ने कहा कि बिना लाइसेंस ताजिया जुलूस निकाले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। एसडीपीओ शैलेन्द्र चंद्र दिवाकर ने कहा कि शांति व्यवस्था में खलल उत्पन्न करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कर्बला मैदान में मेला में बैरेकेडिंग कराया जाएगा और सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करेंगे। मंच संचालन पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार झा ने किया। पूर्व मुखिया शोएब आलम ने कहा कि ताराबाड़ी थाना क्षेत्र शुरू से ही भाईचारा के लिए जाना जाता रहा है। जिसको बरकरार रखते हुए सभी पर्व त्यौहार एक साथ मिलजुल कर मनाया जाता है। बैठक की अध्यक्षता करते थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर ने कहा कि किसी भी अखाड़े से जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

सभी जनप्रतिनिधियों से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की। कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर एवं सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अनिसुर रहमान, मुखिया दयानंद सादा, पूर्व मुखिया शोएब आलम, मुमताज अंसारी, पंसस आजाद अंसारी, सरवर आलम, एएसआई प्रभू नाथ सिंह, महमूद अंसारी, लाईसेंस धारी नियाज अंसारी, अब्दुल रशील डिलर, शमशाद अंसारी, नशर रहमानी, सुरेश सिंह आदि मौजूद थे।

बाढ की स्थिति को देखते हुए बचाव व राहत कार्यो के प्रबन्धन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति जनपदस्तरीय अधिकारियों संग समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ।

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर/ बाढ की स्थिति को देखते हुए बचाव व राहत कार्यो के प्रबन्धन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति जनपदस्तरीय अधिकारियों संग समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद मे बाढ प्रभावित होने वाले ग्रामो की जानकारी लेते हुए बचाव एवं राहत कार्यो के प्रबन्धन की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने जनपद आपदा नियंत्रण कक्ष को 24ग7 घण्टे संचालन का निर्देश दिया इसके साथ बाढ प्रभावित परिवारो को खाद्यान्न एवं अन्य राहत सामग्री हेतु प्रि-टेण्डरिंग की जानकारी ली। उन्होने नगरीय क्षेत्रो में नालो आदि की सफाई तथा जल भराव आदि की दशा में जल निकासी हेतु आवश्यक पम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चि कराने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होने तटबन्धो/बन्धो के कटान एवं दरार आदि को रोकने। नहर नालो से खरपतवार, भवन निर्माण समाग्री , मलबो को हटाये जाने सम्बन्धित कार्य, मार्ग मे आई दरारो, गढढो का भराव, डेऊेनेज , सीवरेज से मलबे की निकासी, बाढ प्रभावित क्षेत्रो के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सा0स्वा0केन्द्रो मे पर्याप्त वांछित दवाईयो की उपलब्धता, सर्पदंश की घटनाएँ बढने के कारण वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था , पशुओ के लिए चारे-पानी की व्यवस्था, जनपद में स्थापित बाढ चौकियों की 24 घण्टे क्रियाशीलता ,राहत एवं बचाव कार्यो हेतु नावो की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक मे बताया गया कि जनपद के सात तहसीलो यथा सैदपुर , जमानिया, सेवराई, मुहम्मदाबाद, कासिमाबाद, जखनिया एवं सदर मे कुल 82 अतिसंवेदनशील, 104 संवेदनशील एवं 387 सामान्य ग्राम है जो बाढ की स्थिति में प्रभावित हो सकती है। जनपद मे कुल 124 बाढ चौकियां बनायी गयी है। बाढ के दौरान आपदा से निपटने के लिए 197 मझोली एंव 104 बड़ी नावो, 27 गोताखोर, 364 नाविको को लगाया गया है। इसके अतिरिक्त 24 बाढ राहत केन्द्र, 29 शरणालयो की स्थापना की गयी है तथा बचाव राहत कार्य हेतु 517 आपदा मित्रो को तैनात किया गया है। बैठक मुख्य विकास अधिकारी संतोश कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

ख़ास ख़बर

सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने निम्न विधानसभाओं अध्यक्षों व ब्लाकों के अध्यक्षों की घोषणा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या 24 जुलाई/ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने निम्न विधानसभाओं अध्यक्षों व ब्लाकों के अध्यक्षों की घोषणा की गई विधानसभा गोसाईगंज विधानसभा अध्यक्ष गोसाईगंज सियाराम निषाद विधानसभा बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा राजू वर्मा विधानसभा मिल्कीपुर विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव विधानसभा गोसाईगंज के तारुन ब्लॉक अध्यक्ष अर्पित पटेल ब्लॉक अध्यक्ष मया बिंदेश्वरी यादव ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर गया प्रसाद यादव विधानसभा बीकापुर से सोहावल ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव मसौधा ब्लॉक अध्यक्ष सूरज निषाद विधानसभा मिल्कीपुर से अमानीगंज ब्लाक अध्यक्ष रामदीन रावत मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष रामतेज यादव हरंटीनगंज ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश चौरसिया को घोषित किया गया ।सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने सभी विधानसभा व ब्लॉक अध्यक्ष से 1 सप्ताह में अपने नवनियुक्त कमेटी की सूची उपलब्ध कराने को कहा है ।

जिला पुरुष चिकित्सालय में लगेगा नसबंदी शिविर

गोण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी/ स्वास्थ्य विभाग 25 जुलाई को जिला पुरूष चिकित्सालय में पुरुष नसबंदी शिविर लगाया जाएगा। डा0 अनिल कुमार सर्जन पुरुष नसबन्दी एनएसवी द्वारा जिला पुरुष अस्पताल जनपद गोण्डा मे मंगलवार 25 जुलाई कलको आयोजित पुरुष नसबन्दी शिविर मे अपनी सेवा दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने बताया कि परिवार नियोजन किये जाने हेतु पुरूष नसबंदी एक बेहतर विकल्प है। जनसंख्या की बढ़ती विकास दर एवं सीमित होते संसाधनों और इसके दुष्परिणाम स्वरूप होने वाले आगामी जीवन की भयावहता को रोकने का एकमात्र उपाय जनसंख्या स्थिरीकरण है। नसबंदी ऑपरेशन स्वीकारकर्ता को क्षतिपूर्ति राशि भी शासन की ओर से प्रदान की जाती है। पुरूष नसबंदी (बिना चीरा-बिना टांका) एक सरल एवं आसान प्रक्रिया है। सीएमओ ने परिवार नियोजन के इच्छुक पुरुष हितग्राहियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर पुरूष नसबंदी सेवा प्रदायगी दिवस का लाभ उठायें।

भगवान श्रीराम की नगरी में शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा



सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या। सावन के तीसरे सोमवार को रामनगरी में शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा हुई। सीएम योगी के निर्देश पर नागेश्वरनाथ मंदिर में शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की गई। सरयू घाट के किनारे अयोध्या में सावन के तीसरे सोमवार पर हुई पुष्पवर्षा से श्रद्धालुओं में काफी हर्ष रहा। इस शुभ संयोग पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लाखों श्रद्धालु और कांवड़िये सुबह से ही यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा के लिए हेलीकॉप्टर ने राम कथा पार्क से उड़ान भरी। मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नीतीश कुमार और एसएसपी राज करन नैय्यर इस पर सवार हुए। हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा देख शिवभक्त भाव-विभोर हो गये। इस दौरान हर-हर महादेव, ओम् नमः शिवाय और हर-हर बम-बम के जयकारों से अयोध्या गुंजायमान हो उठी। रात 12 बजे के बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नागेश्वरनाथ मन्दिर में शिवभक्तों ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों के बीच मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलते ही शिवभक्तों का जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ, जो लगातार चलता रहा। नागेश्वरनाथ मंदिर में मंडलायुक्त, आईजी डीएम-एसएसपी ने शिवभक्तों पर फूल बरसाये। पुष्प वर्षा का दृश्य अत्यंत मनमोहक लग रहा है। शिव भक्तों ने कहा कि वह हर साल सावन में नागेश्वरनाथ मन्दिर आते हैं, लेकिन इस बार जो पुष्प वर्षा की गई, उसका अलग ही नजारा दिखा।

डीएम व एसएसपी की उपस्थिति में सभी विभागों द्वारा समन्वय स्थापित कर मॉकड्रिल रिहर्सल किया गया

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ अयोध्या । जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर की उपस्थिति में तहसील रूदौली के आपदा प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत सण्डरी के मजरे महंगू का पुरवा में बचाव एवम् राहत कार्यो का रिहर्सल/प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर राहत एवं बचाव कार्य से सम्बंधित सभी विभागों द्वारा समन्वय स्थापित कर मॉकड्रिल/रिहर्सल किया गया। जिसमें लेखपालों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के निवासियों को अपने जरूरी सामान एवं कागजात आदि लेकर सुरक्षित स्थान पर जाने तथा एसडीआरएफ टीम द्वारा बाढ़ में फंसे लोगों, डूबते व्यक्ति व बाढ़ में फंसे जानवरों को रेक्यू करने तथा उन्हें मेडिकल सहायता पहुंचाने, सुरक्षित स्थानों/बाढ़ राहत शिविरों तक ले जाने आदि का मॉकड्रिल किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न विभागों यथा पशुपालन, राजस्व, विकास, सिंचाई, पीडब्लूडी, आपूर्ति, स्वास्थ्य, उ0प्र0 आपदा बल, होमगार्डस, पुलिस आदि की तैयारियों की जानकारी ली तथा सम्बंधित विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के तीन तहसीलों सदर, रूदौली व सोहावल में क्रमशः 10, 07, 01 कुल 18 ग्राम बाढ़ प्रभावित है। जिसमें प्रभावित लोगों को त्वरित राहत एवं बचाव उपलब्ध कराने तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने आदि की पूरी तैयारी की गयी है।उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नजर बनाये रखने हेतु पर्याप्त बाढ़ चैकियां बनायी गयी है। 14 शरणार्थी शिविर बाढ़ शरणालय बनाये गये है। स्वास्थ्य विभाग की 38 टीमें तथा पशुपालन विभाग की 28 टीमें गठित की गयी है। एंटी स्नैक बेनम व अन्य महत्वपूर्ण दवायें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

पशुओं के टीकाकरण का कार्य निरन्तर जारी है। बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक सामाग्री पहुंचाने व राहत बचाव हेतु 150 नावो की व्यवस्था है, जिसमें 15 मोटर वोट हैं। राहत किट एवं भूसे का टेण्डर किया जा चुका है।

जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सम्बंधित अधिकारियों को सर्तक दृष्टि हेतु निर्देशित किया गया है। मॉकड्रिल के उपरांत जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तहसील सोहावल के ग्राम पंचायत महोली में स्थापित बाढ़ शरणालय बाढ़ कार्य खण्ड अयोध्या का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ शरणालय भवन, बाढ़ के उपरांत बाकी समय में खाली रहता है उस दौरान भी इसकी उपयोगिता सुनिश्चित की जाए। पूरे महंगू के पुरवा में मॉकड्रिल के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित ग्रामीण परिवेश के बच्चों से कवितायें एवम् पहाड़ा सुनकर, गणित के सवालों को लगवाकर, हिन्दी के विभिन्न शब्दों/वाक्यों को पढ़वाकर उनके शैक्षित स्तर को परखा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी परिवार एवं समाज के उत्थान का सबसे महत्वपूर्ण साधन शिक्षा ही है अतः सभी परिजन एवं माता-पिता अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से निरन्तर विद्यालय भेंजे। बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, बच्चों को शिक्षा प्रदान करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। प्रधान का भी मुख्य कार्य एवं दायित्व अपने क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में सतत् उपस्थिति सुनिश्चित कराना तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कराना है।

किसी भी समाज की नींव उसकी भाषा व संस्कृति ही होती है- श्वेता राज सिंह

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ अयोध्या। राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, नई दिल्ली के तत्वाधान में हर वर्ष सिंधी विषय से सार्टिफिकेट, डिप्लोमा व एडवांस डिप्लोमा की कक्षाएं चलाई जाती है, यह कक्षाएं देश भर के कई जनपदों में भिन्न भिन्न संस्थाओ द्वारा संचालित की जाती है, वर्ष 2022-23 के सत्र में जनपद अयोध्या में यह कक्षायें सिंधू लेडीज क्लब व सिंधु एडुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त सहयोग से चलाई गई थी जिसमे समाज के बच्चों, बड़ो व महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया, सार्टिफिकेट कोर्स पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 30, डिप्लोमा में 41 व एडवांस डिप्लोमा में 10 बच्चों ने सिंधी विषय से पढ़ाई पूरी की, यह कक्षाएं सिंधी विषय में पारंगत व गोल्ड मेडलिस्ट सिंधी अध्यापक संत कपिल हासानी, संगीता खटवानी,हर्षा हासानी,गीत हासानी, कोमल लखमानी आदि कई शिक्षको के शिक्षण कौशल से सम्पन्न कराई गयी। सभी कोर्स की परीक्षाएं कुछ माह पूर्व राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद द्वारा सम्पन्न कराई गई थी जिसके परीक्षा फल की घोषणा समारोह पूर्वक की गई, कार्यक्रम की शुरुवात में सिंधु एडुकेशनल एंड वेल्फेयर सोसाइटी की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा संगीत खटवानी व मीडिया प्रभारी वंशिका कोटवानी के द्वारा मुख्य अतिथि एडवोकेट श्वेता राज सिंह को पाखर पहना कर की गई, सिंधु लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा किरन पंजवानी को भी उनके सहयोग के लिए पाखर पहना कर सम्मानित किया गया, सास्कृतिक मंत्री के रूप में कनक चेनानी को पदभार दिया गया व मीडिया का प्रभार वंशिका कोटवानी व सहयोगी हर्षा रूपानी को दिया गया सभी को मुख्य अतिथि के द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर अभिनन्दन किया गया।

सिंधी सार्टिफिकेट कोर्स में रितिका आहूजा प्रथम,रजनी आहूजा दृतिय व सिमरन आहूजा तृतीय स्थान पर रही, डिप्लोमा में छाया संगतानी प्रथम, लक्ष्मी लखमानी व पलक संगतानी दृतिय व सौम्या उतरानी तृतीय स्थान पर रही, एडवांस डिप्लोमा में रेशमा लखमानी प्रथम, सपना खेटपाल दृतिय व वंशिका गंगवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सिंधी समाज का नाम रोशन कीया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एडवोकेट स्वेता राज सिंह ने सभी प्रथम, दृतिय व तृतीय आये बच्चों का माला पहना कर व मिठाई खिला कर उत्साह वर्धन किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते संस्था अध्यक्ष सुमित माखेजा ने बताया कि हर वर्ष संस्था सिंधी समाज के संरक्षण व संवर्धन के लिए सिंधी भाषा पढ़ाने का कार्य निरंतर करती रहती है, उन्होंने बताया कि हर वर्ष लगभग 100 से अधिक बच्चों को इन कोर्सो के अंतर्गत सिंधी पढ़ाने का काम किया जाता है। मुख्य अतिथि श्वेता राज सिंह ने कहा कि किसी भी समाज की नींव उसकी भाषा व संस्कृति ही होती है और संस्था का आभार व्यक्त करते हुवे कहा कि यह जिम्मेदारी संस्था बखूबी निभा रही है, उन्होंने किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए खुद को हमेशा समर्पित बताया । कार्यक्रम में आरती चांदनी, प्रिया वालेशा, मनोहर आहूजा आदि उपस्थित रहे ।

मणिपुर की घटना बहुत ही शर्मनाक है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है- अवधेश प्रसाद

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या ।सेठ राम दयाल ड्रीम पैलेस के पास से रानी बाजार चौराहा तक कैंडल मार्च निकाला। और समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता राष्ट्रीय महासचिव एवं वर्तमान विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा की मणिपुर की घटना बहुत ही शर्मनाक है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है पीड़ितों से सहानुभूत जताते हुए उन्होंने सरकार से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की समाजवादी महिला सभा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने कहा कि मणिपुर प्रदेश करीब ढाई महीने से हिंसा की आग में झुलस रहा है। मणिपुर में मानवता को शर्मशार कर देने वाला एक वीडियो सामने आया है इसमें दरिंदगी से बहनों को निर्वस्त्र कर पूरे इलाके में घुमाते रहे,महिलाए मदद की गुहार लगाती रही लेकिन कोई मदद को नहीं आया इस अत्याचार दुराचार के विरोध में कैंडल मार्च निकालते हुए सरोज यादव ने कहा की यह डबल इंजन की सरकार महिलाओं का वोट तो लेना जानती है लेकिन उनकी सुरक्षा, उनके आत्मसम्मान की कोई परवाह नहीं है आज जिस तरह से मणिपुर में हो रहा है देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मौन होकर तमाशा देखने का काम कर रहे हैं ऐसी सरकार को तत्काल प्रभाव से हटाकर राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए, जो सरकार महिलाओं की आन-बान-शान की रक्षा न कर सके ऐसी सरकार नहीं चाहिए । समाजवादी जिला महिला सभा अयोध्या मणिपुर सरकार से इस्तीफा की मांग करती है। महासचिव डॉक्टर निषाद अख्तर, राजकुमारी, यशोमति, रीता राही ,पूनम यादव, मंजू यादव, अनुष्का यादव, ललिता यादव, रूमा, नीलम श्रीवास्तव, मिथिलेश यादव, कांति यादव, सुनीता कोरी, जिला प्रवक्ता बलराम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

डीएम के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़, वज्रपात, डूबने के संबंध में किया गया जागरूक

गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी/ जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील तरबगंज एवं करनैलगंज में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ वज्रपात डूबने से बचाव हेतु छोटे छोटे समूहों को जागरूक किया गया, तथा सर्पदंश सुरक्षा सप्ताह मनाया गया, जिसमें शर्पदंश से बचाव हेतु छोटे छोटे गांव के समूहों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही एसडीएम, नायब तहसीलदार, एवं अन्य अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर वहां के ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

थाना को0मनकापुर पुलिस ने 01 पशु तस्कर को किया गिरफ्तार, कब्जे से 11 राशि गोवंश, 01 अदद डी0सी0एम0 बरामद

गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी/ पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पशु क्रूरता अधिनियम में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0 थानाध्यक्षों को दिए गये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0मनकापुर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर उपाध्यायपुर ग्रन्ट के पास से गोवंश की तस्करी करने वाले आरोपी अभियुक्त- ओमप्रकाश वर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 राशि गोवंश व 01 अदद डी0सी0एम0बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मनकापुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

टी आर के नौनिहालों ने मनाया इंद्रधनुष के अंतर्गत यलो डे

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ अयोध्या। शहर के पूरा ब्लॉक के रसूलाबाद में स्थित ऐमी आलापुर के टी आर पब्लिक स्कूल में आज नौनिहालों ने वार्षिक कार्यक्रम इंद्रधनुष के रंग टी आर के संगके अंतर्गत आयोजित यलो डे मनाया जबकि प्राइमरी के होनहारों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में देशभक्तों,भारतीय सेना,किसान,डॉक्टर्स ,आदि के वेशभूषाओं में प्रदर्शन कर उपस्थित सभी दर्शकों को अद्वितीय संदेश देते हुए हमारे महान विभूतियों का सम्मान किया ,तथा कुछ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेस्ट विथ वेस्ट प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के सजावट एवम गृह और स्कूल केलिए उपयोगी वस्तुएं बनाकर सभी जनों का मन मोह लिया। टी आर पब्लिक स्कूल में समय समय पर छात्रों के सर्वांगीण विकास, उनकी बौद्धिक विकास के साथ साथ उन्हे सभ्य सामाजिक कार्यकर्ता के रूप से विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। विद्यालय के सीसीए अध्यक्ष सौम्या मिश्रा ने बताया कि यलो डे तथा अन्य समस्त प्रतियोगिताओं का उदघाटन विद्यालय के प्रबंधक अजय दुबे तथा प्रधानाचार्य डी एम त्रिपाठी के कर कमलों से किया गया। प्रधानाचार्य त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय सदा सर्वदा अपने उत्तरदायित्व का अक्षरशः अनुसरण करते हुए छात्रों में जीवन के आवश्यक सभी बिंदुओं को विकसित करने हेतु प्रेरित तथा प्रयासरत रहा है।

कब्रिस्तान की सुरक्षा के लिए न्याय की गुहार लगाई

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम फैजाबाद न्यायालय में मोहम्मद अकरम ने कब्रिस्तान की भूमि गाटा संख्या 331 गाटा संख्या 66 स्थित गौरा पट्टी हस्नू कटरा रोड थाना कैंट जिला अयोध्या पर अवैध रूप से मोहम्मद कलीम पुत्र सफी खां ने कब्रिस्तान की जमीन पर चहारदीवारी से घिरा हुआ है। एवं कब्रिस्तान के अंदर जुआ, लड़कियों को लाकर अवैध संबंध का आरोप लगाया है ।इस बाबत न्यायालय में मोहम्मद अकरम ने मोहम्मद कलीम के खिलाफ क्राइम संख्या 212/ 19 धारा 379, 427, 504, 506 के तहत मुकदमा दायर हुआ है ।इस बाबत मोहम्मद अकरम का बयान दर्ज करने के लिए न्यायालय ने आज 24,7 ,2023 को पेशी हेतु बुलाया है। अकरम ने अपना बयान न्यायालय में हाजिर होकर दर्ज कराने की बात कही है। अकरम ने कहा जब तक कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा मैं समाज हित लिए लड़ता रहूंगा।

कार्यशाला लोगों को सही आंकड़े देने के लिए किया जाए जागरूक- मंडलायुक्त

वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के लिए सही आंकड़ों की है जरूरत- मंडलायुक्त

देश के विकास के लिए सही आंकड़ों का होना परम आवश्यक है - मंडलायुक्त

जनता सर्वे में सही सूचना उपलब्ध कराएं, तभी बनेंगे अच्छे विकास कार्यक्रम- मंडलायुक्त

गोण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी/ सोमवार को देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में साँख्यिकी आँकड़ों के संग्रहण के लिये कार्यशाला का आयोजन आयुक्त सभागार में हुआ।

जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के व्यापार एवं उद्योग बन्धुओं तथा उन क्षेत्रों से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का प्रमुख उददेश्य सांख्यिकीय आँकड़ों का संग्रहण एवं उच्च स्तरों को ससमय उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में उद्योगपतियों एवं उन क्षेत्रों से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को जागरूक किया गया।इस मौके पर मण्डलायुक्त ने कहा कि आकड़ों की नीति निर्माण और कार्यक्रमों के मूल्यांकन में महत्पूर्ण भूमिका होती है। गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यम, रोजगार, ग्रामीण विकास और आर्थिक विकास के लिए आंकड़े बहुत मूल्यवान होते है। सर्वे में आंकड़े सही तभी होंगे जब सभी लोग जागरूक होकर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। भारत की आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री के एक भव्य एवं विकसित भारत निर्माण के प्रण तथा मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाये जाने की संकल्पना के लिए विकास के अलग अलग आयामों को बल प्रदान किये जाने हेतु अथक प्रयास किये जा रहे हैं. जिनका वास्तविक प्रतिबिम्ब विभिन्न सर्वेक्षणों के माध्यम से प्राप्त होने वाले आँकड़ों में भी होना परम आवश्यक है। कार्यशाला में स्टॉक होल्डर अर्थात परिवार कारखाने, दुकानें, छोटे व्यवसाय, स्वास्थ्य देखभाल इकाइयों, क्लब, शिक्षा संस्थान, कानूनी और परिवहन संगठन आदि को आश्वस्त करने की आवश्यकता है कि उनके द्वारा साझा की गई जानकारी का उपयोग उनकी व्यक्तिगत पहचान उजागर किए बिना केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

इस क्रम में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधिगणों से अनुरोध किया है कि जनपद में भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर कराये जा रहे सर्वेक्षणों में आपके स्तर से अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

जिलाधिकारी ने बताया कि सर्वेक्षण में एकत्रित होने वाली प्रमुख सूचनाऐं उद्यमों की बुनियादी और परिचालन संबंधी जानकारी, उद्यमों द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी, उद्यमों के परिचालन खर्चों की जानकारी, उद्यमों के प्राप्तियों की जानकारी, व्यक्तियों के रोजगार और उद्यमों के श्रमिकों को प्राप्त होने वाली धनराशि के बारे में जानकारी, उद्यमों के स्वामित्व और किराये पर ली गई भूमि एवं अचल संपत्तियों की जानकारी, उद्यमों के बकाया ऋण की जानकारी तथा उद्यमों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग की जानकारी है। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या, सदर एसडीएम सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लापरवाह लेखपालों को मिलेगी प्रतिकूल प्रविष्टि, लापरवाही बरतने वाले लेखपालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

सभी लंबित पड़े आवेदनों का किया जाए निस्तारण

लंबित आवेदनों पर नहीं लगाई आख्या, अब मिलेगी प्रतिकूल प्रविष्टि

आवेदनों के निस्तारण में बरती ढिलाई, अब होगी कड़ी कार्रवाई

गोण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी/ जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर समय सीमा बीत जाने के बाद भी लंबित पड़े आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने पोर्टल पर आने वाले आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, लोक संबोधन प्रणाली के लिए अनुज्ञा, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना, मुख्यमंत्री खेत खलियान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना, दिव्यांग प्रमाण पत्र व कुटुंब रजिस्टर की नकल के आवेदनों की समीक्षा की।

उन्होंने पाया कि एसडीएम स्तर पर निवास प्रमाण पत्र के 4, हैसियत प्रमाण पत्र के 20, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के 2, मुख्यमंत्री खेत खलियान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के 21 एवं तहसीलदार सदर के पास आय प्रमाण पत्र के 177, हैसियत प्रमाण पत्र के 30 तथा लेखपाल के स्तर पर विभिन्न आवेदन समय सीमा के बाद भी लंबित पड़े है।ज्यादा आवेदन लंबित रखने वाले लेखपालो को मिलेगी प्रतिकूल प्रविष्टि जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह को निर्देश दिए

कि समय सीमा बीत जाने के बाद भी मामले निस्तारित ना हो पाने के कारण गोण्डा की रैंकिंग पूरे मंडल में निचले पायदान पर है, जिससे मण्डलीय बैठक में अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता है।

अतः ऐसे लेखपाल जिनके स्तर पर अधिक संख्या में आवेदनों का निस्तारण नहीं किया गया है उन्हें विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान किया जाए।

साथ ही सभी मामलों का जल्द से जल्द निस्तारित किया जाये। लेखपालों के पास लंबित मामले इस प्रकार है

लेखपाल मस्तराम वर्मा के पास 31, बृजेश कुमार के पास 28, संतोष कुमार पाण्डेय के पास 20, हितेश कुमार तिवारी के पास 15, संजय कुमार पाण्डेय व अभय प्रताप श्रीवास्तव के पास 12-12, निरंकार प्रसाद के पास 7, जावेद अहमद व बृजेश कुमार मिश्र के पास 6-6, संतोष कुमार शर्मा के पास 5, मो0 नदीम, कालि प्रसाद, पवन कुमार, सिंह, पिंकी सिंह, सविता त्रिपाठी, सुधा सिंह व वीरेंद्र प्रताप सिंह के पास चार-चार, अवधेश कुमार व रजवंत कुमार के पास तीन-तीन, प्रशांत विक्रम सिंह, नृपेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अभिजीत कुमार, आत्मा राम वर्मा, मुक्तेश्वर लाल, रमेश सिंह, अर्जुन सिंह के पास दो-दो व करूणेश कुमार, गिरीश यादव, राकेश कुमार, निरुपमा पाण्डेय, पल्लवी श्रीवास्तव, बीरेंद्र कुमार, विनोद कुमार सिंह, राधाकांत मिश्रा, विजय कुमार सिंह, सूरज सिंह व दानिश अली के पास एक एक आवेदन लंबित है।

ख़ास ख़बर

सावन की तीसरी सोमवारी पर देवलेश्वर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा) / प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवालय बाबा देवलेश्वर धाम, बाबा कर्दमेश्वर धाम सहित विभिन्न शिवालयों में सावन की तीसरी सोमवारी के उपलक्ष पर शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इस अवसर पर नाला नीचेपाड़ा स्थित बाबा कर्दमेश्वर धाम, गेड़िया स्थित बाबा कालिंजर धाम सहित विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों ने लंबी कतार बद्ध होकर शिवलिंग में जलार्पण की । इस पवित्र माह के पावन अवसर पर तीसरी सोमवारी को जल अर्पण को लेकर शिव भक्तों की भीड़ अहले सुबह से ही मंदिर परिसर में देखी गई। कांवरियों तथा शिव भक्तों की सुविधार्थ मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य काफी सक्रिय दिखे। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर भी स्थानीय पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल भी मौजूद थे। इस पावन अवसर पर बोलबम एवं हर हर महादेव के जय घोष पूरा क्षेत्र गुंजायमान है।

नाला एंटीक सेंटर में कृषक मित्रों की हुई बैठक,दिए गए निर्देश

दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/संवाददाता नाला(जामताड़ा)/नाला एटीक सेंटर में कृषक मित्रों की बैठक नव पदस्थापित बीटीएम सुजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान उन्होंने सभी कृषक मित्र के द्वारा कार्य क्षेत्र में किए गए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने खासकर ईकेवाईसी 1 सप्ताह के अंदर करने का निर्देश दिया। इसके अलावा लैंड सेटिंग तथा वर्तमान सुखाड़ की समस्या को देखते हुए सभी कृषक मित्रों को सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।इसके अलावा पीएम किसान योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी कृषक मित्र को अपने अपने कार्य क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण कर किसानों की समस्या से अवगत होने का निर्देश दिया। साथ ही कृषकों के लिए सरकार द्वारा प्रदत सभी योजनाओं के लाभ पहुंचाने का भी निर्देश दिए। इस अवसर पर बीटीएम अमीर हेंब्रम, कृषक मित्र अजय कुमार मंडल, राजीव मंडल ,सदानंद गण, गिरधारी ठाकुर ,प्रदीप कुमार पाल, ठाकुर प्र0 सिंह, कृष्ण चंद्र सिंह, मंत्री राम मंडल ,पवन पाल, संजीत गोराई , नदिया नंद घोष ,चंदन दे ,सपन मंडल, उत्तम दास ,पार्वती मरांडी ,शिवधन मरंडी,गोपीनाथ साधु, शेख इलियास,जामिनी घोष, कार्तिक राय ,अष्टम महतो, सहित अन्य कृषक मित्र मौजूद थे।

सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने कुंडहित सहित विभिन्न पंचायतों का किया दौरा

दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित /जामताड़ा/सोमवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कुंडहित प्रखंड के कुंडहित नगरी खजूरी बागडेहरी सहित विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने बीएलओ के माध्यम से किए जा रहे कार्यों का पर्यवेक्षण व क्रॉस चेकिग भी किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा गरुड़ एप का प्रयोग करने व मतदाताओं का डोर-टू-डोर सत्यापन कार्य की जानकारी ली गई। सत्यापन के दौरान प्रपत्र-6, 7 व 8 में नाम जोड़ने, नाम हटाने व शुद्ध करने के लिए भरे गए प्रपत्रों की संख्या की जांच की गई। संबंधित प्रपत्रों का सत्यापन आवेदकों के घर-घर जाकर किया गया। निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्र संख्या - 103, 104, 105, 108, 151, 152, 153, 184, 185 186 और आवेदक के घरों का सत्यापन किया गया। निरीक्षण व सत्यापन के दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ प्रखंड के निर्वाचन से संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर राजेंद्र बेसरा, सुपरवाइजर चंचल दास आदि उपस्थित थे।

26 करोड़ 64 लाख की लागत से बनेगा बैकुंठधाम मोड़ से फुलची डेलीपाथर,

धमनी मोड़ पंदनिया जगदीशपुर पथ- मंत्री हफीजुल हसन

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर /देवघर/ मधुपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पनाहकोला में एनआरपी विभाग की देखरेख में विधायक मद द्वारा निर्मित हाई मास्क लाइट का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह सूबे के अल्पसंख्यक कल्याण, कला संस्कृति, पर्यटन, खेलकूद, युवा मामले व निबंधन विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने किया। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में 20,हाई मास्क लाइट लगाया गया था और अभी 35 हाई मार्क्स लाइट लगाया जा रहा है। पनाहकोला मस्जिद में डीएमएफटी फंड से इमाम के रहने के लिए हुजरा का निर्माण होगा। 26 करोड़ 64 लाख की लागत से बैकुंठधाम मोड़ से फुलची डेलीपाथर, धमनी मोड़ पंदनिया जगदीशपुर सड़क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही थाना मोड़ से पटवाबाद तक कालीकृत सड़क का निर्माण किया जाएगा। मधुपुर विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा के रूप में विकसित किया जाएगा।चुनाव के समय जनता से जो वादा किया गया है उसे

चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण और मरम्मति कार्य को लेकर सरकार गंभीर है। क्षेत्र की कई सड़कों की निविदा हो चुकी है। कुछ सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है। क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में शहरी एवं सभी प्रखंड गांव एक दूसरे से कनेक्ट हो जाएंगे। लोगों को आवागमन में किसी तरह का परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। हेमंत सरकार विकास को लेकर अति संवेदनशील है। सरकार चौतरफा विकास की गति को तेज रफ्तार से कर रही है।मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर सड़कों का निर्माण किया जाएगा। । कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली विकास का वास्तविक मापदंड होता है। कहा कि शिक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीण अभिभावकों से बच्चों के शिक्षण कार्य पर अधिक से अधिक खर्च करने की बात कही। अभिभावक फिजूलखर्ची से बचें और बच्चों को अच्छी तालीम दें। उन्होंने कहा कि मधुपुर विधानसभा की जनता के समर्थन से विकास को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, सड़क व बिजली की दिशा में लगातार काम जारी है। मंत्री ने बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षित करने का आह्वान किया ताकि समाज में व्याप्त दहेज प्रथा की कुरीतियों को जड़ से खत्म किया जा सके। हेमंत सरकार ने पुरानी पेंशन योजना, पारा शिक्षकों की मांग, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका का मानदेय बढ़ोतरी की मांगों को पूरा किया है। मौके पर कांग्रेस नेता फैयाज कैसर, जिला सचिव दिनेश्वर किसको, नगर अध्यक्ष प्रकाश मंडल, मुस्ताक आलम, अनुल होदा, स्वास्थ प्रतिनिधि फेकू, देवघर जिला मीडिया प्रभारी समीर आलम, अता मोहम्मद, (बाबू), सहबाज़ आलम, खालिद, समशेर, लुकमान,अलमगीर शाहिद, मुन्ना, शमशाद खान, नगर उपाध्यक्ष ताज,मंतज अंसारी, सदाब हसन उमर बंटी, आदि लोग मौजूद रहे।

जिला सड़क सुरक्षा समिति/ जिला विद्यालय यान परिवहन समिति की बैठक संपन्न

गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी/ सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्कूली वाहनों/सरकारी व गैरसरकारी वाहनों की नियमित रूप फिटनेस जाँच कराने, दुर्घटना स्थलों का चिन्हीकरण करने एवं सवारी वाहनों में ओवर लोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनपद के दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों एवं ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन के सम्बन्ध में परिवहन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं सम्बन्धित निर्माणदायी संस्था के अधिकारी समस्त चिन्हित ब्लैक स्पॉटों का भौतिक निरीक्षण करने तथा लोक निर्माण विभाग को निर्धारित गति सीमा से संबंधित बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु सड़क सुरक्षा के नियमों का व्यापक प्रचार प्रसार किये जाने हेतु परिवहन एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी विभागों में तैनात सभी वाहन

चालकों का कैम्प लगाकर स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कराने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में लगे वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विद्यालयों में यातायात के संबंध में जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया कि समय-समय पर हेलमेट व सीटबेल्ट न लगाने वाले वाहनो के चालकों के प्रति वाहन चैकिंग अभियान चलाया जाता है और उनके वाहन चालको को हेलमेट व सीटबेल्ट लगाने से लाभ व न लगाने से हानि के संबंध में जागरूक किया जाता है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्कूल वाहन के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली में दिये गये प्राविधानों को बैठक में उपस्थित विद्यालय के प्रबंधकों प्रतिनिधियों को अवगत कराने एवं जनपद के समस्त विद्यालय के प्राचार्य/प्रबन्धकों को स्कूली वाहनों से सम्बन्धित नियमावली की एक प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्पीड लिमिट डिवाइस, जी0पी0एस0 सिस्टम, फर्स्ट एड बाक्स, अग्निशमन यंत्र एवं सी0सी0टी0वी0 की अनिवार्यता का अनुपालन न किये जाने पर स्कूली वाहनों को सीज चालान करने के निर्देश दिए। परिवहन एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि नियमावली में उपबन्ध/शासनादेश को अक्षरशः लागू करायें। उन्होंने कहा कि सघन चैकिंग अभियान चलाते हुए मानक के अनुरूप न पाये जाने वाले स्कूल वाहनों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाय एवं स्कूल प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि स्कूल वाहनों के सम्बन्ध में नियमावली का अध्ययन कर लें एवं मानक के अनुरूप वाहनों को ठीक कराते हुए वाहन का संचालन करें।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा में किसी भी एजेंसी द्वारा की गई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। स्कूली वाहनों की जॉच के सम्बन्ध में शासन द्वारा प्रेषित चेक लिस्ट को समस्त स्कूलों को प्राप्त कराने एवं उस चेक लिस्ट के अनुरूप वाहन के संचालन के सम्बन्ध में बिन्दुवार जांच किये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, आरटीओ, आरटीओ बबीता वर्मा, एआरटीओ परिवर्तन शैलेंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, ट्रेफिक इंस्पेक्टर मनोज पाठक तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हत्यारोपी को गिरफ्तार करके कोतवाली पुलिस ने भेजा जेल

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ बीकापुर- अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के कुमार पांडेय का पुरवा कोछा गांव में 19 जुलाई को भूमि विवाद और घूर गड्ढे में गोबर डालने के विवाद को लेकर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर एवं धारदार हथियार से हुई 28 वर्षीय युवक राघवेंद्र पांडेय की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को हत्या और डकैती के एक और आरोपी मृतक के चाचा विजय कुमार पांडे को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जबकि मामले में तीन आरोपियों को पहले ही कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके शुक्रवार को जेल भेजा जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवांछित आरोपी विजय कुमार पांडे को रविवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के पिपरी के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का चालान करके न्यायालय भेजा गया है। बताया गया कि कुमार पांडे का पुरवा कोछा निवासी सुरेंद्र कुमार पांडे और उनके सगे भाई वीरेंद्र कुमार पांडे के बीच काफी समय से भूमि विवाद चल रहा है। भूमि विवाद के चलते पुरानी रंजिश में 28 वर्षीय युवक राघवेंद्र पांडे की 19 जुलाई दोपहर हत्या कर दी गई। मृतक के पिता सुरेंद्र कुमार पांडे द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर अपने दो सगे भाइयों और उनके परिजनों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि विपक्षी उनके भाई वीरेंद्र कुमार पांडे तथा विजय कुमार पांडे एवं उनके परिवार के बबलू उर्फ अजय पांडे, निखिल, मोनू, मिथिलेश, शालू, संजू एवं सुमित्रा एकजुट होकर 19 जुलाई को दोपहर उनके घर के पास स्थित घूर गड्ढा में गोबर डाल रहे थे। घर पर अकेला मौजूद उनके पुत्र राघवेंद्र पांडे द्वारा मौके पर पहुंचकर घोर गड्ढे में गोबर डालने का विरोध किया गया और रोकने लगा। इसी दौरान आरोपियों द्वारा लाठी डंडा और धारदार गहदाला से प्रहार करके पीट-पीटकर उनके पुत्र राघवेंद्र पांडे की हत्या कर दी गई। उसके बाद आरोपी उनके घर पहुंचे घर पर बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया।

कस्तूरबा विद्यालय नाला में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/ कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय नाला में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी ने की। उन्होंने उपस्थित सभी सम्मानित अभिभावकों को विद्यालय में संचालित सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही नामांकन को लेकर चर्चा की। वहीं उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय में संचालित भोजन तथा शिक्षकों द्वारा किए जा रहे पठन पाठन पर मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा सभी तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। संगोष्ठी में बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन तथा उपस्थिति पर चर्चा की गई । इस दौरान छात्राओं को छुट्टी कम से कम लेने का आग्रह विद्यालय प्रबंधन की ओर से अभिभावकों से किया गया। साथ ही बाल विवाह, बाल संरक्षण अधिनियम को लेकर जागरूक किया गया।इस दौरान अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन, यथा- भोजन, पढाई एवं दैनिक उपयोग की सामग्री एवं अन्य व्यवस्था आदि से संतुष्टि जाहिर की तथा विद्यालय प्रबंधन तथा सिक्युरिटी की प्रशंसा की। इस अवसर पर बीआरपी टुनटुन कुमार,विद्यालय की वार्डन डॉ0 नीलम कुमारी, सहायक शिक्षिका अंजु रानी,अनीता मरांडी,सलिमन खातून, सुमित्रा राय,सुनीता मरांडी,कुमारी अनुश्री, वीणा कुमारी,रेशमा खातून, पिंकी झा,माया कुमारी पांडेय आदि मौजूद थे।

बागडेहरी थाना में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा)/सोमवार को मुस्लिम समुदाय के मुहर्रम त्योहार को लेकर बागडेहरी थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद, थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद ने उपस्थित शांति समिति के सदस्यों को जानकारी देते हुए कहा कि सभी त्योहार खुशी और आनंद का पर्व है। पर्व में सभी समुदाय के लोगों को सहयोग जरूरी है। तभी पर्व का आनंद और खुशी मिलती है। वही थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने शांतिपूर्ण ढंग से अखाड़ा किये जाने पर चर्चा किया गया तथा पर्व को शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया। कहा कि पर्व को लेकर किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी तरह अफवाह या गलत सूचना मिलने पर इसकी जानकारी तुरंत थाना में दें। ताकि समय पर करवाई किया जा सके। वही समुदाय के सदस्यों ने मुहर्रम त्योहार शांतिपूर्ण भाव से संपन्न करने की बात कही। मौके पर अरुण मुखर्जी, अजय घोष, कृष्णदास, शेख लाल, स्वपन गोराई, परितोष राय, मिहिर मंडल, पियार अली सहित काफी संख्या में शांति समिति के सदस्यों उपस्थित थे।

नौजवान कमेटी खलासी मोहल्ला के तत्वाधान में 29 जुलाई को अखाड़ा कंपटीशन का होगा आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/शहर के खलासी मोहल्ला स्थित चौक पर खलासी मोहल्ला नौजवान कमेटी के तत्वाधान में यासीन अंसारी मेमोरियल चैलेंज कप अखाड़ा कंपटीशन आगामी 29 जुलाई मोहर्रम के दसवीं तारीख शनिवार संध्या 7 बजे आयोजित किया जाएगा।इस अखाड़ा कंपटीशन के मुख्य अतिथि होंगे झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन। इसके अलावे एसडीओ आशीष अग्रवाल मधुपुर एसडीपीओ मधुपुर विनोद रवानी अखाड़ा कंपटीशन में शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई दर्जनों अखाड़ा पार्टी इस कंपटीशन में भाग लेंगे। अच्छा प्रदर्शन करने वालों टिम को मंत्री के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। इसकी जानकारी वार्ड नंबर चार (4)के पूर्व वार्ड पार्षद अल्ताफ हुसैन ने पत्रकारों को दी।

गुप्तार घाट पर दिया जा रहा है क्रूज को आकार, 40 फ़ीसदी कार्य पूरा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या में प्रवाहित सरयू में इसी साल के अंत तक लग्जरी क्रूज तैरना शुरू कर देगा। सरयू में सोलर रामायण क्रूज के संचालन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। गुप्तारघाट पर क्रूज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, करीब 40 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इस दीपोत्सव से पहले क्रूज के संचालन का लक्ष्य है।इस बार दीपोत्सव का आकर्षण सरयू में तैरता क्रूज होगा। 10 करोड़ की लागत से गुप्तारघाट इलाके में सोलर रामायण क्रूज के निर्माण में केरल के दो इंजीनियरों की टीम लगी है। फाइबर से तैयार हो रहे क्रूज का संचालन वाराणसी की अलकनंदा क्रूज लाइन को करना है। अलकनंदा क्रूज के विकास मालवीय ने बताया कि राष्ट्रीय जलमार्ग 40 पर पड़ने वाले सरयू नदी के गुप्तार घाट से नया घाट तक को चलाने को लेकर मई 2023 में सर्वे हो चुका है निर्माण कार्य गुप्तार घाट में चल रहा है कोलकाता से इसके पार्ट्स मंगवाए गए हैं जिन्हें यहां असेंबल किया जा रहा है अब तक करीब 40 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। 160 यात्री बैठ सकेंगे दो मंजिला क्रूज में दो मंजिला क्लोज पूरी तरह से वातानुकूलित हो गए इसमें 160 यात्री बैठ सकेंगे हड़ताल पर 80 यात्री बैठ पाएंगे क्रूज में सफर करने वाले यात्रियों को हवाई जहाज जैसी सुविधाएं प्राप्त होगी क्रूज में रामायण के प्रसंग भी तेरे जाने की योजना है उसके जरिए भक्त अयोध्या की आध्यात्मिकता को निहार सकेंगे लाइट एंड साउंड सिस्टम सहित अन्य आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा क्रूज।

विधानसभाओं अध्यक्षों व ब्लाकों के अध्यक्षों की गई घोषणा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने निम्न विधानसभाओं अध्यक्षों व ब्लाकों के अध्यक्षों की घोषणा की गई विधानसभा गोसाईगंज विधानसभा अध्यक्ष गोसाईगंज सियाराम निषाद विधानसभा बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा राजू वर्मा विधानसभा मिल्कीपुर विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव विधानसभा गोसाईगंज के तारुन ब्लॉक अध्यक्ष अर्पित पटेल ब्लॉक अध्यक्ष मया बिंदेश्वरी यादव ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर गया प्रसाद यादव विधानसभा बीकापुर से सोहावल ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव मसौधा ब्लॉक अध्यक्ष सूरज निषाद विधानसभा मिल्कीपुर से अमानीगंज ब्लाक अध्यक्ष रामदीन रावत मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष रामतेज यादव हरंटीनगंज ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश चौरसिया को घोषित किया गया ।

मुलाकात जीतन राम मांझी सुपौल पहुंचे जहां सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

मंत्रिमंडल विस्तार में देरी से सरकार में लगता है कहीं न कहीं कोई अड़चन है मुसीबत है- जीतन मांझी

मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/ जिले में पूर्व सीएम जीतन राम मांझी आज सुपौल पहुंचे जहां वे सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया को बताया कि बिहार सरकार द्वारा मंत्री मंडल के विस्तार में देरी से लगता है की कहीं न कहीं कोई अड़चन है। कहा की जब संतोष सुमन ने इस्तीफा दिया तो उन्होंने अगले ही दिन मंत्री पद दूसरे को दे दिया। लेकिन जब मंत्रिमंडल विस्तार की बात आई है तो कभी लालू जी से मिलते हैं और कभी विजय चौधरी जी से।

लगता है कहीं कोई अड़चन है मुसीबत है। कहा कि जब तक सरकार में स्थायित्व नहीं होगा वहां की जनता खुस नही रह सकती। यहां काम धाम कुछ होता नहीं है रोज तिकड़म बाजी हो रहा है।ये हमेशा दोहरा मापदंड अपनाते हैं। त्रिपुरा में हुए घटना का जिक्र तो करते हैं लेकिन बेगूसराय की घटना पर कुछ नहीं बोलते। किसी भी जगह की स्त्री क्यों न हो उनकी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। स्त्री की सुरक्षा होनी चाहिए। कहीं भी इस तरह की घटना हो रही है तो इसकी वो घोर निन्दा करते हैं। उन्होंने यह भी कहा की बिहार में मंत्री मंडल का विस्तार होना चाहिए कहा कि वैसे इनमे फूट हो गया है आज न कल ये टूटेंगे और टूट करके अलग हो जायेंगे।

डीएम ने कृषि योग्य भूमि पर हो रहे जलभराव के निराकरण हेतु स्वीकृत पम्प हाउस निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/डीएम नितीश कुमार ने मंहगू का पुरवा में मॉक ड्रिल के उपरांत ग्राम नैपुरा, जहाँगीराबाद, ममरेज नगर, अख्तियारपुर, पसैया सड़री आदि की कृषि योग्य भूमि पर हो रहे जलभराव के निराकरण हेतु स्वीकृत पम्प हाउस निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। जनपद के तहसील रूदौली एवं सोहावल में बाढ़ से सुरक्षा हेतु रौनाही तटबन्ध निर्मित है।

इस तटबंध के किमी 13.350 पर रामसरनदासपुर ड्रेन के माध्यम से नैपुरा, जहाँगीराबाद ममरेज नगर, अख्तियारपुर पसेया, सड़री आदि ग्रामों का पानी सरयू (घाघरा नदी में निस्सरित होता है। वर्षाकाल में जब नदी का जल स्तर बढ़ने पर फ्लैपर गेट बन्द हो जाते है, तब ड्रेन का पानी सरयू (घाघरा) नदी में निस्सरित न होने के कारण 855.00 हे0 कृषि योग्य भूमि जल मग्न हो जाती है।जल भराव की समस्या के निराकरण पम्प हाउस की परियोजना बनाई गई। परियोजना के अंतर्गत 60 क्यूसेक के 04 (03+01) पम्प लगाये जाने का प्राविधान किया गया है। इसमें स्वतंत्र विद्युत फिडर एवं विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कर विद्युत शक्ति का प्रयोग करने प्रयोग प्रस्तावित किया गया है।पम्प हाउस के निर्माण में निम्नलिखित प्रविधान किए गए है। 60 क्यूसेक के 04 अद्द पम्प स्थापित करने का कार्य।आपरेटर रूम एवं स्टोर रूम का निर्माण कार्य रौनाही तटबन्ध की सुरक्षा हेतु 500मी0 लम्बाई में सीमेंट ग्राउटेड बोल्डर पिचिंग एवं लोचिंग एप्रन का निर्माण कार्य ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

ख़ास ख़बर

कचरा भवन के निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने जताया रोस

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल/जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत बायसी पंचायत पंचायत के वार्ड नंबर-11 में कचरा भवन निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष भी है। कार्यस्थल पर मौजूद स्थनीय ग्रामीण दुर्गानंद यादव सहित अन्य ग्रामीणों का कहना था कि मनरेगा योजना अंतर्गत इस कचरा भवन का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन कार्य पूरी तरह मनमानीपूर्ण ढंग से काम किया जा रहा है। निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय मुखिया व रोजगार सेवक की मिलीभगत से यह अनियमितता की जा रही है। निर्माण कार्य में रेत युक्त बालू, घटिया ईंट आदि का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। जिससे इसकी गुणवत्ता काफी खराब है। इतना ही नहीं मिट्टी भराई का कार्य भी मजदूर के बदले जेसीबी से किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में डीएम, एसडीओ बीरपुर सहित अन्य अधिकारियों को आवेदन भेजकर कार्य की जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से अविलंब इसकी जांच की मांग की है।

शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर सुपौल/जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन थाना पुलिस ने थानाक्षेत्र अंतर्गत अड़राहा गांव के पास से संजीत पासवान साकिन रानीपट्टी वार्ड नंबर- 1 थाना वीरपुर जिला सुपौल को दिलवाले सौफी देसी नेपाली शराब 300 एमएल की 283 बोतल 300द्वद्य एवं मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष लालजी प्रसाद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में मामला दर्जकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एक किराना दुकान से नगद सहित सामान की हुई चोरी

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर , सुपौल/जिले के किशनपुर प्रखंड बाजार में रविवार की रात चोरों ने एक किराना दुकान को अपना निशाना बनाया। चोरों ने 10 हजार नगद सहित 50 हजार मूल्य के किराना सामान चुरा लिए। किशनपुर उत्तर पंचायत के कुमरगंज वार्ड 12 निवासी विष्णु कुमार चौधरी किशनपुर सुपौल रोड में पिछले 13 साल से किराना की दुकान करते आ रहा है। इसी दौरान रविवार की रात लगभग 10 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया। सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे जब दुकान पर आया तो देखा कि दुकान का शटर में ताला लगा हुआ है। दुकान खोल कर अंदर जाने पर पता चला कि गला में रखे 10 हजार नगद और 50 हजार मूल्य के किराना सामान गायब है और दुकान में रखे सारा सामान जहां-तहां बिखरा हुआ था। कहा की दीवाल में लगे (भिंडी लेटर) रोशनदान तोड़कर चोरों ने दुकान में घुसकर घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि दुकान खोलने के बाद घटना की जानकारी सबसे पहले आसपास के दुकानदारों को दिया उसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। इस बाबत थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सावन महीनें की तीसरी सोमवारी पर छातापुर के शिवालयों में जलाभिषेक को ले उमड़ी भक्तों की भीड़



सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत सावन मास की तीसरी सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के बिभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी सुबह के 6 बजे से ही बिभिन्न शिवालयों में महिला पुरुष भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिये जुटनी शुरू हो गयी 7 मंदिरों में भक्तों द्वारा हर-हर महादेव के लगायें जा रहे जयकारे से माहौल दिन भर भक्तिमय बना रहा।मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की भीड़ शिव मंदिरों में उमड़ पड़ी मुख्यालय बाजार स्थित छत्र पुरेश्वर नाथ शिव मंदिर, बाबा कोशकी नाथ शिव धाम,सोह्टा पंचायत के कालोनी शिव मंदिर,सर्वेश्वर नाथ शिव मंदिर,गर्भेश्वर नाथ शिव मंदिर समेत रामपुर के नीलकंठ नाथ शिव मंदिर, कटहारा स्थित शिव मंदिर, बलुआ बाजार स्थित मंदिर, महिद्दपुर के शिव मंदिर आदि स्थानों के मंदिरों में श्रद्धालु महिला पुरुषों की भीड़ भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना के लिये उमड़ पड़ी सोह्टा पंचायत में सावन मास के सोमवारी को लेकर भव्य मेले का भी आयोजन किया गया है सुबह से शाम तक भक्तों की भीड़ शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के जुटी रही विधि व्यवस्था को लेकर बिभिन्न शिवालयों पर पुलिस बल भी तैनात थे कलोनी स्थित बाबा कोशकी नाथ शिव मंदिर के पुजारी श्याम नारायण गिरि ने बताया कि सावन मास की सोमवारी की पूजा का खास महत्व है उन्होंने बताया कि कालोनी शिव मंदिर में मन्नतें पूरी होने के बाद कई भक्तों ने अब तक इस मंदिर में कई तरह के सहयोग भी प्रदान किये है मंदिर में रात्रि समय श्रृंगार पूजा भी विधि विधान पूर्वक की जाती है। इधर श्रधालुओं ने पूजा अर्चना व जलाभिषेक कर भगवान शिव से अपने समेत अपने पारिवारिक जनों के जीवन मंगल की कामना की जबकि पूरे दिन शिव मंदिर प्रांगण में हर हर महादेव, जय भोलेनाथ, बोलबम आदि के जयकारे भक्तों द्वारा जलाभिषेक करने दौरान लगाया जा रहा था। जिससे क्षेत्रीय माहौल पूर्ण रूपेण भक्तिमय होते हुए शिवमय बना रहा। इधर, छातापुर मुख्यालय स्थित शिव मंदिर में सावन के तीसरी सोमवारी पर संध्या समय कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। पुजारी गोपाल गोस्वामी, राज किशोर गोस्वामी ने बताया की सावन मास के सोमवार को भगवान शिव की पूजा अर्चना का खास महत्व है। जिसको लेकर तीसरी सोमवारी पर भी पूजा अर्चना को लेकर मंदिर में श्रद्धालु नर नारी थी।

थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शांति समिति की गई बैठक

ललन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना,सुपौल/ जिले के मरौना प्रखंड के दोनो थाना नदी थाना व मरौना थाना परिसर में प्रतिनियुक्त अंचलाधिकारी सह राजस्व पदाधिकारी किसलय कुमार थानांध्यक्ष कृष्ण कुमार, नदी थानाध्यक्ष राजू कुमार के अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित गण्यमान लोग भाग लिए। प्रभारी सीओ किसलय कुमार ने कहा मुहर्रम पर्व को भाई चारे के साथ सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर मनाए। पर्व में हुरदुंग फैलाने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम पर्व शांति पूर्ण ढंग से मनाने में आप लोगो का सहयोग उपेक्षित है। नदी थाना परिसर में थानांध्यक्ष राजू कुमार के अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर भी शांति समिति की बैठक आयोजीत की गई।बैठक में थाना क्षेत्र के गण्यमान लोग शामिल थे। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांति पूर्ण ढंग से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। प्रभारी सीओ ने कहा कि इसके लिए क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहो पर पुलिस बल या फिर चौकीदार कि प्रतिनियुक्ति किया गया है किसी प्रकार कि गड़बरी होने पर थाना को सूचना देगी। मौके पर मुखिया अशोक यादव,अरुण मंडल,लक्ष्मी नारायण यादव, महेश यादव, भोला मंडल, अमरदेव कामत,मो फिरोज आलम, एजाजुल हक, निर्मल कुमार मेहता, असरफ, रहीस अली, फिरतोष आलम, फैज आलम, सादाब अनवर, यूसूफ, अरसद, परवेज, वसीम, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

चौहट्टा गांव में पति द्वारा अपनी पत्नी को पिट-पीटकर जख्मी करने पर पत्नी ने थाने में आबेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल/जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के चौहट्टा गांव में पति द्वारा अपनी पत्नी को पीट-पीटकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया गया है । इसको लेकर चौहट्टा गांव के वार्ड नंबर 9 निवासी शोभा देवी द्वारा किशनपुर थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की गई है । पीड़िता द्वारा थाना में दिए आवेदन में कहा गया है कि चार रोज पहले के देर रात्रि में मेरा पति जगदेव मंडल एवं पुत्र दीनबंधु मंडल एवं दीनबंधु मंडल की पत्नी रूबी देवी सभी मिलकर घर का दरवाजा बंद कर गाली गलौज देते हुए बेवजह बेरहमी से पीट-पीटकर जख्मी कर दिया गया है ।मारपीट में मेरा सर भी फूट गया तथा हाथ भी तोड़ लिया गया है। मैं बेहोश होकर जमीन पर गिर गई, कुछ देर के बाद जब होश आया तो किसी तरह घर से बाहर आई। पुनः दीनबंधु मंडल की पत्नी रूबी देवी द्वारा गाली गलौज देते हुए पुनः मारपीट करने लगी ,जब मेरी पुत्री ज्योति कुमारी बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मैं अपना इसी तरह अलग में गुजर बसर करते आ रही हूं । लेकिन बाप, बेटा, मिलकर दोनों मुझे बराबर तंग तबाह एवम् मारपीट करते रहता है। मेरा जान जोखिम में पड़ा हुआ है। किसी भी समय जान ले सकता है ।इसलिए थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग कर रही हूं। इस बाबत थानाध्यक्ष राघव शरण ने कहा कि आवेदन मिला है जांच के लिए पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किया गया है ।

प्रखंड के एस एफसी गोदाम पर पूर्व मजदूर और नए मजदूर में हुआ बिबाद पर प्रसासन द्वारा कराया गया शान्त

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल/जिले में किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएफसी गोदाम किशनपुर में सोमवार को पूर्व के मजदूर एवं लाए गए नए मजदूरों के बीच हुई विवाद को लेकर बवाल खड़ा हो गया है। घटना की सूचना पर अनुमंडल पदाधिकारी सुपौल मनीष कुमार एवं डीएसपी कुमार इंद्रप्रकाश सुपौल ने अपने दल बल के साथ किसनपुर गोदाम स्थल पर पहुंचकर मामला को शांत करवाया तथा आरोप में दो मैट एवम् दो मजदूरों को पुलिस हिरासत में लेकर किशनपुर थाना भेज दिया गया।पूर्व के मजदूरों द्वारा विगत 10 वर्षों से गोदाम पर कार्य करता आ रहा है। जिसे पूर्व में 3 प्रति बोरा लोड एवं अनलोड करने पर दिया जाता था ।मगर इधर गोदाम के ठेकेदारों द्वारा कहा जा रहा है कि 25 फरवरी के बाद से अब तीन रुपया 75 पैसा की दर से प्रतिदिन दैनिक मजदूरी के रूप में दिया जाएगा। जिसका विरोध करते हुए मजदूरों द्वारा काम को बंद कर दिया गया । गोदाम का काम रुक जाने के बाद प्रशासनिक दबाव के कारण ठेकेदारों द्वारा बाहर से मजदूर की व्यवस्था कर गोदाम पर लाकर कार्य को प्रारंभ कर दिया गया, तो पूर्व का मजदूरों द्वारा अपनी भुगतान को लेकर विरोध जताने लगे और नए मजदूर के साथ काम बंद करने का दबाव डालने लगे। इसी आरोप में 4 मजदूरों को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। लेकिन मजदूरों का आरोप है कि पूर्व में तीन रुपया प्रति बोरा की दर से भुगतान किया जा रहा था। अब ठेकेदारों द्वारा कहां जा रहा है कि 375 प्रतिदिन दैनिक मजदूरी ही मिलेगा। फिलहाल गोदाम पर नए मजदूरों के द्वारा कार्य प्रारंभ है वहीं दूसरी ओर पुराने मजदूर की भुगतान को लेकर डीलर संघ के अध्यक्ष संजय कुमार एवं सचिव रफीक आलम को सामने में भुगतान कराने के लिए आदेश दिया गया है

प्राथमिक विद्यालय भागवतपुर की शिक्षिका श्वेता आर्याणी के असमायिक निधन पर शोक

सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/ जिले के छातापुर प्रखंड में प्राथमिक विद्यालय भागवतपुर की शिक्षिका श्वेता आर्याणी का बीते शनिवार की रात इलाज के दौरान एम्स दिल्ली में निधन हो गया। उनके निधन से प्रखंड क्षेत्र के शिक्षक संघ से गहरी शोक व्यक्त किया है। जबकि शिक्षिका के गांव में शोक की लहर है। हंसमुख व मृदुभाषी स्वभाव की शिक्षिका बीते दिनों से बीमार थी। जिनका इलाज एम्स दिल्ली में चल रहा था। शिक्षिका श्वेता आर्याणी के निधन से उनके पति मनोज कुमार मंडल भी काफी मर्माहत है। छातापुर प्रखंड के माधोपुर पंचायत के हरिहरपुर वार्ड 8 निवासी शिक्षिका अपने पीछे अपने पति समेत एक 19 वर्षीय पुत्री तथास्तु विनायक तथा एक शादी शुदा पुत्री जया भारती का भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। शिक्षक पंकज कुमार सिंह समेत कई शिक्षक शिक्षिकाओ ने दिवंगत श्वेता आर्याणी के निधन पर शोक व्यक्त किया। वही कहा की शिक्षिका बहन श्वेता आर्याणी को हम सब ने खो दिया उनकी मौत से छातापुर के सभी शिक्षक/शिक्षिका एवं समाज मर्माहत हैं।

बैठक शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की लोगों से अपील की- एसडीएम संजय कुमार सिंह

टीपीसी भवन में एस डी एम की अध्यक्षता में मुहर्रम को लेकर शान्ति समिति की गई बैठक

डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली ,सुपौल /जिले के निर्मली प्रखण्ड मुख्यालय स्थित टीपीसी भवन में सोमवार को एसडीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.

बैठक में सर्किल इस्पेक्टर के माझी, बीडीओ मो. जफरुद्दीन ,कार्यपालक पदाधिकारी शशिकांत कुमार, मुख्य रूप से मौजूद थे. बैठक को सम्बंधित करते हुए एसडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की लोगों से अपील की.

बिना लाइसेंस ताजिया जुलूस निकाले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी. संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती रहेगी. कहा कि शांति व्यवस्था में खलल उत्पन्न करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. बीडीओ ने कहा कि शांति और सद्भाव पूर्ण रूप में मोहर्रम मनाये. उन्होंने कहा कि मोहर्रम जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेनो अनिवार्य होगा. बिना लाइसेंस के ताजिया का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

सर्किल इस्पेक्टर केके माझी ने कहा कि मुहर्रम को लेकर संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती रहेगी.

उन्होंने लोगों से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि लोग किसी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दे.मौके काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

बेलही पंचायत में लाखों रुपये की लागत से बने अनाज गोदाम को कुछ लोगो ने अवैध रूप से किया कब्जा

ललन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,मरौना,सुपौल/जिले में मरौना प्रखंड अंतर्गत बिहार राज्य भवन निर्माण लिमिटेड सहरसा के द्वारा पांच सौ मेट्रिक टन गोदाम का निर्माण बेलही पंचायत के वार्ड 4 में झहुरी पोखर के समीप वर्षो पूर्व लाखो रुपये से कराया गया है । लेकिन अभी आलम ये है की ग्रामीणों के द्वारा उक्त गोदाम को अपने कब्जे में लेकर अंदर से लेकर बरामदे के साथ पूरे परिसर में जहां तहां गेहूं का भूसा, नाड़, बांस का कर्ची, गोबर इत्यादि से पाट दिया है । गोदाम के सारे खिड़की जिसमे शीशा लगा हुआ था तोड़ दिया गया है। गोदाम के अंदर व बहार किये गये बिजली वायरिंग उखाड़ दिया गया है लगाये गये दर्जनों बल्ब गयाब है। देख रेख व रख रखाव के आभाव में कुछ वर्ष पूर्व में बना गोदाम अब कई वर्ष पुराना दिखता है । इस गोदाम का निर्माण इसलिए कराया गया है की मरौना प्रखंड मे तेरह पंचायत है । तेरह पंचायत में सरकारी अनाज जितना खपत होगा वह अनाज इसी गोदाम से प्रखंड के लोगो को मिलेगा । अनाज भंडारण के उदेश्य से यह गोदाम का निर्माण किया गया है ।अभी जो सरकारी अनाज मरौना को मिल रहा है उसका उठाव निर्मली से हो रहा है। समय रहते यदि उच्च अधिकारी या फिर पंचायत के प्रतिनिधि इस ओर ध्यान नही दिया तो गोदाम का एक एक ईट गयाब हो जायगा और उच्च पदाधिकार के द्वारा समय रहते देख रेख नही किया गया तो देखते ही देखते खंडहर में तब्दील हो जायगा। पंचायत के मुखिया अरुण कुमार, ग्रामीणों के द्वारा उक्त गोदाम को अपने कब्जे मे लेते हुए जहां तहां गोबर, गेहूं का भूसा, बांस का कर्ची, नाड़ इत्यादि समान रखे जाने से काफी नाराज है। उन्होंने ने कहा की एक ओर सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में नये भवन निर्माण करा कर लोगो को सुख सुविध दे रही है तो वही दूसरी ओर आम लोग उस भवन का गलत तरिके से उपयोग करते है ।

ख़ास ख़बर

ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर व स्नानागार कूंडो का स्थानीय युवाओं के द्वारा साफ-सफाई किया गया

संवाददाता/ हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/ बरकट्ठा-(हजारीबाग) प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर व स्नानागार कूंडो का साफ-सफाई स्थानीय युवाओं एवं समाजसेवियों के द्वारा श्रमदान कर किया गया।बताते चलें कि सूर्यकुण्ड धाम परिसर का साफ-सफाई करनें के लिए किसी भी प्रकार का कोई व्यवस्था नहीं है।जिससे आये दिन सूर्यकुण्ड के कूंडो एवं आसपास गंदगी का अंबार लगा रहता है।गंदगी रहने के चलते दूसरे प्रदेशों से आने पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को स्वच्छ जल से स्नान करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।जिन कठिनाइयों को मद्देनजर रखते हुए।आज स्थानीय युवाओं के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।जिस अभियान में श्रीकांत मैथेमेटिक्स हजारीबाग निदेशक सह् जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय, अनुज कुमार पाण्डेय,अजीत कुमार पाण्डेय,संतोष कुमार पाण्डेय,जयराज पासवान,राजू पासवान,रिंकू माली,श्याम प्रसाद वर्णवाल,बिरजू साव,शेषनाथ सिंह,रामाअवतार पाण्डेय,संदीप मंडल वगैरह सफाई अभियान में सहयोग किया।

इचाक के विख्यात बुढ़िया माता मंदिर में सोमवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता / हज़ारीबाग प्रिंस कुमार/ हजारीबाग जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर इचाक स्थित प्राचीन बुढ़िया माता मंदिर मे सावन माह के पवित्र सोमवार के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की मन्नतें माता पूरी करती हैं। मंदिर की मान्यता है कि जिसने भी झोली फैलाई है मां के द्वारा उसकी मुरादे पूरी की जाती है। मंदिर के पुजारी वासुदेव पाण्डेय ने कहा कि उनके पूर्वज बताते थे इस इलाके में हैजा महामारी फैली थी तब इस बीमारी का इलाज नहीं था। महामारी से अनेकों लोगो की मृत्यु हो रही थीं। इसी काल में एक चरवाहा ने जंगल में सिंदूरी रंग की मिट्टी देखी, जिससे आवाज आ रही थी। घर लौटने पर गांव में इसकी चर्चा की दूसरे दिन गांव के लोग वहां पहुंचे। वहां जाकर सभी को शांति का अनुभव हुआ। तब ग्रामीणों ने वहां पूजा शुरु कर दी फिर लोगों ने मिट्टी का मंदिर बना कर पूजा जारी रखा। आज भी बुढ़िया माता मंदिर के गर्भ गृह में वही सिंदूरी मिट्टी का पिंड है। भक्तों द्वारा श्रद्धा पूर्वक वर्षों से इसकी पूजा की जा रही है। रामगढ़ के राजाओं द्वारा इचाक मैं सैकड़ों मंदिर एवम तालाब का निर्माण किया गया था। अगर सरकार ध्यान दे तो इस क्षेत्र को पर्यटक स्थल भी घोषित किया जा सकता हैं क्योंकि इचाक को मंदिरों का शहर भी कहा जाय तो इसमें कोई दोमत नही हैं। श्रावण माह में श्रद्धालुओं की भीड़ मां के दर्शन के लिए उमड़ते हैं और सावन पूर्णिमा के दिन यहां पर ऐतिहासिक मेला भी लगता है जिसमें दूर-दूर से आसपास के जिले और प्रदेशों से भी लोगों की भीड़ आती हैं।

हादे गांव से चरकेरिया- बोंगिया रोड तक ग्रामीणों के खुद के श्रम से बनाई सड़क का किया गया उद्घाटन

गया बिहार/अशोक शर्मा, संवाददाता/ गया जिला के मोहनपुर प्रखंड स्थित गोपालकेड़ा पंचायत के हादे गांव से चरकेरिया-बोंगिया रोड तक करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण हादे के ग्रामीणों ने खुद के श्रम से और कुछ चंदा कर जेसीबी से किया। जिसका उद्घाटन लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व गांधीवादी चिंतक श्री गिरिजा सतीश ने फीता काट कर किया। सड़क के उद्घाटन के बाद सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता गोपालकेड़ा पंचायत के पूर्व सरपंच श्री मल्लू मांझी और संचालन जानेमाने सामाजिक कार्यकर्ता और मजदूर नेता श्री बालेश्वर मांझी ने किया । सभा को संबोधित करते हुए लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गिरिजा सतीश ने कहा कि समाज में आमूलचूल परिवर्तन के लिए सतत संघर्ष और रचना का काम करना अनिवार्य होगा। संघर्ष के साथ रचना का काम नहीं करने से एकांकी बनकर रह जाता है । संघर्ष के दौरान ठहराव का दौर आता है ।उस दौरान रचनात्मक कार्य यदि नहीं किया गया तो संघर्ष और संगठन में बिखराव और अलगाव की प्रबल संभावना होती है। उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण ग्रामीणों ने खुद के श्रम से किया है जो लोक समिति, छात्र- युवा संघर्ष वाहिनी और मजदूर- किसान समिति की रचना के प्रति दृष्टि और सोच को दर्शाता है। श्री सतीश ने कहा कि यह इलाका शांतिमय संघर्ष का रहा है । एक से एक मिशाल कायम किया है। उन्होंने कहा कि चाहे बोधगया मठ

के हजारों एकड़ जमीन बंटने की बात हो या महिलाओं के नाम से जमीन की मिल्कियत की बात हो या परिवर्तन के लिए शांतिमय वर्ग संघर्ष को बैचारिक स्तर पर स्थापित करने की बात हो ।

ये सब समाज में आमूलचूल परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध युवाओं, बुद्धजीवियों और इस इलाके के लोगों की वजह से संभव हुआ है। श्री सतीश ने सर्व सेवा संघ, वाराणसी का जिक्र करते हुए कहा कि आज गांधी, विनोबा, जयप्रकाश के विचारों की विरासत को ढहाने की कोशिश सरकार कर रही है । उन्होंने मणिपुर में महिलाओं के साथ किए जा रहे बलात्कार और हिंसा को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन वीरेन सिंह की विफलता का परिणाम बताया । उन्होंने घटनाओं की निंदा करते हुए तुरंत शांति बहाली की मांग की । लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि शांतिमय संघर्ष के बदौलत बड़े - बड़े भूपतियों को धूल चटाया गया है। सामंतवाद को खत्म किया गया है। छुआछुत में टूटन आया है । जीवन में बेहतरी आई है । उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से आवागमन के सुलभ होने के साथ-साथ विकास का भी रास्ते प्रसस्त हुआ है।

उन्होंने संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। लोक समिति के जिला अध्यक्ष पुतुल कुमारी ने कहा कि महिलाओं को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज में आमूलचूल परिवर्तन संभव नहीं है। उपेन्द्र सिंह ने कहा कि रचना और संघर्ष का अद्भुत उदाहरण बना है यह सड़क । उन्होंने बताया कि हम दलितों में शिक्षा का कार्य कर रहे हैं। सैंकड़ों बच्चे पढ़ कर आगे बढ़े। बाराचट्टी के विधायक प्रतिनिधि श्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि शायद वर्षों तक अधिकारियों के दफ्तर का चक्कर काटने के बाद भी सड़क नहीं बनती। यदि सड़क बन भी जाती तो कितने पैसे का वारा-न्यारा होता कहना मुश्किल है। लेकिन संगठन, एकता और हादे के ग्रामीणों की प्रतिबद्धता के कारण इस कठिन काम को भी बहुत ही आसानी से कर लिया गया। मौके पर उपस्थित सर्व श्री मजदूर-किसान समिति के जिला संयोजक बिशुनधारी यादव , जे पी सेनानी के अध्यक्ष जगदेव सिंह , राजेन्द्र मांझी, मुसैला पंचायत के मुखिया कैलु मांझी , वयोवृद्ध सर्वोदयी प्रमेश्वर प्रसाद , बिन्दु सिंह , विशेश्वर पासवान आदि ने भी सभा को संबोधित किया। उपरोक्त व्यक्तियों को गोपालकेड़ा पंचायत के पूर्व सरपंच और सभा के अध्यक्ष श्री मल्लू मांझी अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया । सभा के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सर्व सेवा संघ को उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जबरन हड़पने की चल रही कोशिश की निंदा की गई और वहां शांतिमय सत्याग्रह कर रहे सत्याग्रहियों पर किए गए मुकदमे को बिना शर्त वापसी की मांग गई। मणिपुर में महिलाओं को नग्न कर दौड़ाना उनके साथ बलात्कार करना, उनकी हत्या करना, मणिपुर हिंसा की आग में जलना मणिपुर सरकार की विफलता का परिणाम है। हम इन घटनाओं को कड़ी निन्दा करते हैं और मणिपुर में शांति बहाली की मांग की मांग की गई। सभा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल थे। मौके पर पेड़ भी सर्व श्री गिरिजा सतीश, कौशल गणेश आजाद, बिन्दु सिंह, उपेन्द्र सिंह के द्वारा लगाए गए। बाद में सड़क कै दोनों तरफ पेड़ लगाए जाएंगे।

युवाओं को नौकरी देने वाली भाजपा सरकार फिसड्डी साबित हुई- नीतीश पटेल

गया बिहार/अशोक शर्मा, संवाददाता/ युवा संवाद कार्यक्रम के तहत युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल के गया पहुंचने पर युवा जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा के नेतृत्व में सैकड़ो युवा साथियों ने नेता का भव्य स्वागत किया। उसके उपरांत गया के एक निजी होटल में युवा संवाद कार्यक्रम के आयोजन में युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष का बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने भाजपा पर आक्रमण करते हुए कहा कि युवाओं को नौकरी देने का वादा करके नकर जाने वाली भाजपा सरकार को 83 दिन गुजर जाने पर उसे मणिपुर में निर्वस्त्र महिलाओं के घुमाए जाने की सूचना मिलती है जबकि सरकार वहाँ उन्हीं की है। इतना ही नहीं गरीब विरोधी भाजपा सरकार के राज में पहले पेट्रोल,

डिजल और अब गैस सिलिंडर का दाम बढाकर दोहन कर रही है। ऐसी निक्कमी सरकार को चुनाव में मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा आगे युवाओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक सह जदयू गया जिलाध्यक्ष अभय कुशवाहा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे नेता ने बिहार की तस्वीर बदलकर रख दी है। महिला सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक, पिछड़े समाज सहित सभी वर्गों का सामूहिक विकास करने के लिए जाने जाते हैं। बिहार में पूर्ण शराबबंदी, सड़कों का जाल बिछाने वाले नीतीश कुमार ने गंगा जल को गया तक पहुंचाकर देश दुनिया मे नजीर पेश की है। युवा साथियों के हमदम गया जिला के पूर्व युवा जदयू जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने युवा संवाद को सम्बोधित करते हुए कहा हम युवा है युवाओं का मर्म समझते हैं। पहले युवा जदयू में उम्रदराज लोगों को दायित्व सौंप दिया जाता था जिससे संगठन से युवा कम जुड़ पाते थे, इसलिये अध्यक्ष जी से कहना चाहूंगा कि आप आये हैं तो आपसे बहुत सारी उम्मीदें हैं। आप नेतृत्व सम्भालते ही पूरे सुबे का लगातार दौरा कर रहे हैं युवा साथियों से मिल रहे हैं यह हमारे लिए गौरव की बात है और आपको यकीन दिलाता हूं कि संगठन बेहतर कार्य करेगा आप सानिध्य में। हम आपको यकीन दिलाते हैं कि आपके नेतृत्व में हम युवा वर्ग बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, बिटीएमसी सदस्य अरविंद सिंह, महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल, वरिष्ठ नेता एलेक्जेंडर खान, युवा साथी शिवाजी पांडेय, दिनेश यादव, सागर श्रीवास्तव, आशीष पटेल और पिंटू कुमार सहित सैकड़ों युवा साथियों, जदयू नेताओं ने युवा संवाद में हिस्सा लेकर सफल बनाया।

पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का बयान झूठ का पुलिन्दा है। डाक्टर विजय

किशनगंज 24 जुलाई (अली रजा)/ बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने किशनगंज दौरे पर मुस्लिम शेरशाह वादी बिरादरी पर जो तथ्य विहीन बयान दिया है उसका चौतरफा विरोध हो रहा है और लोग कड़े शब्दों में उनके उस बयान की निन्दा कर रहे हैं। आज यहाँ जन स्वराज पार्टी के नेता एवम समाज सेवी डाक्टर विजय कुमार ने भी उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें पूर्व मुख्य मंत्री जितन राम मांझी ने सीमांचल में बसने वाले शेरशाह वादी बिरादरी के लोगों को देश से बाहर का बताया

है। डाक्टर विजय कुमार ने जोर देकर कहा कि श्री मांझी खुद को दलितों का नेता के तौर पर पेश करते हैं मैं श्री मांझी से पूछना चाहता हूँ कि वह एक भी ऐसा कोई काम बतायें जो उन्होंने दलित के हित में किया हो । डाक्टर विजय कुमार ने कहा कि वह तो मुख्य मंत्री नितिश कुमार का जितन राम मांझी पर एहसान था कि उन्हें मुख्य मंत्री बना दिया मगर जितन राम मांझी ने श्री नितिश कुमार को उस एहसान के बदले धोका दिया। उन्होंने कहा कि श्री मांझी को कोई भी बयान देने से पहले उसकी सच्चाई जान लेनी चाहिए। डाक्टर विजय ने कहा कि श्री जीतन राम मांझी ने एनडीए में जाते ही सूर बदल लिये हैं।और एक झूठ का पुलिन्दा बयान देकर शेरशाहवादी बिरादरी के भाइयों को गहरा ठेस पहुंचाया है जिसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पूर्व सीमांचल में श्री मांझी का बयान एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है जिसे बखूबी समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव के पूर्व ऐसे ऐसे झूठे मुद्दे बना कर लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है ताकि वोट की राजनीति में ध्रुवीकरण हो सके मगर जनता अब जागरूक हो चुकी है उनकी और उनके सहयोगियों की झूठ अब चलने वाली नहीं है।

आयुष विभाग की तरफ से ओल्ड एज होम में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/हजारीबाग– जिला संयुक्त औषधालय आयुष भवन सदर अस्पताल कैंपस हजारीबाग के द्वारा वृद्धाआश्रम एसपी कोठी के बगल में दीपू गढ़ा हजारीबाग में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग रांची के ज्ञापांक संख्या - 2130/(आयुष) के आदेशानुसार राज्य के सभी सुदूर गांव और वृद्धा आश्रम में आयुष स्वास्थ्य शिविर लगाना है । जिला संयुक्त विद्यालय हजारीबाग के ज्ञापांक संख्या- (169) में आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों एवं योग शिक्षको का प्रतिनियुक्ति सप्ताह में एक दिन किया गया है,जिसमे सुबह नौ बजे से योग शिक्षक के साथ वृद्धा आश्रम पहुंचकर सभी लोगो को एक घंटे योगा करवाना है,उसके बाद उन सभी बायो वृद्ध महिला पुरुष का आयुष चिकित्सक के द्वारा उनका स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच करना है। शिविर में बीस बायो वृद्ध महिला पुरुष का हुआ शारीरिक जांच-आज के आयुष स्वास्थ्य शिविर में प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुभद्रा कुमारी के निगरानी में जांच शिविर का आयोजन किया गया,जिसमे आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ आनन्द कुमार शाही के द्वारा वृद्धा आश्रम में शिविर लगाकर होमियोपैथिक दवा का वितरण किया गया,साथ ही बीपी,शुगर की भी जांच किया गया, डॉ आनन्द शाही ने शिविर जांच में देखा की बीपी, ज्वाइंट में दर्द,कमजोरी,कमर दर्द मरीज ज्यादा पाए गए ,उनका दवा भी दिया गया और उनको खान पान रहन सहन के बारे में भी बताया गया,योग शिक्षक इंद्रजीत पांडेय के द्वारा स्वास्थ्य रहने के लिए एक घंटे योग कराया गया।

कटिहार में संदेहास्पद स्थिति में बैंक मैनेजर का मिला शव, परिजनों ने 2 लोगों पर हत्या की आशंका, पुलिस तफ्तीश में जुटी

दैनिक शुभ भास्कर/ जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/नगर थाना क्षेत्र के भगवान चौक स्थित भाई के घर से संदेहास्पद स्थिति में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक मैनेजर अजीत कुमार का शव मिला है। मृतक सहरसा में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। रविवार को सहरसा से अपने दो अन्य बैंक कर्मी सहयोगी के साथ वह कटिहार पहुंचे थे। उनका ससुराल अमदाबाद प्रखंड है। रात होने के कारण भगवान चौक स्थित अपने भाई के घर पर रहने के लिए चले गए। सोमवार का उसका शव संदेहास्पद स्थिति में मिला। मृतक की पत्नी ने उनके साथ कटिहार पहुंचे दो बैंक कर्मी सहयोगियों पर हत्या का आरोप लगाया है। इधर एसडीपीओ ओमप्रकाश ने बताया कि मामला नॉर्मल मौत लग रहा है। लेकिन उनकी पत्नी और परिजनों के द्वारा इस मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। जिस पर पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण का खुलासा। मामला हत्या से जुड़ा होगा तो इस बिंदु पर भी जांच की जा रही है।

मणिपुर हिंसा के विरूद्ध किशनगंज में एआईएमआईएम ने कैंडल मार्च निकाला

किशनगंज 24 जुलाई (अली रजा)मणिपुर में हो रही लगातार हिंसा व महिलाओ के साथ शर्मसार कर देने वाली घटना के विरोध में AIMIM किशनगंज ,युवा टीम द्वारा एक शांतिपूर्वक कैंडल मार्च निकाला गया, और ये मांग की गई की दोषियों को बख्शा ना जाए और कठोर से कठोर कार्रवाई की जाये और साथ ही मणिपुर के मुख्यमंत्री अपने संवैधानिक पद से इस्तीफा दे।एम आई एम युवा नेता वसीद आलम ने कहा कि मोदी सरकार में थोड़ा भी गैरत बची है तो मणिपुर की बेटियों के साथ इंसाफ करें।

कार्यक्रम हमारे विद्यालय का एक छात्र डॉक्टर बनकर समाज की सेवा कर रहा है.

जवाहर नवोदय विद्यालय, किशनगंज में रंगारंग कार्यक्रम के साथ 32वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन हुआ

किशनगंज 24 जुलाई (अली रज़ा) 32वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज नवोदय विद्यालय, किशनगंज में रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुई। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय समिति, पटना संभाग, पटना, रांची, वर्दवान और कटिहार के विभिन्न समूहों के 82 स्कूलों के 180 एथलीटों ने भाग लिया। अंक तालिका में रांची क्लस्टर 494 अंकों के साथ पहले स्थान पर, कटिहार क्लस्टर 282 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर, पटना क्लस्टर 190 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर और बर्दवान क्लस्टर 110 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। पदकों की संख्या में रांची क्लस्टर अव्वल रहा।ओवर ऑल चैंपियन का खिताब रांची क्लस्टर को दिया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र एवं किशनगंज के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. इकबाल हुसैन थे। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए नवोदय विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मेराज आलम ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज हमारे विद्यालय का एक छात्र डॉक्टर बनकर समाज की सेवा कर रहा है. हम चाहते हैं कि हमारे स्कूल का हर बच्चा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करे।डॉ. इकबाल हुसैन ने कहा कि अगर उन्होंने नवोदय में पढ़ाई नहीं की होती तो आज यहां खड़े नहीं होते। नवोदय की यह पहचान है कि यह अपना सारा समय सफल व्यक्ति तैयार करने में लगा रहा है। विशिष्ट अतिथि वकार अकरम ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि मोबाइल फोन और नशे से दूर रहकर ही आप एक सफल इंसान बन सकते हैं.मंच संचालन श्री संजीव कुमार ने किया। इस क्षेत्रीय मीट का सफल आयोजन पीईटी के पूर्व अध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, पुरस्कार विजेता, टाटा स्टील के अधिकारी सिकंदर महतो, जेएनवी किशनगंज के पीईटी, श्रीमती कल्पना कुमारी सिंह, श्री बीके मंडल, अंतिमा कुमारी और अन्य स्कूलों के पीईटी ने इस कार्य में सहयोग किया।

सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिये समाज के हर तबके को आगे आना होगा। थाना प्रभारी कोचाधामन

किशनगंज 24 जुलाई (अली रजा) किशनगंज जिला के कोचाधामन थाना परिसर में समाजिक जागरुकता पर कोचाधामन थाना प्रभारी श्री मोहम्मद आरिज अहकाम की अध्यक्षता में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस, सामाजिक संगठन. जनप्रतिनिधि वगैरह ने शिरकत की। इसी सेमिनार के दौरान 3 मामलात को सुना गया और थाना प्रभारी ने निष्पादन भी किया। राहत संस्था आई पार्टनर और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कानून से संबंधित मुद्दों. मानव तस्करी घरेलु हिंसा, दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध की रोक थाम पर विशेष चर्चा हुई। थाना प्रभारी श्री आरिज अहकाम ने कहा के प्रेम प्रसंग कर बच्चियां को दूसरी जगह ले जाते हैं और गलत कामों में लगाया जाता है। घरेलु हिंसा मामलात काफी बढ़ा है. निकाह कर

के लंबे समय तक छोर दिया जाता है।और जब विदाई का वक्त आता है तो दहेज की मांग होती है।और विदाई नहीं हो पाती है।लिहाजा समाज के सभी तबकों को ईस तरह की चीजों की रोकथाम के लिए आगे आना होगा। ईस अवसर पर राहत संस्थान की सचिव डॉक्टर फरजाना बेगम ने कहा के हर ब्लॉक और थाना मैं परामर्श केंद्र हो ताकी कोई भी मामलात हो तो परामर्श करने से सही नतीजे पर पहुंचा जा सके। साधन सेवी श्री पंकज झा ने बच्चों के अधिकार पर जानकारी दी और कहा कि बालसंरक्षण समिति हर ग्राम और पंचायत मैं है उसे मजबूत किया जाए। इन्जीनियर शादाब अख्तर ने कहा के सभी को शिक्षित होना होगा. बच्चों को तालीम दें और आगे बढ़ाने में अभिभावक लगे रहें तभी सामाजिक कुरीतियां समाप्त होंगी। दरोगा अंजनी कुमार ने कहा कि सभी चौकीदार अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को देखे। ईस अवसर पर राहत के कर्मियों में कपिल, रवि, सहेली, मिन्हाज, करण, शाईस्ता,और जिला परिषद सदस्य फैजान आलम, वार्ड सदस्य मुर्शिद आलम वगैरह मौजूद थे।

ख़ास ख़बर

विद्युत विभाग ने चलाया जबरदस्त चेकिंग अभियान

सिकंदरपुर,बलिया।बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को जारी रखते हुए बिजली विभाग ने सिकंदरपुर के विभिन्न गांवों में चेकिंग अभियान जारी रखा। बताते चलें कि अवैध विद्युत कनेक्शन तथा बड़े बकायेदारों के खिलाफ विद्युत विभाग द्वारा जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सिकंदरपुर के विभिन्न गांवों रहीलापाली तथा मुड़ियापुर जितने भी बकायेदार थे उनका कनेक्शन काट दीया गया। वहीं लगभग ?60000 की बकाया वसूली भी किया गया। इस दौरान एसडीओ अजय सरोज, जेई सिकंदरपुर जितेंद्र कुमार,जेई गौरा मदनपुरा मनोज यादव,राजेश यादव, कमलेश यादव,अभिषेक टीजीटू,रंजीत टीजीटू,निलेश पाण्डेय मीटर परीक्षण,उमेश यादव,विवेक संजय पाल, प्रदीप, रामनिवास, आकाश आदि शामिल रहे। एसडीओ अजय सरोज ने बताया कि अवैध रूप से कनेक्शन धारियों के खिलाफ यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि लगभग 65 घरों में मीटर, अंदर लगा हुआ था जिसे बाहर किया गया और 45 नया मीटर लगाया गया।

यातायात पुलिस ने गांधी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को दी, यातायात नियमों की जानकारी

सिकन्दरपुर, बलिया: स्थानीय गांधी इंटर कालेज में परिवहन विभाग के तत्वावधान में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत सोमवार को यातायात निरीक्षक रूद्र प्रताप मल्ल ने छात्र-छात्राओं को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए प्रेरित किया। कहा कि आपका जीवन आपके व आपके परिवार के लिए अमूल्य है। उन्होंने हेलमेट या सीटबेल्ट पहनने, ट्रेफिट लाइट का पालन करने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने, क्षमता से अधिक सवारी न ढोने और बिना लाइसेंस के वाहन का संचालन न करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सडक़ पर जब भी निकलें यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें।यातायात नियमों के अनुसार सही दिशा से आवागवन करने पर दुर्घटना का खतरा नहीं रहता। छात्र-छात्राएं जब भी सडक़ पार करें यह अच्छे से सुनिश्चित कर लें कि कोई वाहन तो नजदीक में नहीं आ रहा है। यदि कोई वाहन आता नजर आए तो रुक लेना चाहिए। वाहन के गुजरने पर ही सडक़ को पूरी सजगता के साथ पार करना चाहिए। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय राय, सुनील पाण्डेय, सुनील वर्मा, अखिलेश राय, राजेंद्र सिंह, ज्ञान प्रकाश राय बबलू आदि मौजूद रहे।

शेल्टर होम में हुई बाल समिति की बैठक

दैनिक शुभ भास्कर/ विशाखा व्यास/राजस्थान/ उदयपुर/ विभाग को लेकर रहा आक्रोश-लवीना विकास सेवा संस्थान द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम, ओंगना में बाल समिति की बैठक का आयोजन संस्थान निदेशक भरत कुमार पूर्बिया की अध्यक्षता में हुआ।बैठक में डालूराम गरासिया ने कहा कि वे अब नियमित रूप से विद्यालय अध्ययन करने जायेंगे।जगदीश गरासिया ने कहा कि विभाग ने सुरेश गमेती को कोटडा ट्रांसफर कर शिक्षा से वंचित किया उस तरह का अन्याय हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।।बैठक में सुरेश गमेती ने बताया कि सहायक निदेशक के दबाव से मेरी पढ़ाई बीच मे छूट गई है ईश्वर सब देख रहा है।रोहित बुम्बरीया ने बताया कि विभाग द्वारा विद्यालय में नवप्रवेशित विवेक गरासिया को जबरदस्ती दबाव बना उदयपुर स्थानांतरित करना हम बच्चों के साथ अन्याय है।संस्थान निदेशक भरत कुमार पूर्बिया ने बाल समिति को भरोसा दिलाया कि अब कोई भी बालक शिक्षा से वंचित नहीं होगा।व्यवस्थापिका प्रमीला पूर्बिया ने सभी बालको अच्छे से पढ़ाई कर आगे बढ़ने का सुझाव दिया।

बिहार का अति प्राचीन अरेराज सोमेश्वर नाथ मंदिर मे जलाभिषेक के लिए सोमवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की लगी है कतार

मोतिहारी ,अशोक वर्मा/ अरेराज बाबा सोमेश्वर नाथ की नगरी में देर रात से ही हो रहा हैश्रदालुओं का आगमन ।उत्तर भारत और नेपाल के करोड़ों शिवभक्तों के आस्था और श्रद्धा का केन्द्र देव चन्द्रमा द्वारा स्थापित ऋषि मार्कण्डेय द्वारा अभिमंत्रित मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं माता जानकी तथा पाण्डवों के अज्ञात वास मे पूजित पंचमुखी ज्योर्तिलिंग महादेव सोमेश्वर नाथ के जलाभिषेक हेतू कल देर रात से ही श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया है ! नगर पंचायत द्वारा देर रात तक मेला क्षेत्र की सफाई की जाती है और हरदियाँ चौक-योगीयार-अस्पताल मारकण्डेय चौक होते हुए तिलावे के उत्तर दिशा में महिला एवं पुरुष दर्शनार्थियों को कतार बद्ध तरीके से जलाभिषेक दर्शन की व्यवस्था की जाती है । इस बार सावन दो महीने का है और डोरी गंज पहलेजा घाट - नारायणी आदि पवित्र नदियों से जल भरकर नाचते - गाते देर रात को अरेराज के विभिन्न पड़ाव स्थलो पर अपने वाहन को रखकर पैदल मंदिर की ओर जय शिव का जाप करते हुए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है ! स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार- नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी निखिल कुमार- अनुमण्डल आरक्षी पदाधिकरी रंजन कुमार -स्वच्छता के ब्रांड एंबेस्डर विजय अमित - निओनी एनजीओ प्रबंधक विशाल कुमार - दर्जनों सफाई योद्वाओं तथा मंदिर प्रबंधन के धीरज श्रीवास्तव के साथ रेफरल अस्पताल के चिकित्सा कर्मियों के सहायता केन्द्र-द्वारा आए हुए भक्तों को भरपूर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि इस प्राचीन मंदिर में धरातल से 10 फीट नीचे प्राचीन शिवलिंग स्थापित है ऐसी मान्यता है कि राजा रामचंद्र जनकपुर धाम से सीतामढ़ी से शादी उपरांत लौटते हुए मां जानकी सीता के साथ यहां पर जलाभिषेक किया था। हंसना कार्यक्रम रे आज भी या मंदिर लाखों करोड़ों लोगो को अपनी और आकर्षित करता है ।इस मंदिर में सालों भर लोगों का आना-जाना जारी रहता है। यहां पर जलाभिषेक करना अपना भाग्य समझते हैं । प्राचीन मंदिर मे कभी-कभी इतनी भीड़ हो जाती है कि प्रशासन को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मंदिर परिसर एवं पूरा अरेराज क्षेत्र का नजारा मेले का स्वरूप ले लेता है । काफी भक्तिमय वातावरण रहता है। सावन माह के आरंभ से मंदिर से झंकृत घंटी की आवाज , अगरबत्ती, चंदन आदि की खुशबू निकलती रहती है जिससे संपूर्ण वातावरण पवित्र एवं खुशबूदार बना हुआ हैं। पर्यावरण मे पवित्रता की बात ही कुछ और है। चारों तरफ अभी भक्ति, परंपरा, आस्था एवं विश्वास की खुशबू फैली हुई है। ढोल, मृदंग, शहनाई ,पांवरिया नृत्य जो चंपारण की समृद्ध संस्कृति है इसका अवलोकन अपने आप में अतिंद्रीय समान है।

अहंकार धार्मिक स्वरूप से अलग कर देती है- बीके मीणा, कलया ,नेपाल



अहंकार एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है "अपने आप को मानना" या "स्वाभिमान"। यह भावना व्यक्ति को उसके असली धार्मिक स्वरूप से अलग कर देती है और उसे अपने आप को सर्वोच्च और महत्वपूर्ण मानने की प्रवृत्ति होती है।अहंकार विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है। नीचे कुछ विभिन्न अहंकार के रूप दिए गए हैं- 1. बुरा अहंकार- यह रूप व्यक्ति को आत्म-मिथ्या के द्वारा दूसरों से बेहतर मानने की भावना देता है।

यह व्यक्ति को अन्य लोगों से ऊपर देखने के कारण दूसरों को अपमानित करता है और अक्सर उनसे दुर्व्यवहार करता है। 2. अधम अहंकार- इस रूप में, व्यक्ति अपने आप को हानि पहुंचाने वाला मानता है या उसका अहंकार उसके स्वयं के लिए हानिकारक बन जाता है। यह व्यक्ति के आत्म-विश्वास और सकारात्मकता पर बुरा असर डाल सकता है। 3. सत्त्विक अहंकार- इस रूप में, व्यक्ति को अपने कौशल, ज्ञान और गुणों पर गर्व होता है, लेकिन वह दूसरों को बेहतर नहीं मानता है। यह एक सकारात्मक अहंकार का रूप हो सकता है, जो व्यक्ति के आत्म-सम्मान और उत्साह को बढ़ाता है। 4. राजसिक अहंकार- इस रूप में, व्यक्ति को सत्ता, शक्ति और भोगों पर अत्यधिक आसक्ति होती है। यह रूप अहंकार को भयानक बना सकता है और व्यक्ति को अनियंत्रित बना सकता है। 5. अध्यात्मिक अहंकार- इस रूप में, व्यक्ति अपने आत्मा को अनंत और अविनाशी मानता है। यह रूप धार्मिक उन्नति के लिए प्रोत्साहित कर सकता है, लेकिन यह भी सत्त्विकता के साथ होना चाहिए, ताकि व्यक्ति विश्वास के साथ सभी के साथ और एकता में रह सके। यह सभी रूप अहंकार मनुष्य के स्वभाव का अंश हैं और समझने के लिए ध्यान और अनुभव की आवश्यकता होती है। एक सकारात्मक और संतुलित अहंकार, जो स्वाभाविक और सम्मानीय हो, व्यक्ति के सामाजिक और धार्मिक विकास को सहायता प्रदान कर सकता है। नीचे कुछ महान व्यक्तियों के अहंकार पर उनके कोटेशन प्रस्तुत किए गए हैं- 00. शिव भगवानुवाच- अहंकार पतन का जड हैं। निर्मान रहने वाला ही नव निर्माण कर सकता है। 1. महात्मा गांधी- "अहंकार और अन्याय का विच्छेद असम्भव है। जब हम अहंकार करते हैं, तो हम अन्याय करते हैं।" 2. श्री रविशंकर- "जीवन में सबसे बड़ी समस्या अहंकार है। यह हमें खुद को सही मानने और अन्य लोगों को गलत मानने के लिए मजबूर कर देता है।" 3. स्वामी विवेकानंद- "अहंकार सबसे बड़ी दुर्बलता है। यह हमें अपने वास्तविक स्वरूप से दूर कर देता है और हमें असमंजस में डालता है।" 4. दलाई लामा- "अहंकार व्यक्ति को उसके सबसे बड़े शत्रु के पास ले जाता है- उसके आत्मा के पास।" 5. विक्रांत बत्रा- "जब अहंकार बढ़ जाता है, तो समझो कि सफलता डूब गई है।" 6. विलियम शेक्सपियर- "हमारा अहंकार हमें बहुत कुछ सिखाता है, लेकिन हमारे दोस्त हमें अधिक कुछ सिखाते हैं।" 7. अल्बर्ट आइंस्टीन- "अहंकार और आत्म-धृष्टता से बचो। सबकुछ जानने की कोशिश करो, लेकिन जानने की पूरी कोशिश मत करो।" 8. ब्रूस ली- "अहंकार से छुटकारा पाओ, अन्यथा यह तुम्हें हर चीज में बड़ा बना देगा और तुम्हारी खोखली बना देगा।" 9. अप्ज़ा अहाँ चित्रकार- "अहंकार बात करता है, संवेदना सुनती है। यह अन्तर देखने की कला को सीखना है।" 10. वर्ग विल्ड- "अहंकार न केवल अन्य लोगों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि खुद को भी नुकसान पहुंचाता है।" ये अनमोल विचार दर्शाते हैं कि अहंकार हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में एक बड़ी समस्या हो सकता है और इसे सफलता और खुशियों से दूर ले जाता है। समझदारी, संवेदनशीलता, और समरसता से हम अहंकार को परिभाषित कर सकते हैं और उसे सफलता और समृद्धि के पथ से हटा सकते हैं।

जीरो सांसद वाला आरजेडी पहले खुद का अपना ठौर तलाशे, पीएम बनाने का मुंगेरीलाल का हसीन सपना न देखें- प्रशांत किशोर

समस्तीपुर 24 जुलाई अशोक वर्मा/ प्रशांत किशोर ने तेजस्वी यादव और आरजेडी के नेताओं पर कसा तंज, कहा कि आरजेडी के 543 में जीरो सांसद हैं, खुद का ठिकाना तलाश करें और पीएम बनाने का सपना छोड़ दे, पिछली बार कुछ परिस्थितियों से 20-30 ज्यादा विधायक जीते जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनता दल पर हमला बोलते हुए कहा कि आज लोकसभा के 543 सांसदों में आरजेडी के जीरो सांसद हैं। कुछ लोगों को लगता होगा कि आरजेडी बहुत बड़ा दल है, लेकिन चुनाव की समझ हमको भी है, पिछले 10 सालों में हमने भी यही काम किया है। पिछले विधानसभा चुनाव में कुछ परिस्थितियां बन गई जिसके चलते उनके 20-30 विधायक ज्यादा जीत गए। अगर कोई अपने घर के बाहर प्रधानमंत्री की कुर्सी और उनका पोस्टर लगा दे तो इसका क्या मतलब है ? कल को अमेरिका के राष्ट्रपति की कुर्सी पर कोई किसी को बैठा दे तो इसका मतलब ये नहीं है कि आप अमेरिका के राष्ट्रपति बन जाएंगे। आज आरजेडी का खुद का ठिकाना नहीं है और वो देश का प्रधानमंत्री कैसे बनाएंगे? आरजेडी की राजनैतिक ताकत बस इतनी सी है कि वो अपना एक सांसद आज बिहार में जिता नहीं पा रहे हैं। तेजस्वी यादव को पता होना चाहिए कि देश की जनता बेवकूफ नहीं है। आरजेडी पार्टी हर राज्य में है।

"मौसमीं बीमारियों की रोकथाम हेतु सीएमएचओं ने ली समीक्षा बैठक"

दैनिक शुभ भास्कर/ सुनील कुमार मिश्रा/ राजस्थान/ उदयपुर/ वर्तमान वर्षाकाल में फैलने वाली मौसमीं बीमारियों से बचाव एवं उपचार हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 शंकर बामनिया द्वारा आज दिनांक 24.07.2023 को स्वास्थ्य भवन बड़ी में प्रसाविकाओं की बैठक ली गयी।

बताया गयी कि एएनएम, आशा एवं सीएचओं की टीमें मच्छरों के प्रजनन एवं ट्रांसमिशन श्रृखला को तोड़ने के लिये घर-घर सर्वे करेंगे एवं एण्टी लार्वल तथा एण्टी एडल्ट गतिविधियां सम्पादित करेंगी। अभियान के अन्तर्गत् अन्य विभागों मुख्यतया नगर निगम, पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग आदि का सहयोग लिया जायेगा। टीमों द्वारा घर-घर सर्वे कर बुखार के रोगियों की रक्त पट्टिका संचय की जायेगी। एण्टोमोलोजिकल सर्वे कर मच्छरों का घनत्व (हाउस ईण्डेक्स एवं ब्रुट्यु ईण्डेक्स) ज्ञात कर मच्छरो का प्रजनन रोका जायेगा। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 गजानन्द गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार के निरोगी राजस्थान अभियान के अन्तर्गत् वेक्टर बोर्न बीमारियों के रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु जिले में दिनांक 01.07.2023 से ''हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी'' अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमें मौसमीं बीमारियों, मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया स्क्रब टायफस आदि के प्रभावी नियन्त्रण एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।''हर रविवार मलेरिया एवं डेंगु पर वार'' के नारे के साथ आमजन को सचेत करने हेतु कहा गया हैं।टीमों द्वारा घर मालिको से आव्हान किया जा रहा हैं कि अपने घरों में कुलर, टंकी, फूलदान, परिंण्डे, फ्रिज ट्रे, नकारा सामान आदि में अधिक समय तक पानी जमा नहीं होने दिया जाये।

श्री मेवाड़ जैन युवा संस्थान का वन भ्रमण

दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर/मेवाड़ जैन युवा संस्था का वन भ्रमण नागफनी पार्श्वनाथ रखा गया जिसमें कुल 45 सदस्यों ने सहभागिता की सभी के द्वारा प्रभु पार्श्वनाथ की पूजा आराधना कर संस्थान ओर मानव कल्याण की मंगलकामनाये की संस्थान के सरंक्षक पारस सिंघवी एवम अध्यक्ष निर्मल मालवी द्वारा संस्थान की कार्यकारिणी बैठक की जिसमे संस्थान द्वारा आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा बनायी संस्थान के महामंत्री शांतिलाल गांगावत ने बताया कि आगामी समय मे सकल जैन समाज स्तर में प्रतिभा सम्मान समोराह रखा जाएगा संस्थान के उपस्थित प्रति सदस्य महानुभाव द्वारा संस्थान की उन्नति को लेकर अपने अपने विचार रखे मंत्री डॉ राजेश देवड़ा द्वारा संचालन ओर गौरव गनोडिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया वन भ्रमण संयोजक राजेश गदावत एवम पारस कुणावत द्वारा पिकनिक सफल बनाने और पधारने पर सभी का तहेदिल से आभार जताया उक्त जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी सी.पी.भोपावत ने दी है

मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना में उदयपुर जिले ने हासिल की 5वीं रैंक, संभाग में प्रथम स्थान

दैनिक शुभ भास्कर/विशाखा/व्यास/राजस्थान/उदयपुर/महाराणा भूपाल अस्पताल मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना अन्तर्गत मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना में राज्य स्तर से जारी जुलाई माह की रैंकिग में उदयपुर जिले ने 5 वॉ स्थान प्राप्त किया है तथा उदयपुर जिले ने संभाग में प्रथम रैंक प्राप्त की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उदयपुर डॉ शंकर बामनिया ने बताया कि जिला कलक्टर महोदय के निर्देशन में सीएमएचओं कार्यालय व जिला औषधि भण्डार गृह के स्तर से मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना की लगातार सघन मॉनिटरिंग के फलस्वरुप योजना में अच्छा प्रदर्शन रहा। जिला औषधि भण्डार गृह के प्रभारी डॉ मोहन सिंह धाकड ने बताया कि उदयपुर जिले में मेडीकल कॉलेज सहित कुल 162 चिकित्सा संस्थान है,राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना में कुल 8 बिन्दुओं के आधार पर रैंकिग का निर्धारण किया जाता हैः-1.संस्थानों पर वार्षिक मांग कि तुलना में उपलब्ध दवाओं कि संख्या, 2.ऐसी दवाईयां का प्रतिषत जो जिला औषधि भण्डार गृह पर उपलब्ध है लेकिन चिकित्सा संस्थानों पर उपलब्ध नही है।, 3.90 दिवस के बफर स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर।, 4.पिछ्लें महीने में कितने मरीजों को दवाईयां दी गई।, 5.डीडीसी के कार्य दिवसों की संख्या के आधार पर।, 6.ओपीडी पर्चियों का समय पर ई-औषधि सॉफ्टवेयर में इन्द्राज शुरु करनें के आधार,डॉ. धाकड ने बताया कि जिला औषधि भण्डार गृह द्वारा सघन अभियान चलाकर समस्त चिकित्सा संस्थानों पर समस्त दवाईयां की उपलब्धता सुनिश्चित की गई

बैठक सोमवारीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिला पदाधिकारी ने जिले के विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की

मोतिहारी 24 जुलाई अशोक वर्मा/ राधाकृष्णन सभागार ,में सभी विभागों के कार्य प्रगति का जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय संबंधित पदाधिकारियों के साथ सोमवारीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश देते हुए कहा कि भीषण गर्मी में जल स्रोत नीचे जाने के कारण संबंधित विभाग यथा पंचायती राज, पी एच ई डी, लघु जल संसाधन विभाग पानी की कमी न होने दें । ज़रूरत के अनुसार टैंकर के द्वारा लोगों तक पानी मुहैया कराई जाए । विशेषकर प्राथमिकता के आधार पर चिरैया, रक्सौल, लखौरा (मोतिहारी) में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ।

कृषि कार्य हेतु डीजल अनुदान के लिए दिशानिर्देश का पालन सुनिश्चित किया जाए ,साथ ही बंद पड़े नलकूपों को क्रियाशील किया जाए।कार्यपालक अभियंता भवन विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्राथमिकता सूची में शामिल भवनों की मरम्मती सुनिश्चित की जाए ।जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश देते हुए कहा कि जिलेभर के सभी स्कूलों का निरीक्षण सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जाए, जर्जर स्कूल भवनों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराई जाए ।सभी अंचलाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि बेतिया राज की भूमि की खरीद बिक्री नहीं हो सकती है , न ही दाखिल खारिज की जा सकती है।सभी लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी स्तर से लंबित मामलों का निष्पादन में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया ।जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को मृतकों के आश्रितों को शीघ्र भुगतान हेतु निर्देश दिया गया।विद्युत विभाग अंतर्गत पिपरा में पावर सब स्टेशन निर्माण हेतु जमीन का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया ,साथ ही अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि बिजली पोल लगाने में बाधा को दूर करना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रहित में नारी का योगदान विचार गोष्ठी का आयोजन डबरा में उपाध्याय मुनि श्री 108 विहसंत सागर महाराज द्वारा कराया

जया अग्रवाल दैनिक शुभ भास्कर /मध्य प्रदेश /ग्वालियर /डबरा/आगामी 12 अगस्त 2023 को उपाध्याय मुनि श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष में डबरा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाने वाला है इसकी जानकारी देखते हुए पर वर्षा योग समिति डबरा ने बताया की,गणाचार्य परम पूजनीय 108 विराग सागर महाराज जी के शिष्य उपाध्याय मुनि श्री 108 विहसंत सागर महाराज जी एवं मुनि श्री 108 विश्व साम्य सागर जी महाराज के सानिध्य में राष्ट्रहित में नारी का योगदान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समस्त भारत से हजारों की संख्या में गुरु भक्त उपस्थित हुए मुख्य रूप से प्रांत अध्यक्ष मोनिका जैन एडवोकेट भारत तिब्बत सहयोग मंच, ग्वालियर पार्षद प्रेमलता जैन ,धर्मेंद्र जैन, सिकंदर कंपू जैन मिलन अध्यक्ष अलका जैन, कृष्णा रावत, प्रमिला जैन, सुधा ब्रह्मकुमारी आश्रम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला बरैया, डॉ अंजलि भार्गव उपस्थित हुई।

आरोग्यमय वर्षा योग समिति द्वारा आचार्य विराग सागर जी महाराज का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन करके बड़ी ही भक्ति भाव से मेडिटेशन गुरु श्री विहसंत सागर जी महाराज की सभी भक्तों ने अष्ट द्रव से पूजा अर्चना की। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि नारी के बिना ,कोई भी कार्य नहीं हो सकता नारी का उत्थान आज के समय से नहीं नारी का उत्थान तो भगवान ऋषभदेव के समय से चला आ रहा है जैसे शरीर में नाभि का महत्व होता है वैसे ही देश में नारी का महत्व होता है। भक्तांबर मंडल सराफा बाजार , बहू मंडल, आदिनाथ मंडल, जागृति महिला मंडल द्वारा नारी शक्ति पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

युवा मंडल एवं वर्षा योग समिति द्वारा मंच की अध्यक्षता की गई, जिसमें मुख्य रूप से महावीर जैन, हेमंत जैन, राजीव जैन, रितेश जैन,विवेक जैन, दीपक जैन, संजय जैन, एवं समिति के अध्यक्ष विनोद शंघाई, महामंत्री नरेंद्र जैन नीरू, कोषाध्यक्ष कोमल चंद जैन, अतुल जैन आहार व्यवस्थापक, शास्त्री अनुराग जैन, अमन जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों एवं गुरु भक्तों का सम्मान बसंत जैन, संजय जैन, महावीर जैन, दिनेश जैन, महेंद्र जैन, जितेंद्र जैन, राजू जैन, ममता जैन, अंजू जैन, नीतू जैन, सविता जैन, ऋतु जैन, कसक जैन, संचिता जैन द्वारा मोमेंटम एवं शॉल भेंट करके किया गया।

ख़ास ख़बर

यातायात जागरूकता सम्बंधित पम्पलेट का किया वितरण

पीडीडीयू नगर/ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत दिन रविवार को पुलिस अधीक्षक चन्दौली अंकुर अग्रवाल के निर्देश के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन/नोडल यातायात सुखराम भारती के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण मुरारी शर्मा के नेतृत्व में प्रभारी यातायात रामप्रीत यादव मय यातायात पुलिस के एनएचएआई के सहयोगी कार्यदायी संस्थाओं वीसीआईपीएल और सोमा रोडीज के सहयोग से कटेसर और रामनगर इंडस्ट्रियल एरिया के पास वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगवा कर उन्हे लेन ड्राइविंग और लो बीम/ हाईबीम का प्रयोग करते वाहन चलाने हेतु जागरूक किया गया और साथ ही साथ यातायात जागरूकता सम्बंधित पम्पलेट का वितरण किया गया।उक्त जानकारी यातायात पुलिस चन्दौली द्वारा दी गई।

बाढ की स्थिति को देखते हुए बचाव व राहत कार्यो के प्रबन्धन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर/बाढ की स्थिति को देखते हुए बचाव व राहत कार्यो के प्रबन्धन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति जनपदस्तरीय अधिकारियों संग समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद मे बाढ प्रभावित होने वाले ग्रामो की जानकारी लेते हुए बचाव एवं राहत कार्यो के प्रबन्धन की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने जनपद आपदा नियंत्रण कक्ष को 24ग7 घण्टे संचालन का निर्देश दिया इसके साथ बाढ प्रभावित परिवारो को खाद्यान्न एवं अन्य राहत सामग्री हेतु प्रि-टेण्डरिंग की जानकारी ली। उन्होने नगरीय क्षेत्रो में नालो आदि की सफाई तथा जल भराव आदि की दशा में जल निकासी हेतु आवश्यक पम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चि कराने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होने तटबन्धो/बन्धो के कटान एवं दरार आदि को रोकने। नहर नालो से खरपतवार, भवन निर्माण समाग्री , मलबो को हटाये जाने सम्बन्धित कार्य, मार्ग मे आई दरारो, गढढो का भराव, डेऊेनेज , सीवरेज से मलबे की निकासी, बाढ प्रभावित क्षेत्रो के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सा0स्वा0केन्द्रो मे पर्याप्त वांछित दवाईयो की उपलब्धता, सर्पदंश की घटनाएँ बढने के कारण वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था , पशुओ के लिए चारे-पानी की व्यवस्था, जनपद में स्थापित बाढ चौकियों की 24 घण्टे क्रियाशीलता ,राहत एवं बचाव कार्यो हेतु नावो की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।बैठक मे बताया गया कि जनपद के सात तहसीलो यथा सैदपुर, जमानिया, सेवराई, मुहम्मदाबाद, कासिमाबाद, जखनिया एवं सदर मे कुल 82 अतिसंवेदनशील, 104 संवेदनशील एवं 387 सामान्य ग्राम है जो बाढ की स्थिति में प्रभावित हो सकती है। जनपद मे कुल 124 बाढ चौकियां बनायी गयी है। बाढ के दौरान आपदा से निपटने के लिए 197 मझोली एंव 104 बड़ी नावो, 27 गोताखोर, 364 नाविको को लगाया गया है। इसके अतिरिक्त 24 बाढ राहत केन्द्र, 29 शरणालयो की स्थापना की गयी है तथा बचाव राहत कार्य हेतु 517 आपदा मित्रो को तैनात किया गया है। बैठक मुख्य विकास अधिकारी संतोश कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

जेठमलपुर में हुए विवाद को लेकर लोगो ने प्रशासनिक जांच की मांग की

चंदौली- खबर यूपी के चंदौली से है सैयदराजा थाना क्षेत्र के जेठमलपुर गांव में 14 जुलाई को हुए मारपीट के घटना के बाद एक नया मोड सामने आया जहां सरकारी खाद गड्ढे जमीन के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई है कि मिनी आंगनबाड़ी के नाम पर जमीन कब्जा किए जाने का मामला सामने आया था इस बात का खंडन करते हुए दूसरे पक्ष के ओमकार राम ने बताया कि जो भी आरोप हमारे वह हमारे बच्चों पर लगे हैं सब बेबुनियाद है कुछ तथाकथित लोग मुझे झूठे मुकदमे में फसाने की कोशिश करते आ रहे हैं वही ओमकार राम ने बताया इस झगड़े का कारण बसंतू राम व संजय पर आरोप लगाया है जो हम पाटीदारों को आपस में लडवाकर कर तमाशा देख रहे हैं हमारी पुत्रवधू लक्ष्मीना देवी जो आंगनबाड़ी कार्यकत्री है जो बच्चों के पढ़ाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है इस विषय को लेकर हमने ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र से अवगत कराया था तो प्रधान जी ने कुछ मदद करते हुए आबादी की जमीन को कुछ लोगों ने चंदा लगा कर उस का निर्माण कराया था ताकि गांव के बच्चे उसमें शिक्षा प्राप्त कर सके लेकिन कतिपय लोग जालंधर राम सहित आधा दर्जन लोग लाठी-डंडे से लैस होकर हमारी बहू गीता देवी पर हमला बोल दिया इस मामले को लेकर हम लोगों ने स्थानीय ने थाने में तहरीर दी थी पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया ओमकार राम ने बताया कि बसंतू राम की जांच की जाए तो सारा दोषी उसी में पाया जाएगा क्योंकि हमारे बच्चों पर जो घर पर नहीं थे उस पर झूठा मारपीट का आरोप लगा दिया है प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि इस मामले में हम को न्याय चाहिए?

फेमस पूर्वांचल विकास संस्था का सांस्कृतिक कार्यक्रम पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह हुआ संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर फेमस पूर्वांचल विकास संस्था द्वारा आयोजित उत्कृष्ट नागरिक व छात्र सम्मान समारोह का कार्यक्रम शहर के एक निजी पैलेस में आयोजित किया गया था।

जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सपना सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात लूदर्स कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किये। तथा आए हुए अतिथियों के स्वागत में जनपद के मशहूर एंकर राकेश सिंह ने स्वागत गीत के माध्यम से सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि को संस्था प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह अध्यक्ष सारिका सिंह एवं पूर्व कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष अंबिका दुबे ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तथा ग्रीनमैन अरविंद आजाद ने मुख्य अतिथि को उपहार स्वरूप एक अशोक का पौधा भेंट किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सपना सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा एवं टैलेंट को प्रत्येक लोगों के सामने अवगत करना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में डांस कंपटीशन द्वारा बच्चों की प्रतिभा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में छात्राओं की संख्या अधिक देखकर मुख्य अतिथि श्रीमती सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं दी और कहीं की नारी शक्ति अब हर जगह अपनी प्रतिभा और टैलेंट की वजह से आगे हैं।

बतायी कि आज हमारे जनपद के जिलाधिकारी एक महिला है उप जिलाधिकारी भी एक महिला है तथा मैं स्वयं जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में हूँ।

मुख्य अतिथि के हाथों द्वारा प्रमाण पत्र व मेडल पाकर छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक बेहद खुश नजर आए। छोटे बच्चों के डांस कंपटीशन ने मुख्य अतिथि समेत आए हुए सभी अतिथियों तथा अभिभावकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम पर्यवेक्षक एवं डायट प्रवक्ता हरिओम प्रताप यादव ने कहा कि छात्रों द्वारा पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन के समानांतर सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा भी निखरती है,हर छात्र को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी रुचि लेनी चाहिए।

संस्था द्वारा नामित विभिन्न क्षेत्रों स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, संस्कृत, साहित्य, लेखन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पूर्वांचल के उत्कृष्ट 9 रत्नों को पूर्वांचल रत्न सम्मान से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में धर्मेंद्र मिश्रा, शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु सैदपुर डायट प्रवक्ता राजवंत सिंह,ब्लड बैंक गाजीपुर मेडिकल कॉलेज से साकेत सिंह, इंजीनियर सुरेंद्र प्रताप,डॉक्टर बीती सिंह, सूरज मौर्या मां शारदा ग्रुप ऑफ कॉलेज जलालाबाद दुल्लहपुर गाजीपुर सहित सभी पूर्वांचल रत्न से सम्मानित विभूतियों को पूर्वांचल रत्न सम्मान का स्मृति चिन्ह,अंग वस्त्रम व माल्यार्पण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।तथा सभी को अशोक का पौधा उपहार स्वरूप भेंट कर ग्रीनमैन अरविंद कुमार आजाद ने उन्हें हरित शुभकामनाएं दी। राज्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष अंबिका दुबे ने पूर्वांचल रत्न से सम्मानित विभूतियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि आप जैसे महानुभावों के पद चिन्हों पर चलकर एक नए भारत का निर्माण संभव है।

तत्पश्चात संस्था द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कलमकार बंधुओं को स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर संस्था अध्यक्ष ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी संस्था प्रबंधक अभिषेक सिंह एवं संस्था अध्यक्ष सारिका सिंह के इस नेक पहल की सराहना की। इस मौके पर हर्ष सिंह भाजपा युवा मोर्चा करंडा मंडल अध्यक्ष, विकास सिंह,व राजकीय आईटीआई कर्मचारी संघ अध्यक्ष संदीप यादव, एम आर डी पब्लिक स्कूल प्रबंधक श्री नाथ यादव, प्रधानाचार्य करुणासागर सिंह, डीओसी स्काउट नितेश यादव सहित सैकड़ो सम्मानित अतिथि मौजूद रहे।

शिवालयो पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ लाखों ने झुकाए शीश

सकलडीहा चंदौली तहसील अंतर्गत बरठी ग्राम सभा के कालेश्वर नाथ मंदिर पर श्रावण मास के सोमवार को लाखों भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए हैं शीश झुकाए आशीर्वाद ग्रहण की श्रावण मास प्रारंभ होते ही कावरिया भोले बाबा को जल चढ़ाने के लिए निकल पड़ते हैं जिनके उद्योग से समस्त वातावरण शिवमय प्रतीत होने लगता है जहां दूर-दूर से कांवरिया कंधे पर कावर लिए हाथों में गंगाजल के लिए बोल बम के जयकारे के साथ विभिन्न विभिन्न शिवालयों पर उपस्थिति होकर जल चढ़ाते हैं वही शिवालयों पर जल अर्पण करने के पश्चात देश में अमन चैन स्थापित करने की गुहार लगाते हैं इसी के साथ गांव गिराओ से छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक सावन के सोमवार के दिन शिवालय पर उपस्थिति होकर शिव की भक्ति के भाव विभोर होते हुए विभिन्न विभिन्न प्रकार से पूजन अर्चन करते हैं वह मन की मुरादे मांगते हैं इसी क्रम में सोमवार को तहसील सकलडीहा अंतर्गत चतुर्भुज पुर ग्राम सभा बर्फी के कालेश्वर नाथ मंदिर पर शिव भक्तों की हुजूम देखने को प्राप्त हुई जहां भारी संख्या में शिव भक्त भोलेनाथ को जल अर्पण कर रहे थे वही भांग धतूरा मदार के फूलों से भोलेनाथ का सिंगार कर रहे थे सुरक्षा के दृष्टिगत कोतवाली पुलिस द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे जहां भारी संख्या में पुलिस कर्मियों के साथ महिला पुलिस अधिकारी भी मौजूद रही वही प्रभारी निरीक्षण विमलेश कुमार मौर्य द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों की निगरानी करते हुए भोलेनाथ को जल अर्पण किया गया

सरकार के बड़े-बड़े दावों को झुठलाती हुई यह तस्वीर, जिले के अधिकारीयों की चुप्पी भ्रष्टाचार को दे रही बढ़ावा



पीडीडीयू नगर- सरकार के बड़े-बड़े दावों को झुठलाती हुई यह तस्वीर मुगलचक वार्ड नंबर 9 की है। जहां 5 वर्षों से तालाब, पोखरे, नालों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। 5 वर्षो में गंदगी का अंबार और दुर्वयवस्थाओ से नगर की दयनीय स्थिति सब एक दूसरे को दोषी बताते फिर रहे है। जहां नगर के लोगो का रहना दुस्वार हो चुका है आए दिन लोग गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं जिसे जिले के अधिकारी और जनप्रतिनिधि जान कर भी नजर अंदाज करने का कार्य पिछले 4 महिनों से कर रहे हैं। पूर्व में मुगलचक वार्ड नंबर 9 के पोखरे में से नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण चंद व मछली पालन ठेकेदार के मिलीभगत से जीर्ण तीर्ण जलाशय में से ठेकेदार द्वारा मछली निकालने के नाम पर सारा जल निष्कासन करा दिया गया। उस जलाशय में मरी हुई मछलियों को वैसे ही छोड़ दिया गया। दुर्गंध से परेशान लोगो के पूर्व में शिकायत करने पर पास के दूसरे नालें से मिश्रित तालाब का पानी को पोखरे में भरने का कार्य अधिशासी अधिकारी द्वारा कराया गया। जिससे यहां का वातावरण पूरी तरह से दूषित हो चुका है। पोखरे के विशाल दुर्गंध से बच्चे और बूढ़े भयंकर बीमारी से पीड़ित हो रहे है।

आस पास के इलाको में डायरिया, हैजा जैसे गंभीर बीमारी फैलने की आशंका जताई जा रही है। जिसकी जानकारी जिले के प्रत्येक अधिकारियों के पास है खाना पूर्ति के लिए ठेकेदार को अधिशासी अधिकारी द्वारा ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया। वर्तमान मे मुगलचाक पोखरे में बरसात का इकट्ठा पानी लोगो के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। आज यह मामला पिछले चार महीनों से गंभीर बना हुआ है। जिसमें



उत्तर प्रदेश के स्वच्छ भारत अभियान व अमृत सरोवर योजनाओं का पलीता लगा रहे चंदौली के अधिकारी और कर्मचारी एक तरफ सरकार को कागजों पर अपने कार्य दिखाने का कार्य कर रहे हैं। पीडीडीयू नगर की विकराल समस्याओं पर आवाज उठाने वाले समाजसेवियों के ऊपर नगर पालिका कार्यकाल में बैठे अधिशासी अधिकारी ईओ कृष्ण चंद द्वारा फ़र्ज़ी मुक़दमा सरकारी काम में ब्व्धान के नाम पर मुकदमा दर्ज कराया जाता है नगर की जनता ने कहा कि इस उक्त प्रकरण में जिले के किसी बड़े अधिकारियों द्वारा अब तक मौके का निरीक्षण तक नहीं किया गया जिसकी सम्पूर्ण जांच कराई जाए अधिशासी अधिकारी द्वारा सरकारी पद के दुरुपयोग व माफिया गिरी को बढ़ावा देने वाले नगर के अंदर 5 वर्षो में गंदगी का अंबार और दुर्वयवस्थाओ को प्रश्न्न देना तथा सरकारी धन का लूटपाट करना जिनकी नियति बन चुकी है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ नगर की जनता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से गुहार लगाई की विधि सम्मत कानूनी कार्यवाही की जाए अन्यथा नगर की जनता विशाल धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी।

यादव समाज के संगठित होने का लाभ सभी समाज और जातियों को मिलेगा- भरत यादव

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को बबेड़ी स्थित कैम्प कार्यालय पर हुई। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवम संगठन के संरक्षक हरिद्वार यादव ने मीडिया के सवाल पर जबाब में बताया कि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. राम अवतार यादव की मृत्यु के पश्चात अप्रैल 2021 में वर्तमान महामंत्री भरत यादव को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष पूर्णकालिक एक बैठक में चुना गया। जिसके उपरांत एक साल के परीक्षण काल में उनके कार्यों को देखते हुए एवं कर्तव्य निष्ठा के फल स्वरुप उनको जिला अध्यक्ष के रूप में जिला कार्यकारिणी द्वारा नियुक्त किया गया। जिसकी सूचना प्रदेश कार्यकारिणी को दी गई। सूचना के आधार पर प्रदेश अध्यक्ष ने भरत यादव को गाजीपुर के यादव महासभा का जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यादव समाज की एकता और मजबूती से ही राजनीतिक हिस्सेदारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे महासभा की मजबूती के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। और यादव समाज के संगठित होने का लाभ सभी समाज और जातियों को मिलेगा। सभा का संचालन करते हुए प्रवीण कुमार यादव ने जिला कार्यकारणी की मजबूती के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दिया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम विजय यादव ने कहा की संगठन के विस्तार पर विशेष रूप से जमीन से जुड़ कर कार्य करने की जरूरत है। वही जिला उपाध्यक्ष राम ज्ञान यादव ने कार्यकारिणी के विस्तार और नये पदाधिकारियों के मनोनयन पर कहा कि जल्द ही महासभा अगली बैठक में इस विषय पर कोई मजबूत निर्णय लेगी। हम लोग अब ज्यादा मजबूती से काम कर रहे है। और अपने समाज के प्रति जवाबदेही का भी ध्यान रख रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भरत यादव ने की। कार्यक्रम का संचालन संग्राम यादव सदर ब्लाक अध्यक्ष ने किया। इस मौके पर हरिद्वार यादव, भरत यादव, संग्राम यादव, रामज्ञान यादव, राम विजय यादव, प्रवीण कुमार यादव, मदन यादव, मंजय यादव, रामचंद्र यादव, पंकज यादव, मनोज यादव, कमलेश यादव, मार्कण्डेय यादव, राम जी यादव, डा.विनोद यादव आदि सजातीय बंधुओं की उपस्थित रही।

दक्षिण भारत की भौगोलिक यात्रा सकुशल संपन्न

चहनियां। चंदौली/ मॉ खण्डवारी पी जी कालेज चहनियां के एम0 ए0 भूगोल की दक्षिण भारत की भौगोलिक यात्रा सोमवार को सकुशल संपन्न हुई।सर्वप्रथम यात्रा पं0 दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से शुरू होकर तिरुपति शहर आंध्र प्रदेश पहुंची। जहां दो दिन में तिरूपति शहर का भ्रमण करते हुए तिरूमाला पहाड़ी पर श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर तिरूपति बालाजी का दर्शन किया। तत्पश्चात यात्रा पुनः ट्रेन द्वारा रामेश्वरम तमिलनाडु पहुंची, रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग का दर्शन करने के पश्चात सागर दर्शन, धनुष कोटी राम सेतु एवं रामेश्वरम के अन्य साइड सीन का भ्रमण किया। अगले दिन भारतवर्ष के दक्षिणी छोर कन्याकुमारी का भ्रमण एवं मीनाक्षी देवी मंदिर मदुरै का दर्शन किया, इसके पश्चात मदुरै से चेन्नई यात्रा पहुंची जहां एशिया के सबसे बड़े बीच मरीना बीच एवं चिपाक स्टेडियम का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चे जंगलों में भी गये।जहां कुछ विशेष तरह की जानकारी ली। ततपश्चात ट्रेन द्वारा वापस महाविद्यालय पर सकुशल पँहुचे।यात्रा के दौरान मुख्य रूप से प्रबंध निदेशक डॉ आशुतोष सिंह कैलाशी, निदेशक अवनीश सिंह, डॉ अजय सिंह, शिवकुमार सिंह, डॉ विनोद श्रीवास्तव, अनीश जायसवाल, आलोक सिंह, मंजूली सिंह, शालिनी शर्मा, अरूण गुप्ता, अभिषेक तिवारी, महीप मिश्र, मनोज, नरेन्द्र, रजनीश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

बयान इस बार भी किसानों को धान की रोपाई की उम्मीद नहीं है।

भाजपा के केंद्रीय मंत्री समेत जिला प्रशासन पर हमलावर रहे। मनोज सिंह डब्लू

सैयदराजा (चंदौली) किसानों की सिंचाई की समस्या को लेकर सपा के फायर ब्रांड नेता सोमवार को भी पुनः एक बार फिर जिला प्रशासन सहित चंदौली सांसद के साथ ही भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर हमलावर रहे। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री डा0 महेंद्र नाथ पाण्डेय के सिंचाई से जुड़े सभी दावों को खोखला करार दिया। कहा कि भाजपा के नेता मंच से किसानों के हक व हिस्से में बड़ी-बड़ी व लच्छेदार भाषण देते हैं, लेकिन किसानों के हक में इन्होंने कोई भी काम नहीं किया। यही वजह है कि नरायनपुर पम्प कैनाल नहर के टेल के किसान पिछले बार पानी के अभाव में धान के पौध नहीं लगा पाए थे। इस बार भी किसानों को धान की रोपाई की उम्मीद नहीं है। उन्होंने बताया कि इन दिनों नरायनपुर से निकली मुख्य गंगा नहर के टेल पर मौजूद किसानों के वीडियो लगातार वाट्स ऐप के जरिए प्राप्त हो रहे हैं। अब तक 50 से अधिक वीडियो प्राप्त हुए हैं। जो सिंचाई को लेकर किए गए बड़े-बड़े दावों की पोल खोलते हैं। कहा कि कुछ दिनों पूर्व नौ साल बेमिसाल के नारे के साथ केंद्रीय मंत्री डा0महेंद्र नाथ पाण्डेय ने प्रेसवार्ता कर यह दावा किया था कि 30 साल के लम्बे अंतराल के उपरांत स्व0 पं0 कमलापति त्रिपाठी द्वारा नरायनपुर पम्प कैनाल की जीर्णोद्धार किया गया है। साथ ही नरायनपुर पम्प कैनाल पर जाकर यह दावा किया कि सभी पम्प पूरी क्षमता से चल रहे हैं, जिससे किसानों की सिंचाई की समस्या नहीं होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। धान की फसल के पानी नहीं मिल पाने की वजह पीड़ा से कराह रहे किसानों का दर्द, भाजपा नेताओं के दावे की पोल खोल रहा है। बताया कि किसानों से बातचीत के दौरान बताया कि पिछले बार की तरह इस बार भी हम सभी के खेत खाली ही रह जाएंगे। सपा नेता मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि किसानों की पीड़ा जायज है, जिसे जानने व महसूस करने का प्रयास भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने नहीं किया। कहा कि सिंचाई को लेकर जिला प्रशासन की उदासीनता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नरायनपुर पम्प कैनाल के टेल तक पानी पहुंचाने के लिए जो भी कदम उठाने की जरूरत है। उसे जिम्मेदार अफसर फौरी-तौर पर उठाएं और टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने वीडियो संदेश डी0एम0 चंदौली, ए0डी0एम0 चंदौली के अलावा सिंचाई विभाग व अन्य जिम्मेदार अफसरों को भेजने की बात कही और चेताया कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसानों के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।